TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्ष: 27 अंक 216
सोमवार 01 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 34°C न्यूनतम 27°C

मूल्य 5 रुपए पृष्ठ-16 उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित www.tarunmitra.in

# बंगाल में बढ़ी राजनीतिक तपिश, टकराव चरम पर

## टीएमसी नेताओं पर हमले और कार्रवाई से गरमाया सियासी माहौल

**कोलकाता, 31 मई।** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक संघर्ष अब खुलकर सड़कों पर दिखाई देने लगा है। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के काफिले पर हुए हमले का विवाद अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि पार्टी के वरिष्ठ सांसद कल्याण बनर्जी के साथ कथित मारपीट की घटना ने राज्य की राजनीति को फिर गरमा दिया है। इसके साथ ही तृणमूल विधायक मदन मित्रा के आवास पर पुलिस की छापेमारी ने सियासी तापमान और बढ़ा दिया है। लगातार सामने आ रही घटनाओं ने यह संकेत दिया है कि बंगाल में सत्ता बदलने के बाद राजनीतिक टकराव का नया दौर शुरू हो चुका है।

रविवार को हुगली जिले के चंडीतला क्षेत्र में सांसद कल्याण बनर्जी एक ज्ञापन देने जा रहे थे। इसी दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। काले झंडे दिखाए गए और नारेबाजी शुरू हो गई। हालात अचानक तनावपूर्ण हो गए। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि विरोध प्रदर्शन के दौरान सांसद के साथ धक्का-मुक्की की गई और उनके सिर पर चोट पहुंचाई गई। घटना के वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। इससे ठीक एक दिन पहले सोनारपुर में अभिषेक बनर्जी के काफिले को भी विरोध का सामना करना पड़ा था। प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले पर अंडे और अन्य वस्तुएं फेंकी थीं। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन तृणमूल का आरोप है कि विपक्षी दलों से जुड़े लोग सुनियोजित तरीके से उसके नेताओं को निशाना बना रहे हैं। राजनीतिक तनाव के बीच कमरहाटी से विधायक मदन मित्रा के आवास 'उदय विला' पर पुलिस की कार्रवाई ने नया विवाद खड़ा कर दिया। पुलिस ने बंद पड़े परिसर का ताला तोड़कर तलाशी ली और कई दस्तावेज जब्त किए। बताया गया कि जमीन के स्वामित्व और निर्माण की वैधता को लेकर जांच चल रही है। हालांकि तृणमूल नेताओं का दावा है कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव बनाने के उद्देश्य से की गई है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि राज्य में नई सरकार बनने के बाद उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। पार्टी ■ शेष पेज 15 पर

### राजनीति विवाद
- अभिषेक के बाद सांसद कल्याण बनर्जी भी बने विरोध का निशाना
- एमएलए मदन मित्रा के आवास पर पुलिस की कार्रवाई से विवाद
- टीएमसी ने भाजपा पर लगाया राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप



## बंगाल में मंत्रिमंडल विस्तार आज, 35 मंत्री लेंगे शपथ

**कोलकाता, 31 मई।** पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के पूर्ण मंत्रिमंडल का गठन सोमवार को होने जा रहा है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने घोषणा की है कि मंत्रिमंडल विस्तार के तहत 35 नए मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। लोक भवन में सुबह 11 बजे आयोजित समारोह में राज्यपाल आरएन रवि नए मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। चार मई को हुए सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार बनी थी। इसके बाद नौ मई को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और पांच अन्य मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की थी। तब से मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा जारी थी। सूत्रों के अनुसार, हाल में मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश नेतृत्व की नई दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ हुई बैठकों के बाद विस्तार की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया।

## होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान सख्त अमेरिका को सैन्य चेतावनी



- जहाजों की आवाजाही के लिए ईरानी अनुमति को बताया अनिवार्य
- अमेरिकी प्रतिबंध बरकरार, क्षेत्र में बढ़ी समुद्री सुरक्षा चिंताएं

**लंदन, 31 मई।** दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों में शामिल होर्मुज स्ट्रेट को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता दिखाई दे रहा है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) नेवी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को केवल ईरान द्वारा निर्धारित मार्गों और उसकी मंजूरी के तहत ही आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। साथ ही अमेरिका को आगाह किया गया है कि यदि उसने इस क्षेत्र के प्रबंधन या जहाजों की आवाजाही में किसी प्रकार का हस्तक्षेप किया तो उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई की जाएगी।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सार्वजनिक समुद्री रेडियो चैनलों पर प्रसारित संदेशों में आईआरजीसी नेवी ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में मौजूद जहाजों को निर्देश जारी किए। इन संदेशों में कहा गया कि होर्मुज स्ट्रेट अभी भी नियंत्रित क्षेत्र है और वहां से गुजरने वाले जहाजों को निर्धारित नियमों का पालन करना होगा। ईरान का कहना है कि इन नियमों का उल्लंघन समुद्री सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। आईआरजीसी नेवी ने अपने संदेश में यह भी कहा कि अमेरिकी नौसेना यदि जहाजों की आवाजाही को नियंत्रित करने या क्षेत्रीय प्रबंधन में दखल देने का प्रयास करती है तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा। ■ शेष पेज 15 पर

## संक्षिप्त समाचार

### नई दिल्ली में 'डिफेंस मिनिस्टर्स डायलॉग' आज

**नई दिल्ली, 31 मई (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 01 जून को नई दिल्ली में अपने समकक्ष और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ इंडिया-ऑस्ट्रेलिया डिफेंस मिनिस्टर्स डायलॉग की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस डायलॉग में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में हुई प्रगति का आकलन किया जाएगा और आपसे सहयोग के नए रास्ते खोजे जाएंगे। चर्चा में रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने, सैन्य अंतर संचालनीयता बढ़ाने, उद्योग सहयोग और आपसी फायदे के क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा विकास पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा।

### असम के एक विद्यालय में पाकिस्तानी झंडा मिलने से तनाव

**कामरूप (असम), 31 मई।** असम के रंगिया क्षेत्र में स्थित निज हचंग प्राथमिक विद्यालय के परिसर में पाकिस्तानी झंडा मिलने से स्थानीय स्तर पर तनाव का माहौल बन गया। घटना सामने आने के बाद इलाके में लोगों के बीच आक्रोश देखा गया और प्रशासन ने तुरंत जांच शुरू कर दी है। इस बीच स्थानीय बजरंग दल इकाई ने रविवार को इस घटना के संबंध में 12 घंटा रंगिया बंद की घोषणा की है। बंद का प्रभाव भी कुछ हिस्सों में देखा जा रहा है। हालांकि, किसी भी अप्रिय घटना की कोई सूचना सामने नहीं आई है।

### रायसेन जिले की अंजना यादव ने माउंट एवरेस्ट पर फहराया तिरंगा

**भोपाल, 31 मई।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के ग्रामीण अंचल में साधारण परिवार में जन्मी अंजना यादव ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने अपनी अथक मेहनत, साहस और अटूट दृढ़ संकल्प के बल पर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर भारत का तिरंगा फहरा दिया है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंजना को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### कुशीनगर में बंधक नेपाल के 453 युवक युवती मुक्त कराए गए

**कुशीनगर, 31 मई।** स्थानीय पुलिस ने कुशीनगर जिले में नौकरी का झांसा देकर बंधक बनाकर रखे गए नेपाल के 453 युवक-युवतियों को मुक्त करा लिया है। सभी को एक किराए के मकान में जबरन रखा गया था। नेपाल दूतावास की सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। आरोप है इन सबको अच्छी नौकरी (रोजगार) और बेहतर कमाई का लालच देकर भारत बुलाया गया।

## सूर्या हत्याकांड का मुख्य आरोपी असद एनकाउंटर में ढेर



**गाजियाबाद, 31 मई।** खोड़ा क्षेत्र के चर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड में रविवार तड़के बड़ा घटनाक्रम सामने आया। 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या के मुख्य आरोपी और 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश असद को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। यह कार्रवाई वसुंधरा इलाके में उस समय हुई जब पुलिस को उसके भागने की तैयारी की सूचना मिली थी।

डीसीपी धवल जायसवाल के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि असद अपने एक साथी से पैसे लेकर शहर छोड़ने की फिराक में है। इसके बाद पुलिस की चार टीमों ने इलाके में घेराबंदी की। तड़के करीब चार बजे असद अपने एक साथी के साथ बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे ■ शेष पेज 15 पर

## चार राज्यों में एसआईआर शुरू, 3.68 करोड़ से अधिक मतदाता होंगे शामिल

**नई दिल्ली, 31 मई।** चुनाव आयोग ने ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण के तहत मतदाताओं का सर्वेक्षण और सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस चरण में 3.68 करोड़ से अधिक मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। आयोग ने कहा कि पात्र लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने और अपात्र व्यक्तियों को बाहर रखने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया शुरू की गई है। चुनाव आयोग ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 के तहत 14 मई 2026 को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण का आदेश जारी किया गया था।

# जनशक्ति से आगे बढ़ रहा है देश : मोदी

### मन की बात



- मन की बात में प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह
- समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान और खेलों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों का किया जिक्र

**नई दिल्ली, 31 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों से समाजहित में किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों को पहचानने, उनकी सराहना करने और स्वयं भी ऐसे अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत के गांवों और शहरों में अनेक प्रेरणादायी कार्य हो रहे हैं, जिनसे यह विश्वास और मजबूत होता है कि देश जनशक्ति के बल पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कई बार समाज में हो रहे अच्छे कार्यों की व्यापक चर्चा नहीं हो पाती, लेकिन ऐसे प्रयास देश की वास्तविक ताकत को दशार्ते हैं। उन्होंने लोगों से अपने आसपास समाजहित में काम कर रहे व्यक्तियों और संगठनों को प्रोत्साहित करने की अपील की।

कार्यक्रम में उन्होंने तमिलनाडु की शिक्षिका गिरिजा अम्मा का उल्लेख किया, जिन्होंने अपने स्कूलों के विद्यार्थियों को सैनिकों के सम्मान में प्रतिदिन एक रुपया योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस पहल से करीब 40 लाख रुपये की राशि एकत्र हुई। प्रधानमंत्री ने इसे देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने केरल के आलुवा में साजी वलाशेरिल द्वारा संचालित निःशुल्क तैराकी अभियान की भी सराहना की। साजी अब तक 15 हजार से अधिक लोगों को तैराकी का प्रशिक्षण दे चुके हैं, जिनमें दिव्यांग बच्चे भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि मजबूत इच्छाशक्ति और समर्पण की आवश्यकता होती है। पर्यावरण संरक्षण का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के युवाओं द्वारा मनोरमा नदी को स्वच्छ बनाने के अभियान की चर्चा की। उन्होंने गंगा डॉल्फिन संरक्षण के लिए चलाए गए विशेष बचाव अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि सामूहिक प्रयासों से प्रकृति और जैव विविधता की रक्षा संभव है। प्रधानमंत्री ने देश में खगोल विज्ञान के प्रति बढ़ती रुचि पर भी संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक एस्ट्रोनॉमी क्लब लोकप्रिय हो रहे हैं। विद्यार्थियों से उन्होंने छुट्टियों के दौरान किसी एस्ट्रोनॉमी क्लब या तारामंडल से जुड़ने का ■ शेष पेज 15 पर

# जनरल कृष्णा स्वामीनाथन बने देश के 27वें नौसेना प्रमुख, संभाली कमान

## ऑपरेशनल तैयारी और लड़ाई में असरदार होने का सबसे ऊंचा स्तर बनाने का आह्वान



**नई दिल्ली, 31 मई।** देश के 27वें नौसेना प्रमुख के तौर पर एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि वे अपनी जिन्दगी का हर दिन नौसेना को बेहतर, मजबूत, तेज और ज्यादा असरदार बनाने में लगाएंगे, ताकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रीय विकास के हितों की सेवा कर सके। उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता ■ शेष पेज 15 पर

### नए सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने भी कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली, 31 मई।** देश के तीसरे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के तौर पर जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन्स में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नए सीडीएस ने नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित किया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में बदलाव के लिए संगठनात्मक सुधार पर मुख्य फोकस होगा। आत्मनिर्भरता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा केंद्रीय स्तंभ है। हम अपने सशस्त्र बलों के लिए ■ शेष पेज 15 पर

## राजीव कृष्ण यूपी के पूर्णकालिक डीजीपी नियुक्त

**लखनऊ, 31 मई।** उत्तर प्रदेश में लगभग चार साल बाद पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिल गया है। राज्य सरकार ने 1991 बैच के आईपीएस और वर्तमान के कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण को उत्तर प्रदेश का पूर्णकालिक डीजीपी नियुक्त कर दिया है। इस आशय का आदेश रविवार शाम को अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से जारी कर दिया गया। दरअसल 11 मई 2022 को राज्य सरकार ने तत्कालीन डीजीपी मुकुल गोयल को उनके पद से हटा दिया था।

इसके बाद प्रदेश में कार्यवाहक डीजीपी ही बनाए जा रहे थे। इसको लेकर लगातार विपक्षी दल योगी सरकार को घेर रही थी।




मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

**सनातन संस्कृति में वृक्षों, पहाड़ों, नदियों और प्राणियों की पूजा की परंपरा रही है। वेदों में प्रकृति की पूजा को साक्षात ईश्वर की उपासना माना गया है।** प्रकृति के विभिन्न तत्वों यथा- अग्नि, वायु, जल एवं पृथ्वी को देव स्वरूप माना गया है। **5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस का अवसर वार्षिक औपचारिकता न होकर प्रकृति के प्रति हमारी साझी कृतज्ञता का ज्ञापन होना चाहिए।**

सनातन परंपरा में वर्णित **तीन ऋणों- देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण में देव ऋण का सीधा संबंध प्रकृति से है।** जल, वन, भूमि और समस्त सृष्टि का संरक्षण ही इस ऋण से उऋण होने का मार्ग है। हमारी संस्कृति में वृक्ष केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि देवत्व, जीवन, ज्ञान, स्वास्थ्य और लोककल्याण के जीवंत प्रतीक हैं। **कुछ दिन पूर्व ही लाखों माताओं और बहनों ने वट सावित्री व्रत रखा था। यह प्रकृति से हमारी संस्कृति के प्रगाढ़ संबंधों को दर्शाता है। छठ और महाकुम्भ जैसे महापर्व इसी अमूर्त आस्था के प्रतीक हैं।**

आज वृक्ष, जल संरक्षण और नदियों के पुनर्जीवन का संकल्प पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। **'जल है तो हम हैं'-यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि जीवन का सार है। पारिस्थितिकी के प्रति हमारी संवेदनशीलता का ही प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश में शेखा झील पक्षी अभयारण्य को मिलाकर रामसर स्थलों की संख्या 12 हो गई है।** प्रदेश सरकार की नदियों के पुनरुद्धार की 'एक जनपद एक नदी योजना' की सफलता दर्शाती है कि यदि समाज और शासन मिलकर प्रयास करें, तो प्रकृति को संरक्षित किया जा सकता है।

**मैं प्रदेश के युवाओं से विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि वे जल संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण और नदियों के संरक्षण का सशक्त आधार बनें।** युवा ऊर्जा और सहभागिता ही हरित एवं समृद्ध उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी शक्ति है। **प्यारे बच्चों, आपसे भी एक बात कहना चाहूंगा। हर वर्ष अपने जन्मदिन या किसी विशेष अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें।**

आइए, विश्व पर्यावरण दिवस पर हम सभी प्रकृति के संरक्षण, जलस्रोतों के संवर्धन और वृक्षों की रक्षा का संकल्प लें। सुरक्षित, स्वच्छ और समृद्ध पर्यावरण ही विकसित प्रदेश का आधार है।

आपका
योगी आदित्यनाथ



सुरक्षित पर्यावरण समृद्ध भविष्य
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

### पूर्व मत्स्य निदेशक की कार्यशैली पर सवाल,100 से अधिक सेवानिवृत्त कर्मियों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट

# सातवां वेतनमान अटका, पेंशन को तरसे बुजुर्ग

ब्रजेश त्रिपाठी

### हक की लड़ाई
- 30 से 36 वर्ष सेवा देने वाले कर्मियों को न पेंशन, न सेवानिवृत्ति लाभ
- सातवें वेतनमान पर विलंब का जिम्मेदार कौन, निदेशालय पर उठे सवाल



**प्रतापगढ़, 31 मई।** केंद्र और प्रदेश सरकार जहां वरिष्ठ नागरिकों तथा कर्मचारियों के कल्याण के लिए लगातार योजनाएं लागू करने का दावा कर रही हैं, वहीं उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक विकास अभिकरण के लगभग 100 सेवानिवृत्त कर्मचारी वर्षों से अपने अधिकारों के लिए भटकने को मजबूर हैं। सातवें वेतनमान, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से वंचित इन बुजुर्ग कर्मियों की स्थिति ऐसी हो गई है कि कई परिवार आर्थिक संकट और भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। शासन की स्पष्ट संस्तुतियों और उपलब्ध अभिलेखों के बावजूद उन्हें उनके वैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया, जिसके कारण अनेक परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मत्स्य विभाग के नियंत्रणाधीन 19 जनपदों में संचालित मत्स्य पालक विकास अभिकरण के कर्मचारी 30 से 36 वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए। सेवा काल में उन्हें पांचवें और छठे वेतन आयोग का लाभ तो दिया गया, लेकिन एक जनवरी 2016 से देय सातवें वेतनमान का लाभ आज तक नहीं मिल सका। इसके साथ ही बड़ी संख्या में कर्मचारियों को ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण और नियमित पेंशन जैसे सेवानिवृत्ति लाभ भी नहीं मिल पाए हैं।

मामले की गंभीरता इस तथ्य से समझी जा सकती है कि उत्तर प्रदेश शासन, वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 के पत्र संख्या 64/2016, वे०अ०-2645/10-04(एम), दिनांक 16 दिसंबर 2016 के संकल्प पत्र में अभिकरण कर्मियों को समान वेतनमान का लाभ दिए जाने की संस्तुति की गई थी। इसके अतिरिक्त 19 जनपदों की गवर्निंग बॉडी द्वारा भी समय-समय पर सातवें वेतनमान के पक्ष में प्रस्ताव पारित कर निदेशालय को भेजे गए थे। इसके बावजूद मामला वर्षों तक लंबित बना रहा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों का आरोप है कि तत्कालीन मत्स्य निदेशक एस. के. सिंह के कार्यकाल में इस प्रकरण पर अपेक्षित निर्णय नहीं लिया गया। ■ शेष पेज 15 पर

# करोड़ों की लागत से बने गरीबों के आवास महज 15 वर्षों में ही हुए खंडहर



**रायबरेली, 31 मई (तरुणमित्र)।** गरीबों के आशियाने अब खुद खतरे की घंटी बन गए हैं। शहर स्थित कांशीराम कॉलोनी के करीब 1800 आवास महज 15 वर्षों में ही जर्जर हो चुके हैं, जबकि इन आवासों का निर्माण लगभग 90 वर्ष की आयु को ध्यान में रखकर किया गया था। निर्माण विभाग की जांच में घटिया निर्माण सामग्री और गुणवत्ता की गंभीर खामियां सामने आने के बाद प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर नगर पालिका ने कॉलोनी के कई आवासों पर चेतावनी नोटिस चस्पा कर निवासियों को मकान खाली करने की सलाह दी है। कई भवनों के छज्जे और छतें टूटकर गिर चुकी हैं, जबकि दर्जनों मकान किसी भी समय ढहने की स्थिति में बताए जा रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि वर्षों से कॉलोनी की जर्जर हालत की शिकायतें प्रशासन और संबंधित विभागों से की जाती रही हैं, लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि गरीब परिवार अपनी जान जोखिम में डालकर इन मकानों में रहने को मजबूर हैं।

कांशीराम आवास योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को ये मकान आवंटित किए गए थे। लेकिन आज यही आवास उनके लिए खतरे का कारण बन गए हैं। बरसात का मौसम नजदीक होने के चलते हादसे की आशंका और भी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि तेज बारिश या आंधी के दौरान किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद प्रशासन ने जर्जर भवनों को लेकर गंभीरता दिखाई है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए ये आवास महज 15 वर्षों में ही खंडहर जैसी स्थिति में कैसे पहुंच गए। अब जरूरत है कि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और जिम्मेदार अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों की जवाबदेही तय करने की दिशा में

**● नगर पालिका ने काशीराम कॉलोनी के कई आवासों पर दी चेतावनी नोटिस, मकान खाली करने के निर्देश**

ठोस कदम उठाए जाएं। पूरा मामला रायबरेली शहर की कांशीराम कॉलोनी से जुड़ा है, जहां हजारों लोगों की सुरक्षा और आवास का संकट प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़ा हो गया है।

**साल 2010 में गरीबों के लिए काशीराम योजना के तहत बनाई गई थी कालोनियां**

साल 2010 में सूबे की निवर्तमान मुख्यमंत्री मायावती ने कांशीराम योजना के तहत कालोनियां बनवा कर गरीबों के रहने की व्यवस्था कराई थी, लेकिन अभी 16 साल भी नहीं बीते हैं कि कॉलोनी पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। छज्जे गिर रहे हैं, छत की सरिया व गिट्टियां गिरकर छत को कमजोर कर रहे हैं। तेज आंधी और पानी बरसने पर मोहल्ले के लोग कॉलोनी छोड़कर मैदान में खड़े हो जाते हैं। मात्र 15 साल में ही कॉलोनी का जर्जर हो जाना भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा है।

# कांग्रेसियों ने मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**रायबरेली, 31 मई (तरुणमित्र)।** लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर जी की जयंती पर कांग्रेस कार्यालय तिलकभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा की महारानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की एक कुशल, न्यायप्रिय और लोकप्रिय आदर्श शासक एवं राजनीतिक प्रशासक रही हैं, वह एक लोक कल्याणकारी शासक थीं, जिन्होंने अपने राजकोष का अधिकतम संभव सदुपयोग जनहित के कार्यों और धर्म कार्य के लिये किया।

दरअसल वह अपने को शासक नहीं, ईश्वर की सेविका मानती थीं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन जनकल्याण के लिये समर्पित कर दिया, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा के साथ ही उनकी शिक्षा सहित सशक्तिकरण हेतु काम किया। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा की भेदभाव रहित होकर जनता की सेवा के चलते अहिल्याबाई को लोक माता कहा गया। उन्होंने जातीय और साम्प्रदायिक सौहार्द के लिये जिस तरह काम किया, उससे इतिहास में उनकी छवि सांस्कृतिक पुनर्जागरण एवं पुनरुत्थान के साथ साथ एक सेकुलर या धर्मनिरपेक्ष शासक की रही है। सभी धर्मों के लोगों को उन्होंने समान रूप से संरक्षण दिया और सबके न्यायोचित हितों का ध्यान रखा, कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने कहा की महारानी अहिल्या बाई होल्कर सामाजिक एवं साम्प्रदायिक सद्भावना की मिसाल जैसी शासिका रहीं। अपने शासन काल में उन्होंने सोमनाथ, बद्रीनाथ, मथुरा, अयोध्या, केदारनाथ, रामेश्वर एवं गया के विष्णुपद मंदिर सहित जहां हजारों मंदिरों का निर्माण या जीर्णोद्धार कराया और धर्मशालाएं, प्याऊ एवं कुओं एवं तालाबों का लोकहित में निर्माण कराया, वहीं काशी में मध्यकाल में थोड़े गये विश्वनाथ मंदिर पुनर्निर्माण सहित घाट, दीप स्तम्भ, कुंड आदि बनवाये। इसके बावजूद काशी में पुराने विश्वनाथ मंदिर पर बनी ज्ञानवापी की मस्जिद की जगह किसी तोड़ फोड़ के टकराव की जगह उसके बगल में उन्होंने नये विश्वनाथ मंदिर का निर्माण विद्वत सभा के विमर्श से करवाया था। इस तरह धर्म और संस्कृति के लिये भी काम किया, तो टकराव एवं द्वंद्व को कहीं आमंत्रित किये बिना और समाज में सद्भाव एवं भाईचारे को आहत किये बिना।

अपनी इस तरह की रीति नीति के चलते अहिल्याबाई सर्व समाज के विश्वास की प्रतिनिधि शासिका रहीं। फलतः लोकजीवन में उनके प्रति व्यापक समादर का भाव रहा है।

काशी में मणिकर्णिका घाट पर उनकी प्रतिभा स्थापित थी, लेकिन यह दुर्भाग्य का विषय रहा कि पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार ने विकास के नाम पर उस हेरिटेज स्थल पर भारी तोड़ फोड़ के क्रम में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा तक भी तोड़ दी, जिसकी जन-मानस में तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। शासन प्रशासन ने विरोध बढ़ने पर उसके लिये खेद जताने की जगह पूरे मामले को नकारने की ही कोशिश की।

इस तरह अहिल्याबाई होलकर का एक राजतंत्रीय शासक के रूप में भी जीवन, कृतित्व एवं यश लोकतांत्रिक आदर्श, सामाजिक समरसता एवं समावेशी भावना की नजीर रहा है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था में काम करते हुये भी नफरत और विभेद की राजनीति करने वालों सबक लेना चाहिए। दूसरी ओर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में समरसता भाव से काम करने वालों को उनसे समावेशी एवं सद्भावना युक्त राजनीति की प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिये। इस अवसर पर विजय शंकर अग्निहोत्री, राजकुमार दीक्षित, जे पी त्रिपाठी, सुनील सिंह भदौरिया, सूर्यकुमार बाजपेई, सर्वोत्तम मिश्रा, मनोज मिश्रा, आर के सिंह, अजीजुल हसन, शादाब खान, केसी शुक्ल, नितिन कुमार, मोहम्मद सुहैल, पोलू खान सत्येंद्र श्रीवास्तव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# नाग-नागिन के 21 बार डसने का दावा, बुजुर्ग महिला जिला अस्पताल में भर्ती

**रायबरेली, 31 मई (तरुणमित्र)।** फतेहपुर के चर्चित मामले के बाद अब रायबरेली में भी एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। प्रतापगढ़ जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के जुगाई का पुरवा गांव निवासी बुजुर्ग महिला सूरजकली ने दावा किया है कि उसे एक नाग-नागिन के जोड़े ने अलग-अलग स्थानों पर 21 बार डंसा है। महिला के अनुसार कभी जमीन पर चलने वाले तो कभी उड़ते हुए दिखाई देने वाले सांप ने उसे निशाना बनाया। उसने बताया कि हर बार सांप के काटने के बाद परिजनों ने उसका झाड़-फूंक भी कराया, लेकिन घटनाओं का सिलसिला नहीं रुका। बताया जा रहा है कि 22वीं बार सांप के काटने की आशंका के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद

**चर्चा का विषय बना मामला**

प्रतापगढ़ की बुजुर्ग महिला द्वारा नाग-नागिन के जोड़े के 21 बार डंसने का दावा क्षेत्र में कौतूहल और चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर भी इस घटना को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि मामले की तथ्यात्मक और चिकित्सकीय जांच आवश्यक है।

हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार चल रहा है। महिला के दावों को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हैं। हालांकि चिकित्सकीय और वैज्ञानिक दृष्टि से मामले की पुष्टि होना अभी बाकी है। स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सक महिला की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# सेवानिवृत्त 6 पुलिसकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



**रायबरेली, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में शनिवार को पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए छह पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्यों, समर्पण और विभाग के प्रति योगदान की सराहना की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने अपने सेवा काल में कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन किया है। विभाग उनके योगदान को सदैव याद रखेगा। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए अनुभव साझा किए तथा उनके स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं।

# पंजाब के नगर निकाय चुनाव में जीती आप, कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

**रायबरेली, 31 मई (तरुणमित्र)।** पंजाब के नगर निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी को मिली जीत के बाद कार्यकताओं ने खुशी मनाई। जिले में कार्यकताओं ने खुशी मनाते हुए आपस में मिठाई बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। बता दें , नगर निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी की भारी जीत हुई है। भाजपा की जमानत तक जब्त हो गई है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की जीत पर जिले कार्यकताओं ने पार्टी कार्यालय में खुशी मनाई। प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्र मोहन सिंह ने कहा कि यह नगर निकाय चुनाव पंजाब में वैलेट पेपर से हुआ है शायद ईवीएम से होता तो पार्टी की भीबजीत नहीं हो पाती।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश वरिष्ठ कार्यकर्ता रामू दादा, जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष पुनीत, एडवोकेट अश्विनी, एडवोकेट कृष्णामोहन मिश्रा, एडवोकेट रवि द्विवेदी, एडवोकेट



**● वैलेट पेपर से हुआ पंजाब में नगर निकाय का चुनाव, तभी जीती आप: इंद्र मोहन सिंह**
**● पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने आपस में एक दूसरे को बांटी मिठाई और मनाई खुशी**

गोवर्धन पटेल, नीरज पटेल, नरेंद्र पटेल, पीके सिंह, मंगल कुरील, अनुज जायसवाल, सुभाष सोनी आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर उमड़ा जनसैलाब

**रायबरेली, 31 मई (तरुणमित्र)।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर वैष्णो नगर, 66 फुट रोड पीएसी रायबरेली में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं लोकमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ।



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शशिकांत शर्मा (प्रदेश सचिव, सपा), इं. वीरेंद्र यादव (जिलाध्यक्ष, सपा) एवं शिवमूर्ति सिंह 'राना' (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य) उपस्थित रहे। वक्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के सुशासन, जनकल्याणकारी कार्यों, धार्मिक आस्था और महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति और लोकसेवा की अमर प्रेरणा बताया।

कार्यक्रम के आयोजक रंजीत पाल (भावी जिला पंचायत सदस्य, राही चतुर्थ) ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन न्याय, सेवा और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण है। वहीं व्यवस्थापक अंजनी पाल ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

समारोह में डी.पी. पाल, पी.एल. पाल, सुशील धनगर, पीएम पाल, सोनू पाल, विनय, देशराज प्रधान

**● श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया समारोह**

प्रतिनिधि, शिवम पाल, राहुल मौर्य, नागेंद्र पाल, हरिओम, राजेंद्र पाल, संतोष, सिद्धार्थ पाल, रामसजीवन, हरी प्रसाद, मन्ना पाल, उमाशंकर, आशीष पाल, गोविंद पाल और राकेश पाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान लोगों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों पर चलकर समाजहित एवं जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक एकता का भाव देखने को मिला।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह से सुनी 'मन की बात'

**लालगंज, रायबरेली, 31 मई (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 134वां एपिसोड भाजपा कार्यकर्ताओं ने लालगंज क्षेत्र में सामूहिक रूप से सुना। भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि 'प्रधानमंत्री ने गर्मी से बचाव के लिए जो देसी पेय गिनाए, वह हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। आम पन्ना, सत्तू, बेल शरबत को बढ़ावा देकर हम स्थानीय उत्पादों को भी मजबूती देंगे। पीएम द्वारा 100 मीटर रेस में रिकॉर्ड तोड़ने वाले गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर से बातचीत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री का खेल और युवाओं के प्रति समर्पण प्रेरणादायी है।

# 'ड्रिंक एंड ड्राइव' पर पुलिस का शिकंजा, नशे में वाहन चलाने वाले 51 लोगों पर कार्रवाई

**रायबरेली, 31 मई (तरुणमित्र)।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए रायबरेली पुलिस द्वारा शनिवार देर रात विशेष ह्वड्रिंक एंड ड्राइवह्व चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी शिकंजा कसा गया।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा उत्तर प्रदेश के आदेशों के क्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों और प्रमुख चौराहों पर रात 8 बजे से 11 बजे तक सघन वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान यातायात पुलिस एवं



स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने व्यापक स्तर पर वाहनों की जांच की।अभियान के दौरान चालकों की जांच ब्रेथ एनालाइजर मशीन से की गई तथा प्रत्येक जांच के लिए नए डिस्पोजेबल माउथपीस का प्रयोग सुनिश्चित किया गया। संदिग्ध वाहनों एवं चालकों की रैंडम चेकिंग भी की गई। पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर लगे वाहनों तथा बिना मानक अथवा अपठनीय नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की। इसके अलावा बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वाले रिपीट ऑफेंडर्स को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विशेष निगरानी और प्रभावी कार्रवाई की गई। चेकिंग अभियान के साथ-साथ ह्वडोंट ड्रिंक एंड ड्राइवह्व जागरूकता अभियान भी चलाया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, सीट बेल्ट एवं हेलमेट के अनिवार्य उपयोग तथा सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया।

पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अभियान के दौरान कुल 2326 संदिग्ध वाहनों और 3342 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 335 वाहनों का चालान किया गया, जबकि 4 वाहनों को सीज कर दिया गया। वहीं 51 व्यक्तियों के खिलाफ शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में वैधानिक कार्रवाई की गई।

## आज्ञा शरण सिंह के एनटीपीसी से सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावभीनी विदाई

**रायबरेली, 31 मई (तरुणमित्र)।** एनटीपीसी ऊंचाहार के सर्वाधिक लोकप्रिय और पूरे जिले के सबसे चर्चित कर्मचारी नेता आज्ञा शरण सिंह एनटीपीसी में सैंतीस वर्षों की लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। श्री सिंह की सेवानिवृत्ति पर आयोजित अभिनंदन समारोह एक यादगार उत्सव साबित हुआ जब अधिकारियों से लेकर आम कर्मचारियों ने उन्हें संस्था के निष्ठावान कर्मचारी के साथ साथ इंटक संगठन में अजातशत्रु की तरह उन्हें नवाजा। परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित अभिनंदन समारोह में श्री सिंह और उनके परिवार का शाल ओढ़ा कर अभिनंदन किया गया तथा ऊंचाहार परियोजना में उनके ऐतिहासिक कार्यकाल की मुक्तकंठ से सराहना की गई। श्री सिंह परियोजना के जनसंपर्क विभाग में कार्यरत रहकर एनटीपीसी और रायबरेली के पत्रकारों के बीच समन्वय और सदभाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान किया।

# नारी शक्ति की अनोखी मिसाल थीं राजमाता होल्कर: इ. वीरेंद्र यादव

**रायबरेली, 31 मई (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार प्रसिद्ध शासक राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट रायबरेली में एक विचार गोष्ठी जिला अध्यक्ष इ. वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित कर मनायी गयी।

उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर न्याय साहस वीरता एवं नारी शक्ति की अनोखी मिसाल थीं उन्होंने कहा अहिल्याबाई होलकर ने पति ससुर एवं बेटे को खोकर भी टूटी नहीं बल्कि मालवा राज्य के लोगों की माँ बन गयी उनके अट्ठाइस वर्ष के शासन काल में कोई भूखा नहीं सोया न ही कोई अन्याय हुआ। प्रदेश सचिव डा. शशिकांत शर्मा ने कहा कि वर्तमान में बेटियों को अहिल्याबाई होलकर के पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा मिले निश्चित ही देश अपने आप विश्वगुरु बन जायेगा। कार्यक्रम को चौ.सुरेश निर्मल, राजेंद्र यादव, मो. अरशद खान, राजेश मौर्य, सुरजीत



सिंह, जगदेव यादव, आफताब अहमद रज्जू, पुत्तन सिंह, श्रवण आजाद, आकाश मौर्य, इजहार अहमद अज्जू, पवन पटेल, नरेंद्र पाल, अजय यादव, शिवदुलारी यादव, गुड़िया देवी, सुरेश पासी, बलराज राना, अमरजीत यादव आदि ने संबोधित करते हुए राजमाता अहियाबाई होलकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा किया। कार्यक्रम में अनेकों लोगों ने राजमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों व मेधावी छात्राओं का सम्मान

**लालगंज, रायबरेली, 31 मई (तरुणमित्र)।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शनिवार को होटल प्रताप पैलेस, लालगंज में ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में भव्य एवं गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने किया, जिसमें पत्रकारों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों ने सहभागिता की।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि शिक्षा और पत्रकारिता समाज निर्माण के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का संप्रेषण नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने मीडिया कर्मियों से तथ्यपरक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पत्रकारों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विभिन्न विद्यालयों की मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास और लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। समारोह में लालगंज, सरेनी, डलमऊ, खीरों, गुरुबक्शगंज और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद याकूब खान ने किया। अंत में आयोजक सुशील शुक्ला ने सभी अतिथियों, पत्रकारों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# तंबाकू एवं निकोटीन की लत के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को किया जागरूक

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एम्स रायबरेली में जनजागरूकता वॉकाथॉन आयोजित

**रायबरेली, 31 मई (तरुणमित्र)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायबरेली के सामुदायिक चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा रविवार प्रातः डिग्री कॉलेज चौराहा क्षेत्र में जनजागरूकता वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तंबाकू एवं निकोटीन की लत के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया तथा तंबाकू मुक्त समाज का संदेश दिया गया।

वॉकाथॉन का शुभारंभ एम्स रायबरेली की कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं एवं आमजन को तंबाकू एवं निकोटीन की लत से दूर रहने का संदेश दिया तथा तंबाकू त्याग हेतु दृढ़ संकल्प, निरंतर प्रयास एवं स्वस्थ जीवनशैली



अपनाने पर विशेष बल दिया।

बकार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वॉकाथॉन में एम्स रायबरेली के फैकल्टी सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, विभागीय स्टाफ, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

वॉकाथॉन के दौरान छात्रों एवं प्रतिभागियों द्वारा 'तंबाकू मुक्त युवा', 'जन-जन का एक ही नारा–तंबाकू मुक्त देश हमारा' आदि जागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। प्रो. डॉ. भोला नाथ ने तंबाकू सेवन के बढ़ते बोझ एवं उसके गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जनजागरूकता गतिविधियों में सामान्यतः वही लोग भाग लेते हैं जो तंबाकू का सेवन नहीं करते, जबकि तंबाकू सेवन करने वाले लोगों को भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए ताकि वे तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक हो सकें और तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान विभाग द्वारा संचालित तंबाकू निषेध एवं तंबाकू परामर्श सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा तंबाकू निषेध क्लिनिक संचालित किया जा रहा है, जहां तंबाकू छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को परामर्श एवं सहायता प्रदान की जाती है। विभाग द्वारा ग्रामीण एवं सामुदायिक स्तर पर भी नियमित रूप से तंबाकू नियंत्रण एवं जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाती हैं। डॉ. नीरज पवार ने कार्यक्रम का समन्वय किया तथा तंबाकू सेवन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों एवं युवाओं पर इसके बढ़ते प्रभाव के संबंध में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्य डॉ. मुकेश शुक्ला, वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. मानस, पीजी छात्रों, डॉ. शशांक, इंटर्न अक्षत पांडेय, विभागीय स्टाफ एवं अन्य प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। यह कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. भोला नाथ के मार्गदर्शन तथा डॉ. नीरज पवार के समन्वय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं, में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा तंबाकू मुक्त एवं स्वस्थ समाज की दिशा में सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था।

# मौसम ने अचानक ली करवट आंधी-बारिश में दीवार ढहने से मौत

## रहीमाबाद में हुआ हादसा, जोरदार बारिश से तापमान में गिरावट

**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** रविवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली। तेज आंधी-बारिश में रहीमाबाद क्षेत्र में दीवार ढह गई। उसके नीचे दबकर क्लास-3 के छात्र की मौत हो गई। मोहान रोड पर देवपुरी कॉलोनी के पास पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गया। हजरतगंज चौराहा समेत कई जगह सड़कों पर पानी भर गया।

हजरतगंज में तेज आंधी की वजह से होर्डिंग फट गई। दोपहर करीब 3 बजे मौसम बदला। काले बादल छा गए। करीब 40 किलोमीटर के रफ्तार से आंधी चलने लगी। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गोपालपुर मजरा इशूखेड़ा निवासी सुरेश का 10 वर्षीय बेटा अनमोल घर के बाहर बारिश में नहाने निकला था।



इसी दौरान वह आरसीसी सड़क किनारे बारिश का आनंद ले रहा था। बताया जा रहा है कि तेज आंधी और बारिश के चलते उसके घर के बाहर बनी एक छोटी दीवार अचानक भरभराकर उसके ऊपर गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से अनमोल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

काफी मशक्कत के बाद उसे मलबे से बाहर निकाला। आनन-फानन में अनमोल को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अनमोल कक्षा-3 का छात्र था। परिवार में मां रामेश्वरी, बड़े भाई रवि और चार बहनें हैं। वहीं शाम करीब साढ़े 4 बजे हजरतगंज, कैसरबाग, सरोजनी नगर समेत कई इलाकों में तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने रात में भी गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। लोगों को पेड़-खंभे और होर्डिंग के नीचे नहीं खड़े होने की सलाह दी है। इसके पहले सुबह मौसम साफ रहा।

अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहने की संभावना है। शनिवार को अधिकतम तापमान तापमान 34.0 डिग्री रहा। यह सामान्य से 6.1 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। अधिकतम आर्द्रता 79 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 47 फीसदी रही

# सोशल मीडिया को सकारात्मक प्लेटफॉर्म बनाना होगा : भारत सिंह



**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** नारद जयंती और हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पत्रकारिता एवं सोशल मीडिया विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

महापुरुष स्मृति समिति और मीडिया को-ऑप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम पार्क रोड, हजरतगंज स्थित सेंटर कोर्ट बिल्डिंग परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि नारद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक भारत सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में पत्रकारिता की भूमिका और सोशल मीडिया की चुनौतियों पर गहन चर्चा की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि आज डिजिटल युग में पत्रकारिता सिर्फ खबर देने तक सीमित नहीं रही है, बल्कि यह समाज को सही दिशा देने का माध्यम बन गई है। वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया सूचना को तुरंत पहुंचाने का एक अच्छा माध्यम है, लेकिन इसके साथ ही गलत सूचनाओं की पहचान की चुनौती भी बढ़ गई है। हमें नैतिकता और जिम्मेदारी के साथ पत्रकारिता को आगे बढ़ाना होगा।

वरिष्ठ पत्रकार पद्माकर पांडेय ने कहा हिन्दी पत्रकारिता की 200 वर्ष की यात्रा गौरवशाली रही है। नई पीढ़ी को इस विरासत को संभालते हुए सोशल मीडिया को सकारात्मक प्लेटफॉर्म बनाने की जरूरत है। वरिष्ठ पत्रकार आशीष मौर्य ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में हिंदी पत्रकारिता की शाब्दिक समीक्षा जरूर होनी चाहिए। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों, सोशल मीडिया के प्रभाव, फेक न्यूज की चुनौती और जिम्मेदार पत्रकारिता की आवश्यकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए।

# नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** सआदतगंज क्षेत्र में नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालवालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही स्कॉर्पियो की मांग की जाने लगी। उसके पति-ससुर, ननदों और बुआ सास ने हत्या कर दी। मृतका की पहचान मानसी (23) पत्नी सागर राजपूत के रूप में हुई। वह झव्वारन काला फाटक की रहने वाली थी।

करीब डेढ़ साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसका 6 माह का बेटा है। मायका कानपुर के टीपीनगर बगाही में है। उसके चाचा सुनील कुमार वर्मा ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है।



फाइल फोटो

सुनील ने शिकायत में बताया है कि उन्होंने अपनी भतीजी मानसी की शादी 9 दिसंबर 2024 को सागर राजपूत से की थी। शादी में हैसियत के अनुसार करीब सात लाख रुपए नकद, तिलक और अन्य घरेलू सामान दिया गया था। बावजूद इसके पति सागर, ससुर राजेश, ननदोई अनु, ननदें बरखा और चांदनी और बुआ सास आशा अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे। स्कॉर्पियो न मिलने पर मानसी को प्रताड़ित करते थे।

मायकेवालों का आरोप है कि विवाहिता ने कई बार फोन कर ससुराल में हो रही प्रताड़ना की जानकारी दी थी। इसके बाद परिवार के लोग कई बार लखनऊ आकर दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास भी करते रहे। उसे यह कहकर समझाते रहे कि नई शादी है, समय के साथ हालात सुधर जाएंगे। चाचा सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि शनिवार को रिश्तेदारों के माध्यम से सूचना मिली कि उनकी भतीजी ने फांसी लगा ली है। लेकिन, ऐसा नहीं था, दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालवालों ने उसकी हत्या की है।

# ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार तीन लोग घायल

**गोसाईंगंज, लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** गोसाईंगंज इलाके में दुलारमऊ गांव के पास किसान पथ पर एक ट्रक ने स्कूटी पर सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। जिससे तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस घायलों को इलाज के लिए सीएचसी गोसाईंगंज ले गई जहां प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा 2 के लिए रिफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक बाराबंकी से लखनऊ की ओर एक स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे। तभी एक ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए तेज रफ्तार से स्कूटी में टक्कर मार दी।

उक्त दुर्घटना में स्कूटी सवार तीन व्यक्ति अमन, प्रेम, ऋषि निवासीगण नकटा सहारिया थाना कोठी जिला बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सीएचसी गोसाईंगंज इलाज हेतु भिजवाया गया। जहां से तीनों घायल व्यक्तियों को पीजीआई अस्पताल रेफर कर दिया गया है। ट्रक चालक व हेल्पर मौके पर मौजूद मिले जिन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

## लखनऊ के नए डीआईओएस बने देवेंद्र कुमार पांडेय

**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** शनिवार माध्यमिक शिक्षा विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए शासन ने लखनऊ के जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पांडेय का तबादला कर दिया है।

उनकी जगह मुरादाबाद के जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय को लखनऊ का नया डीआईओएस नियुक्त किया गया है। माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-6 की ओर से जारी आदेश के अनुसार, देवेंद्र कुमार पांडेय वर्तमान में मुरादाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। अब उन्हें लखनऊ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, लखनऊ में तैनात राकेश कुमार पांडेय का स्थानांतरण कर दिया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## चौक गुरुद्वारा में 233 मरीजों को मिला उपचार

**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** चौक के लाजपत नगर स्थित गुरुद्वारा में रविवार को मेगा फ्री मेडिकल कैम्प में 233 मरीजों को उपचार मिला, इसमें मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा रही, जबकि विभिन्न आयु वर्ग के महिला-पुरुष शामिल थे। बीबी सुरजीत कौर वेलफेयर सोसायटी एवं रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र की ओर से आयोजित शिविर में केजीएमयू के रेस्पिरेटरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सूर्यकांत, लोहिया संस्थान के पेन मेडिसिन विभाग के प्रो. अनुराग, डा. नितिन मिश्रा, हृदय रोग से डा. हिमांशु रस्तोगी, ईएनटी डा. कबीर शर्मा, हड्डी रोग के डा.शशांक सिंह सहित होम्योपैथिक, फिजियोथेरेपी सहित अन्य विधाओं के चिकित्सकों ने मरीजों को परामर्श दिया। केन्द्र के संरक्षक हरी जीवन रस्तोगी ने बताया कि मरीजों को उपचार के साथ मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध करायी गयी हैं। हम भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।



## खुर्दही में किसान पथ के नीचे कूड़े के ढेर में मिला युवक का शव

**गोसाईंगंज, लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में रविवार की सुबह किसान पथ के नीचे लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर कूड़े के ढेर पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सोशल मीडिया व अन्य तकनीकों का प्रयोग करते हुए शव की शिनाख्त कराई। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रचार के बाद शव की शिनाख्त ग्राम लालपुर थाना हैदरगढ़ जिला बाराबंकी निवासी विनय मिश्रा (40) के रूप में हुई। भाई विकास मिश्रा ने बताया कि वह नशे का आदि था। वह पिछले काफी दिनों से घर पर ही रह रहा था। लेकिन दो दिन पूर्व शुक्रवार को वह डाला चलाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन वापस नही पहुंचा तो रविवार को हैदरगढ़ कोतवाली पहुंच कर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराने पहुंचा तो सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस द्वारा भेजी गई फोटो दिखाई गई। जिसके बाद भाई विकास मिश्रा ने शव की शिनाख्त विनय मिश्रा के रूप में की। उन्होंने पुलिस को बताया कि भाई नशे का आदि था। पुलिस को शव के पास से सीरेंज व कुछ नशीली दवा भी मिली है। इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी डीके उपाध्याय का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की पुष्टि हो सकेगी।

## कलश यात्रा के साथ होगा श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ

**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** लखनऊ उत्तर के विधायक एवं श्रीराम कथा आयोजन समिति के संरक्षक डा. नीरज बोरा ने बताया कि पूज्यपाद पद्मविभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज की नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ 1 जून को सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में होगा। कथा प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कथा के प्रथम दिवस सायं 4 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं मातृशक्ति सहभागी होंगे। इसके उपरांत सायं 5 बजे से जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज के श्रीमुख से श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि कथा महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं के बैठने हेतु कथा स्थल पर श्रीराम वाटिका, जानकी वाटिका, लक्ष्मण वाटिका, भरत वाटिका एवं शत्रुघ्न वाटिका का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त पेयजल, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है।

## सीएचसी में फार्मासिस्ट पर कार्रवाई की तैयारी, डॉक्टर की भूमिका की होगी जांच

**मोहनलालगंज, लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में रात्रि ड्यूटी के दौरान एक फार्मासिस्ट द्वारा खुद को डॉक्टर बताकर मरीज देखने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। रविवार को मीडिया में खबरें आने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) लखनऊ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी फार्मासिस्ट को तत्काल प्रभाव से हटाने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही रात्रि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर की भूमिका की जांच के भी आदेश जारी कर दिए गए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आरोपी फार्मासिस्ट विवेक का विवादों से पुराना नाता रहा है। वह पहले भी कई बार मरीजों और अस्पताल के उच्चाधिकारियों से अभद्रता कर चुका है। वर्तमान अधीक्षक के कार्यभार संभालने से पहले भी उसने इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान तत्कालीन जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बदसलूकी की थी।

# पूर्वोत्तर रेलवे में मनाया गया पर्यावरण दिवस

**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में लखनऊ मंडल पर मनाये जा रहे 'विश्व पर्यावरण दिवस 2026' अभियान के अंतर्गत आज बादशाह नगर मनोरंजन संस्थान पर पौधारोपण किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत बादशाह नगर मनोरंजन संस्थान के सचिव एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा मनोरंजन संस्थान के परिसर में आम, जामुन, मौसमी, चीकू, शरीफ आदि के फलदार एवं छायादार पेड़ लगाए गए। इसके माध्यम से रेलवे कर्मचारियों एवं



आमजन को पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवनशैली एवं जैव विविधता संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

# लखनऊ व आलमनगर स्टेशन का किया निरीक्षण

## घायल टिकट परीक्षक का जाना कुशलक्षेम, एयर कॉनकोर्स की समीक्षा

**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने रविवार को लखनऊ एवं आलमनगर रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। अपने दौरे की शुरूआत उन्होंने लखनऊ स्टेशन पर हालिया प्लेटफॉर्म शेड हादसे में घायल हुए टिकट परीक्षक भूपेन्द्र सिंह से अजंता अस्पताल में मुलाकात कर की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की।

इसके उपरांत प्रवीण पाण्डेय ने प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी पंकज सिंह के साथ लखनऊ स्टेशन पर आरएलडीए द्वारा निमार्णाधीन एयर कॉनकोर्स परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, संरक्षा मानकों के अनुपालन



तथा यात्रियों की सुविधा हेतु किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध खानपान सेवाओं, कैटरिंग स्टॉलों, खाद्य गुणवत्ता, स्वच्छता एवं रेल नीर की उपलब्धता का भी जायजा लिया तथा यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया।

अपने निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने आलमनगर स्टेशन का भी दौरा किया तथा वहां उपलब्ध यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं परिचालन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान आलमनगर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में वृद्धि एवं अधिक ट्रेनों के ठहराव की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने कहा कि उत्तर रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने तथा यात्री सुविधाओं के निरंतर विकास के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर सीपीएम/आरएलडीए पावस यादव, अपर मंडल रेल प्रबंधक नीलिमा सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता, वरिष्ठ मंडल अभियंता-प्रथम स्वतंत्र कुमार, निदेशक लखनऊ गौरव दीक्षित सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एसयूवी से भाग रहे अयोध्या के हिस्ट्रीशीटर की गाड़ी पलटी

**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** अयोध्या के कुमारगंज थाना क्षेत्र में हमले और हत्या के प्रयास के मामले में वांछित हिस्ट्रीशीटर रोहन सिंह को पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। रोहन स्कॉर्पियो से भागने की कोशिश कर रहा था, तभी अयोध्या पुलिस ने लखनऊ में घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। वह स्कॉर्पियो से भाग रहा था और पुलिस टीम उसका पीछा कर रही थी। तभी महिंगवा क्षेत्र में उसकी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक नाले में पलट गई। हादसे के बाद रोहन वाहन से निकलकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। इस गिरफ्तारी में लखनऊ की बीकेटी, महिंगवा और सैरपुर पुलिस ने भी अयोध्या पुलिस का सहयोग किया।

यह मामला कुमारगंज थाना क्षेत्र के पूरे विंध्या पांडेय गांव निवासी शीतला प्रकाश पांडेय की शिकायत से जुड़ा है। उन्होंने बताया था कि 21 मई की शाम वह घर पर भोजन कर रहे थे, तभी खंडासा क्षेत्र के अंजरौली पूरे बेड़ियन गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर रोहन सिंह अपने साथियों के साथ पहुंचा और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप था कि इस मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने जिले के प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही से भी शिकायत की थी। इसके कुछ समय बाद ही मंगलवार को पीड़ित के बेटे शिवम पांडेय पर जानलेवा हमला कर दिया गया। शिवम की मां नीलम पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने रोहन सिंह, हिमांशु और 4 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस रोहन सिंह की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस को रोहन सिंह की लोकेशन लखनऊ में मिली। इसके बाद अयोध्या पुलिस ने बीकेटी, महिंगवा और सैरपुर थाना पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर घेराबंदी की।

## योगेन्द्र सिंह दोबारा बने प्रदेश युवा महामंत्री

**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों गठन के बाद बरेली में आयोजित शपथ ग्रहण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में नव मनोनीत युवा पदाधिकारियों का शपथ दिलाई गयी। शपथ ग्रहण समारोह में व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंघी एवं प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द ने लखनऊ से प्रदेश युवा महामंत्री के पद पर योगेन्द्र सिंह को शपथ दिलाई। योगेन्द्र सिंह को दोबारा मनोनीत किया गया। उनके साथ लखनऊ युवा अध्यक्ष के पद पर संजय जायसवाल ने शपथ ली। इस अवसर पर लखनऊ नगर अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, वरिष्ठ अरविंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष मंगलेश मिश्रा सुशील जायसवाल संगठन मंत्री श्याम मिश्रा ने बधाई दी।

## तम्बाकू निषेध दिवस पर निकाली जनजागरूकता रैली



**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई को मद्य निषेध विभाग द्वारा तम्बाकू एवं गुटखा जनित नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली बीमारियों एवं दुष्परिणामों के प्रति जन जागरुकता के तहत एक रैली/पदयात्राका आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य लोगों में सभ्य और स्वस्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना, उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और तम्बाकू व गुटखा के हानिकारक प्रभावों और इससे होने वाली बीमारियों के खतरे के बारे मे संदेश देना था।

यह जागरूकता रैली रविवार को प्रातः 07:30 बजे से कार्यालय क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी, 27 अशोक मार्ग, लखनऊ से महात्मा गांधी जी की प्रतिमा जीपीओ पार्क, हजरतगंज, चौराहा लखनऊ तक आयोजित की गई। इस तम्बाकू निषेध रैली/पदयात्रा को राज्य मद्यनिषेध अधिकारी के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, जिसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक स्वैच्छिक संस्थाओं के कार्यकर्ता सहित लगभग 300 लोग उपस्थित रहे।

# महिंगवां के गुलालपुर में जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प, महिलाओं समेत छह लोग लहूलुहान

**बीकेटी, लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब पुश्तैनी जमीन के एक टुकड़े के लिए दो सगे भाई और उनके परिवार आपस में भिड़ गए। महिंगवाँ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुलालपुर (अकड़ा) में हुई इस हिंसक झड़प में धारदार हथियारों का खुलकर इस्तेमाल किया गया।

इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के महिलाओं सहित कुल छह लोग गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए, जिन्हें आनन-फानन में विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गुलालपुर निवासी कमलेश



और उनके सगे भाई चंद्रपाल के बीच घर के सामने स्थित सहन (खाली जमीन) के मालिकाना हक को लेकर लंबे समय से मनमुटाव चल रहा था।

रविवार सुबह करीब आठ बजे इसी जमीन पर कब्जे और इस्तेमाल को लेकर दोनों भाइयों में एक बार फिर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि चंद्रपाल के बेटों– सोनू, मोनू और संतोष ने आपा खो दिया और घर में रखे कृषि उपकरण निकाल लाए।

विवाद के उग्र होते ही सोनू और मोनू ने फावड़े और कुल्हाड़ी से कमलेश के परिवार पर जानलेवा हमला बोल दिया। इस अचानक हुए हमले में कमलेश के पक्ष से मखाना, प्रमोद, बहू क्रांति और बेटा नीरज लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। बीच-बचाव करने आए खुद चंद्रपाल के सिर पर भी फावड़े का गहरा वार लग गया, जिससे उनका सिर फट गया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया और पुलिस को सूचना दी।

घटना की सूचना मिलते ही महिंगवाँ थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों के लिए रवाना किया। प्राथमिक उपचार के लिए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इटौंजा और राम सागर मिश्र अस्पताल ले जाया गया। वहीं, सिर पर गंभीर चोट होने के कारण चंद्रपाल की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

इस संबंध में महिंगवाँ थाना प्रभारी राधेश्याम मौर्या ने बताया कि, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई है। फिलहाल सभी का इलाज जारी है। थाना प्रभारी के अनुसार, अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थिति पर नजर रख रही है और लिखित शिकायत मिलते ही सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी करेगी।

## कुत्ते को पीट-पीटकर मार डालने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र के नटकुर गांव में एक कुत्ते को पीट-पीटकर मार डालने और उसके शव को नहर में फेंकने का मामले में पशु संरक्षण का कार्य करने वाली संस्था ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस घटना को लेकर पशु संरक्षण संस्थाओं की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह मामला तब सामने आया जब कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में एक युवक लोहे की रॉड से कुत्ते को बेरहमी से पीटता और बाद में उसके शव को टांग पकड़कर घसीटते हुए ले जाता दिखाई दे रहा था। ग्रामीणों ने वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान नटकुर गांव निवासी रमन गौतम के रूप में की।

# पीजीआई के हेल्थ केयर प्रोफेशनल को दी भावभीनी विदाई



**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** पीजीआई परिवार के उन सभी सदस्यों को भावभीनी विदाई दी गई, जो इस माह सेवानिवृत्त हुए। संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रोफेसर आर. के. धीमन ने संस्थान में पहली बार वर्ष 2020 में कर्मचारियों की समर्पित सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित करने की इस परंपरा की शुरूआत की थी।

शनिवार को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी में डॉ. प्रेरणा कपूर, वरिष्ठ चिकित्सक, सामान्य अस्पताल, माधुरी स्मिथ, डीएनएस, बीएमटी यूनिट, एंसी जयराज, डीएनएस, एटीसी, ताजवर सिंह नेगी, मुख्य तकनीकी अधिकारी (प्रयोगशाला), गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग, रश्मि सिंह, एएनएस, स्टोन सेंटर लैब,प्रेमा देवी, एएनएस, यूरोलॉजी वार्ड, सुमन कश्यप, एएनएस, मेडिकल जेनेटिक्स, संदीप कुमार, फिजियोथेरेपिस्ट ग्रेड एक पीएमआर, सुचेता सिंह, ओटी सहायक, इम्यूनोलॉजी, एलिजाबेथ चरण, जूनियर मेडिकल लैब टेक्नीशियन, ओपीडी सैंपल कलेक्शन डॉ. प्रेरणा कपूर ने 1994 में पीजीआई में चिकित्सक के रूप में कार्यभार संभाला और संस्थान के कर्मचारियों, उनके परिवारों और उत्तर प्रदेश भर के गैर-कर्मचारी रोगियों के साथ-साथ पड़ोसी क्षेत्रों से आने वाले रोगियों को निरंतर देखभाल और समग्र उपचार प्रदान किया। डॉ. कपूर उच्च रक्तचाप, तंबाकू रोकथाम, रेबीज की रोकथाम और वृद्धावस्था देखभाल के संबंध में निवारक स्वास्थ्य देखभाल और जन जागरूकता के लिए समर्पित रही हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
सोमवार, 01 जून 2026
विक्रम संवत्– 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, प्रथमा

## ईरानी सेना के प्रति नरमी!

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने कहा, लोग हैरान होंगे यह सुनकर कि हमने ईरानी सेना को क्यों छोड़ा और उनके साथ इतनी नरमी क्यों बरती गई। यह कथन वर्तमान अमेरिका-ईरान तनाव और सीमित सैन्य अभियान के संदर्भ में आया है, जिसमें अमेरिका-इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम, मिसाइल सुविधाओं और रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) को निशाना बनाया, लेकिन नियमित ईरानी सेना (आर्मी ऑफ द गार्डियंस ऑफ द इस्लामिक रेवोल्यूशन से अलग) पर पूर्ण हमले से परहेज किया। यह बयान रणनीतिक गणना, मानवीय विचार और भू-राजनीतिक वास्तविकताओं का मिश्रण प्रतीत होता है। ट्रंप की इस नरमी को समझने के लिए ईरान की आंतरिक संरचना को देखना जरूरी है। ईरान में नियमित सेना और आईआरजीसी के बीच स्पष्ट विभाजन है। आईआरजीसी शासन की विचारधारा का प्रतीक है, जो विदेशी आतंकवाद, प्रॉक्सी युद्ध और परमाणु महत्वाकांक्षा से जुड़ा है। इसके विपरीत, नियमित सेना अधिकतर राष्ट्रीय रक्षा पर केंद्रित है और आम ईरानी जनता से जुड़ी हुई मानी जाती है। यदि अमेरिका पूर्ण पैमाने पर ईरानी सेना को नष्ट करता, तो यह पूरे देश के साथ युद्ध जैसा होता, जिससे लाखों निर्दोष नागरिक प्रभावित होते और क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ती। ट्रंप प्रशासन ने स्पष्ट रूप से आईआरजीसी और शासन के सैन्य स्तंभों को लक्षित किया, जबकि नियमित सेना को युद्ध से अलग रखकर भविष्य की स्थिरता का संदेश दिया। यह रणनीति 'सर्जिकल स्ट्राइक्स' की अमेरिकी परंपरा से मेल खाती है। यह नरमी आश्चर्यजनक इसलिए है क्योंकि ट्रंप हमेशा 'अमेरिका फर्स्ट' और सख्त रुख के पक्षधर रहे हैं। 2020 में कासिम सुलेमानी की हत्या इसका उदाहरण है। फिर भी, 2026 के संघर्ष में उन्होंने पूर्ण आक्रमण से बचते हुए सीमित लक्ष्य रखे, परमाणु क्षमता का विनाश, होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा और क्षेत्रीय सहयोगियों (सऊदी, यूएई) की सुरक्षा। कारण कई हो सकते हैं। पहला, मानवीय–पूर्ण युद्ध में भारी नागरिक हताहत और शरणार्थी संकट उत्पन्न होता। दूसरा, रणनीतिक। ईरान की नियमित सेना को बरकरार रखकर भविष्य में किसी संभावित पोस्ट-खामीन्ल्री व्यवस्था या संक्रमण काल में स्थिरता बनाए रखना। तीसरा, आर्थिक-पूर्ण युद्ध से तेल कीमतें आसमान छूतीं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था और चुनावी राजनीति को नुकसान पहुंचाती। चौथा, कूटनीतिक-रूस-चीन समर्थित ईरान के पूर्ण पतन से वैश्विक संतुलन बिगड़ सकता था। यह बयान ट्रंप की व्यावहारिकता को दशार्ता है। वे जानते हैं कि युद्ध आसान शुरू होता है, लेकिन समाप्त करना कठिन। इराक और अफगानिस्तान के अनुभव से सीखते हुए उन्होंने 'लंबे युद्ध' से परहेज किया। ईरानी सेना को छोड़कर उन्होंने यह संकेत दिया कि शत्रु शासन है, न कि पूरा ईरानी राष्ट्र। इससे ईरानी जनता में विभेद पैदा हो सकता है और आंतरिक विरोध बढ़ सकता है। हालांकि, आलोचक इसे कमजोरी मानते हैं। उनका कहना है कि आंशिक सफलता से ईरान की प्रॉक्सी शक्तियां (हिजबुल्लाह, हूती) सक्रिय रहेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य पर तनाव जारी है और परमाणु खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ। भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है। हम ईरान से तेल आयात करते हैं और क्षेत्रीय स्थिरता चाहते हैं। ट्रंप की नरमी यदि कूटनीति का द्वार खोलती है, तो स्वागत योग्य है, अन्यथा यह केवल विलंब का साधन साबित हो सकती है। अंततः, ट्रंप का यह खुलासा शक्ति के संयमित उपयोग का उदाहरण है। युद्ध में जीत हासिल करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है शांति स्थापित करना। यदि यह नरमी ईरान को समझौते की मेज पर लाती है, तो इतिहास इसे दूरदर्शिता कहेगा। अन्यथा, यह भविष्य के बड़े संघर्ष का बीज साबित हो सकती है। विश्व को अब इंतजार है, कि क्या ट्रंप का यह 'हैरान करने वाला' फैसला मध्य पूर्व में स्थायी शांति लाएगा या मात्र एक रणनीतिक विराम ही साबित होगा?

## विश्व शांति के लिये सबसे बड़ा खतरा है इजराइल



तनवीर जाफरी

**दशकों से वैश्विक स्तर पर ईरान को एक खलनायक राष्ट्र के रूप में पेश करने की घिनौनी साजिश रची जाती रही है। इजराइल यह बार बार दोहराता रहा है कि उसे डर है कि यदि ईरान परमाणु बम बना लेता है तो उसका अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।**

यह दुष्प्रचार तब किया जाता है जबकि ईरान में इस्लामी क्रांति के नेता आयतुल्लाह खुमैनी द्वारा परमाणु बम को मानवता विरोधी बताते हुये इसके निर्माण के विरुद्ध फतवा तक दिया जा चुका है। उधर ईरान के किसी भी धर्मगुरु या नेता ने आज तक परमाणु बम बनाने की बात भी नहीं की है। परन्तु इराक में सद्दाम हुसैन की तर्ज पर ईरान को भी केवल मीडिया प्रोपेगंडा कर बार बार खलनायक प्रमाणित करने की कोशिश की जाती रही है। दरअसल इसकी एक वजह यह भी है कि अमेरिकी-इस्त्राईली प्रभाव वाले ईरानी शासक मोहम्मद रजा शाह पहलवी ने तो 1948 में इस्त्राइल को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता तो दी थी परन्तु 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान ने इस्त्राइल की मान्यता भी समाप्त कर दी साथ ही उसे सियोनवादी शासन भी घोषित कर दिया।

परन्तु यदि हम ईरान व इस्त्राईल के 'ट्रैक रिकॉर्ड' को देखें तो 1967 के युद्ध में इस्त्राइल ने वेस्ट बैंक और गजा पर कब्जा जमाकर फिलिस्तीन पर अपना नियंत्रण करना शुरू कर दिया था। तब से लेकर आज तक इस्त्राइल पूरे क्षेत्र में बर्बरीयत व हिंसा करता आ रहा है। इसके पीछे उस ग्रेटर इस्त्राइल के गठन व निर्माण की एक जायोनिस्ट (यहूदीवादी) विस्तारवादी अवधारणा काम कर रही है जिसके तहत एक ऐसे विशाल यहूदी राज्य की कल्पना की गई है, जो वर्तमान इस्त्राइल से कहीं ज्यादा बड़ा हो और इसमें मध्य पूर्व के कई अरब देशों के क्षेत्रों को शामिल किया जा सके। इस योजना को आधुनिक राजनीतिक संदर्भ में एक विवादित इस्त्राईली विस्तारवादी परियोजना के रूप में देखा जाता है। जायोनिस्ट के इस काल्पनिक ग्रेटर इस्त्राइल की भौगोलिक सीमाएं मिस्त्र की नील नदी से लेकर इराक की फुरात (यूफ्रेट्स) नदी तक




और मदीना से लेकर लेबनान तक शामिल हैं। यहाँ तक कि पूरा जॉर्डन, फिलिस्तीन (पश्चिमी तट व गजा), लेबनान, सीरिया, इराक, मिस्र, सऊदी अरब के बड़े हिस्से, पवित्र स्थल मक्का, मदीना, और माउंट सिनाई पर कब्जा भी इस योजना में शामिल माना जाता है। इसी दूरगामी योजना के मद्देनजर इस्त्राईल की सरपरस्ती करते हुये अमेरिका ने दशकों से ईरान का भय दिखाकर तथा शिया सुन्नी मतभेदों को हवा देकर इसी की आड़ में मध्य पूर्व के अनेक देशों में अपने सैन्य ठिकाने भी बना रखे हैं।

दरअसल ईरान ही एक अकेला ऐसा देश है जोकि न केवल ग्रेटर इस्त्राइल रुपी इस विस्तारवादी परियोजना को खुलकर खारिज करता है बल्कि फिलिस्तीनी क्षेत्रों गजा, वेस्ट बैंक व लेबनान आदि में इस्त्राईल द्वारा कब्जा की गयी जमीन को भी मुक्त कराये जाने का पक्षधर है। यही वजह है कि ईरान, इस्त्राईल व अमेरिका की नजरों में खटकता रहता है। ईरान की तेल सम्पदा पर भी अमेरिका अपनी गिद्ध दृष्टि जमाये रखता है। उधर अपनी इसी योजना को आगे बढ़ाते हुये अब तक इस्त्राईल ने आतंक व बर्बरता का वह इतिहास रचा है जिसकी कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। उदाहरण के तौर पर गजा में 7 अक्टूबर 2023 से 19 मई 2026 के मध्य इस्त्राइली सैन्य कार्रवाई में 72,772 से अधिक निहत्थे बेगुनाह फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि घायलों की संख्या 172,707 से भी अधिक है। मृतकों में आधे से अधिक महिलाएँ और बच्चे शामिल हैं। इसी तरह लेबनान में भी मई 2026 तक इस्त्राईल के हमलों में 2,255 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। यहाँ भी मरने वालों में 122 बच्चे, 83 महिलाएं और 42 चिकित्सा कर्मी भी शामिल हैं।

यह इस्त्राइल ही है जिसने ईरान को ग्रेटर इस्त्राईल के रास्ते का सबसे बड़ा अड़ंगा समझते हुये अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिये उकसाया। हद तो यह है कि अमेरिका और इस्त्राइल ने परमाणु वार्ता के दौरान ईरान पर कम से कम दो बार हमला किया। पहला हमला 13 जून 2025 को यानी ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता के 5 राउंड की वार्ता के दो दिन बाद किया गया था। इस में इस्त्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर भीषण हमला किया, जबकि दोनों देश आगे बातचीत की योजना बना रहे थे। इसी तरह इस्त्राइल और अमेरिका ने दूसरा हमला 27 फरवरी 2026 को, अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता के बीच किया जिसमें ईरान में 30 जगहों पर हमला किया गया, जिसमें तेहरान में ईरानी खुफिया एजेंसी की इमारतें, एयरपोर्ट्स, राष्ट्रपति भवन और रिहायशी इलाके शामिल थे। साथ ही तेहरान और इस्फहान जैसे 30 शहर भी अमेरिका-इस्त्राइल के निशाने पर थे। इसी हमले में मिनाब में स्कूल के 165 मासूम बच्चे, सर्वोच्च ईरानी नेता खामनेई व अनेक उच्चाधिकारी शहीद हुये थे।

इसके अतिरिक्त विश्व में हिंसा व अशांति फैलाने के लिये इस्त्राईल अनेक बार युद्धविराम का उल्लंघन भी करता आया है। चाहे वह गजा का युद्ध विराम हो या लेबनान का युद्ध विराम। इस्त्राइल गजा युद्ध विराम 10 अक्टूबर 2025 को अमेरिकी मध्यस्थता में लागू हुआ था। परन्तु युद्धविराम के बाद से अब तक लगभग 2000 बार इस्त्राईली सेना युद्धविराम का उल्लंघन कर चुकी है। और विराम के बाद 700 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 3 हजार से ज्यादा घायल हो चुके हैं। मानवता के विरुद्ध अपराध और युद्ध अपराध के कारण ही अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। इसके अतिरिक्त, तुर्की ने भी नेतन्याहू और 36 अन्य इस्त्राईली अधिकारियों के विरुद्ध नरसंहार के आरोप में अलग से गिरफ़्तारी वारंट जारी किए हैं।

आश्चर्यजनक है कि परमाणु हथियार रखने वाला देश इस्त्राइल, जिसे विश्व के सबसे बड़े नरसंहारक देश के रूप में देखा जा रहा है, व उसका संरक्षक अमेरिका, यदि ईरान जैसे देश को परमाणु हथियार बनाने की झूठ आधारित कथित संभवनाओं के चलते महज प्रोपेगंडा फैलाकर विश्व शांति के लिये बड़ा खतरा बता रहे हैं जबकि ईरान का मानवता के विरुद्ध अपराध, युद्ध अपराध या दूसरे देशों की जमीन पर घुसपैठ जैसे कोई आरोप नहीं हैं। सच तो यह है कि इस्त्राईल ही विश्व शांति के लिये इस समय सबसे बड़ा खतरा है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## कमजोर मानसून तो महंगाई का लगेगा तड़का, अर्थव्यवस्था होगी प्रभावित



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

मौसम विभाग द्वारा 29 मई को जून से सितंबर मानसून के दौरान 10 प्रतिशत कम बरसात का पूवार्नुमान बेहद चिंताजनक का कारण बन गया है। इससे पहले जारी पूवार्नुमान में 8 प्रतिशत कम बरसात की संभावना व्यक्त की गई थी। लगभग दस साल बाद देश में कमजोर मानसून के हालात रहने की संभावना है।

अर्थव्यवस्था के लिए यह इसलिए और भी अधिक चिंतनीय हो जाता है कि एक और अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर के आसार नहीं दिख रहे हैं और इसके कारण भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश कच्चे तेल और गैस की समस्या से दो चार हो रहे हैं और इसका सीधा असर महंगाई बढ़ना हो रहा है। दूसरी और अब अलनीनों के प्रभाव से इस साल कमजोर मानसून के कारण 10 प्रतिशत कम बरसात होने से हालात और भी गंभीर होने की संभावना बनती जा रही है। करीब दस साल बाद ऐसे हालात बनने जा रहे हैं। खास बात यह है कि उत्तर पूर्व को छोड़कर समूचे देश में कम बरसात की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को इसलिए भी नहीं नकारा जा सकता है कि पिछले सालों में भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान लगभग सटीक रहने लगे हैं। मजे की बात यह है कि इस साल गर्मी भी भीषण पड़ रही है और पिछले एक माह में ही जलाशयों में उपलब्ध पानी में तेजी से कमी आई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश के प्रमुख 166 जलाशयों में कुल भराव क्षमता का 24 प्रतिशत के आसपास ही पानी रह गया है और तेजी से पानी कम होता जा रहा है। दक्षिण भारत के हालात अधिक गंभीर है और वहां लगभग 17 प्रतिशत ही पानी रह गया है। उत्तरी भारत के जलाशयों में 26 तो पश्चिमी भारत के जलाशयों में 28 प्रतिशत के आसपास ही पानी रह गया है। मानसून भी तय समय से बिलंबित हो रहा है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि हमारी अर्थव्यवस्था मानसूनी बरसात पर बहुत कुछ निर्भर करती है। देश में मानसून सीजन में 87 सेमी बरसात होती है। पूवार्नुमानों को माने तो 2018 में 91 प्रतिशत बरसात हुई थी उसके बाद के सालों में मानसून लगभग अच्छा ही रहा है। पिछले सालों में मानसून की स्थिति देखें तो 2023 में मानसून अवश्य कमजोर रहा है अन्यथा देश में मानसूनी वर्षा 100 प्रतिशत के आसापास व इससे अधिक ही रही है। कमजोर मानसून के कारण भूजल स्तर में गिरावट, अधिक पानी पर निर्भर धान, तिलहन और दलहन की फसल प्रभावित होगी और इस कारण से खाद्य महंगाई बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। इससे आम आदमी की थाली पर असर पड़ेगा और सब्जी, दाल और अनाज सभी के भाव बढ़ने का असर दिखाई देगा। इसी तरह से देश के अनेक हिस्सों में पीने के पानी की दिक्कत आम है। बांधों में तेजी से पानी की कमी और मानसून कमजोर रहने से पानी की कम आवक रहती है तो निश्चित रुप से सिंचाई व पेयजल दोनों के लिए पानी की दिक्कत होगी। जल विद्युत परियोजनाओं में विद्युत उत्पादन पर असर होगा तो कुल मिलाकर अर्थ व्यवस्था को प्रभावित होने से कोई नहीं रोक सकता।

दरअसल देश में एक समय था जब सूखा आम होता था और व्यापक स्तर पर अकाल राहत कार्य संचालित होते थे। हांलाकि देश के हालातों में काफी सुधार हुआ है और अकाल को तो लगभग भूल ही चुके हैं। पर सवाल वहीं का वहीं है कि जल संचयन के जो प्रयास होने चाहिए थे और उनका जिस तरह का प्रभाव पड़ना चाहिए था वह अभी तक सामने नहीं आया है। सरकार के सामने कमजोर मानसून के हालात से निपटने की बड़ी चुनौती आने वाली है। सबसे अधिक तो जल संग्रहण की चुनौती होगी क्योंकि प्राकृतिक जल संग्रहण के रास्ते शहरीकरण की भेंट चढ़ चुके हैं। दीर्घकालीन सोच के साथ ठोस प्रयास नहीं होने से बरसात के पानी का सही तरीके से संग्रहण भी नहीं हो पा रहा है। जितने पानी की साल भर आवश्यकता होती है उससे अधिक बरसाती पानी तो बह जाता है। इसके अलावा पानी का उपयोग और दुरुपयोग दोनों ही बढ़ गए हैं। कम पानी से तैयार होने वाली फसलों की किस्में विकसित करने में हम अभी पूरी तरह से सफल नहीं हो पायें हैं। पांच नदियों के प्रदेश पंजाब तक में पानी का संकट होने लगा है। खेती ही नहीं घरेलू जरुरतों में भी पानी का उपयोग बहुत अधिक बढ़ गया है। टायलेट और कूलरों में पानी की खपत बहुत अधिक बढ़ गई है। जल बचाओ मात्र स्लोगन ही रह गया है और इसका असर दिखाई नहीं देता। इसी तरह से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार तो बहुत किये गये हैं पर उनके निर्माण में जिस तरह की लापरवाही बरती गई है वह किसी से छिपी नहीं हैं। क्योंकि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कितना सफल रहा है वह सामने हैं। बाहरमासी नदी नालें तो अब कल्पना की बात हो गए हैं बल्कि बरसाती नदियां भी बरसात में एकाध बार ही पूरे वेग से बहती दिखती है। ऐसे में गंभीरता को तो समझा ही जा सकता है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि मानसून हमेशा सामान्य ही रहेगा यह सोचना अपने आप में गलत होगा। जिस तरह से वातावरण प्रदूषित हो रहा है, जंगल घटते जा रहे हैं, पेड़ पौधे कम हो रहे हैं वह किसी और की देन नहीं हमारे कारण ही हो रहा है। हालात यह हो गए हैं कि सर्दी में सर्दी नहीं और गर्मी में गर्मी को तरसने लगे हैं। यहां तक कि इस बार तो बसंत की प्रतीक्षा ही करते रह गए हैं। जनवरी फरवरी में सर्दी तो फिर मार्च अप्रेल में गर्मी का असर देखा गया। बसंत कब आया और कब गया पता ही नहीं चला। कहने का अर्थ है कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का परिणाम सामने हैं। प्राकृतिक विपदाएं अधिक होने लगी है। ग्लेसियरों में तेजी से बर्फ पिघल रही है, समयपर बर्फवारी कम होने लगी है। बेमौसम आंधी ओलावृष्टि आम होती जा रही है। खैर यह विषयांतर होगा पर कहीं ना कहीं मानसून को लेकर दीर्घकालीन रणनीति बनानी ही होगी ताकि कमजोर मानसून का जनजीवन और अर्थ व्यवस्था पर व्यापक असर नहीं पड़े। सरकारी और गैरसरकारी स्तर पर इस दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### चुनावी मोड में योगी !



कृष्णेन्द्र राय

जाना...चुनाव में मुझे जाना ।
दिलाना...जीत मुझे दिलाना ।।
कहता हूं ठोक के, डंके की चोट पे ।
मैं ही आने वाला...।।
आत्मविश्वास आंखों में ।
काम हुआ चालू ।।
सर पे है चुनाव ।
सर पे है चुनाव ।।
अपने ही रंग में ।
मैं रंग गया हूं ।।
यही तो कहा ।
यही तो कहा ।।
लड़ाई लड़नी, रहना है मगन ।।
रखना लाज, आप से हैं हम ।।

### सूडोकु नवताल- 7812

★✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7811 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## माता-पिता हैं वर्तमान की शक्ति व भविष्य की प्रेरणा



ललित गर्ग

विश्व के अधिकतर देशों की संस्कृति में माता-पिता का रिश्ता सबसे बड़ा एवं प्रगाढ़ माना गया है। भारत में तो इन्हें ईश्वर का रूप माना गया है। माता-पिता को उनके बच्चों के लिए किए गए उनके काम, बच्चों के प्रति उनकी निस्वार्थ प्रतिबद्धता और इस रिश्ते को पोषित करने के लिए उनके आजीवन त्याग के लिए सम्मान और सराहना देने के लिए प्रतिवर्ष विश्व माता-पिता (अभिभावक) दिवस 1 जून को मनाया जाता है।

यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का पालन दिवस है। यह दिन हमें उस महान शक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर देता है, जिसके कारण मानव जीवन का अस्तित्व, विकास और संस्कार संभव हो पाते हैं। वर्ष 2026 की थीम माता-पिता के लिए एक साथ एक अत्यंत महत्वपूर्ण संदेश लेकर आई है। यह केवल माता-पिता के सम्मान का आह्वान नहीं करती, बल्कि पूरे समाज, समुदायों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारों को यह प्रेरणा देती है कि वे माता-पिता की भूमिका को समझें, उनके साथ खड़े हों और उनके दायित्वों को निभाने में सहयोग करें।

अधिकांश देशों में सदियों से माता-पिता का सम्मान करने की परंपरा रही है। माता-पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी माता-पिता की जगह नहीं ले सकता। वे सच्चे शुभचिंतक हैं। लेकिन मानव इतिहास में कभी भी परिवार और माता-पिता की भूमिका इतनी चुनौतीपूर्ण नहीं रही, जितनी आज है। तकनीकी क्रांति ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन मानवीय संबंधों को नई परीक्षाओं के सामने भी खड़ा कर दिया है। मोबाइल, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस युग में बच्चों की दुनिया तेजी से बदल रही है। ज्ञान के स्त्रोत घर और विद्यालय से निकलकर डिजिटल मंचों तक पहुंच गए हैं। ऐसे समय में माता-पिता की भूमिका केवल पालन-पोषण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वे बच्चों के भावनात्मक संतुलन, नैतिक विकास, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक चेतना के प्रमुख संरक्षक बन गए हैं। वे केवल जीवन देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले हैं। दुनिया के हर समाज में माता-पिता को सम्मान दिया जाता है, लेकिन भारतीय संस्कृति ने उन्हें विशेष रूप से देवत्व का स्थान प्रदान किया है। हमारे उपनिषदों का उद्घोष 'मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः'- मानव सभ्यता के श्रेष्ठतम जीवन मूल्यों में से एक है। मां अपने वात्सल्य, करुणा, त्याग और ममता से जीवन को सींचती है, जबकि पिता अपने परिश्रम, अनुशासन, संरक्षण और संघर्ष से भविष्य की मजबूत नींव रखता है। इसी कारण भारतीय परिवार व्यवस्था सदियों तक विश्व के लिए आदर्श बनी रही है।

हमारे इतिहास और पुराणों में ऐसे अनेक प्रसंग हैं जो माता-पिता के सम्मान और सेवा की प्रेरणा देते हैं। श्रवण कुमार की कथा केवल एक पुत्र की कहानी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। अपने वृद्ध और दृष्टिहीन माता-पिता को कंधों पर बैठाकर तीर्थयात्रा कराने वाले श्रवण कुमार ने यह सिद्ध किया कि माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। भगवान श्रीराम ने पिता दशरथ के वचन की रक्षा के लिए राज्य, वैभव और सुखों का त्याग कर वनवास स्वीकार किया। यह केवल आज्ञापालन नहीं था, बल्कि माता-पिता के सम्मान को सर्वोच्च मानने का संदेश था। महाभारत, रामायण और जैन तथा बौद्ध साहित्य में भी माता-पिता के प्रति श्रद्धा को जीवन का सर्वोच्च मूल्य माना गया है। भगवान के रूप में माता-पिता हमारे लिये एक सौगात हैं जिनकी हमें सेवा करनी चाहिए और कभी उनका दिल नहीं तोडना चाहिए। एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। मां का रिश्ता सबसे गहरा एवं पवित्र माना गया है, लेकिन बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता कठोर इसलिये होते हैं ताकि बेटा उन्हें देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। आधुनिक समाज में माता-पिता और उनकी संतान के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है।

आज जब एकल परिवारों का विस्तार हो रहा है, जीवन की गति तेज हो गई है और रिश्तों में औपचारिकता बढ़ती जा रही है, तब माता-पिता के प्रति संवेदनशीलता को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या, पारिवारिक विघटन और पीढ़ियों के बीच बढ़ती दूरी हमें यह सोचने के लिए विवश करती है कि कहीं आधुनिकता की दौड़ में हम अपने मूल्यों को तो नहीं खो रहे हैं। आर्थिक सफलता, सामाजिक प्रतिष्ठा और तकनीकी उपलब्धियां तभी सार्थक हैं, जब उनके साथ मानवीय संवेदनाएं भी जीवित रहें। जिस घर में माता-पिता सम्मानित होते हैं, वहां संस्कारों की धारा बहती है; जहां उनका उपेक्षित होना प्रारंभ होता है, वहां परिवार की आत्मा कमजोर पड़ने लगती है। वास्तव में माता-पिता किसी भी बच्चे के प्रथम गुरु होते हैं। विद्यालय ज्ञान दे सकता है, लेकिन जीवन जीने की कला, संघर्ष का साहस, प्रेम का भाव, करुणा की संवेदना और नैतिकता की नींव माता-पिता ही रखते हैं। वे अपने बच्चों के लिए अनगिनत त्याग करते हैं, अनेक सपनों का परित्याग करते हैं और बिना किसी अपेक्षा के उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित रहते हैं। उनका प्रेम ऐसा निवेश है जिसका प्रतिफल वे कभी मांगते नहीं, लेकिन जिसकी छाया जीवनभर संतानों को सुरक्षा प्रदान करती रहती है। माता-पिता से जुड़ी संस्कृति एवं परिवारों को सशक्त बनाए बिना किसी भी राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम माता-पिता को केवल सम्मान देने की औपचारिकता तक सीमित न रहें, बल्कि उनके प्रति कृतज्ञता, संवेदनशीलता और सहयोग की संस्कृति विकसित करें। उनके अनुभवों को सुनें, उनके संघर्षों को समझें, उनके साथ समय बिताएं और उन्हें यह विश्वास दिलाएं कि वे परिवार और समाज के लिए आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने पहले थे। माता-पिता केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान की शक्ति और भविष्य की प्रेरणा हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नारे सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास की गूंज और भावना अभिभावकों के जीवन में उजाला बने, तभी नया भारत निर्मित होगा। मानवीय रिश्तों में दुनिया में माता-पिता और संतान का रिश्ता अनुपम है, संवेदनाभरा है। माता-पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संभावनाओं के पुंज हैं। हर माता-पिता अपनी संतान की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करते हैं। माता-पिता की प्रेरणाएं संतान को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही माता-पिता शिव पार्वती की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं।

विश्व माता-पिता दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि बदलती दुनिया में बहुत कुछ बदल सकता है, लेकिन माता-पिता के प्रेम, त्याग, मार्गदर्शन और समर्पण का कोई विकल्प कभी नहीं हो सकता। वे परिवार की जड़ हैं, संस्कृति के संवाहक हैं, मानवता के प्रथम शिक्षक हैं और सभ्यता की सबसे मजबूत नींव हैं।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष**– जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**वृष**– कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मिथुन**– अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्क**– संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह**– स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**कन्या**– कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**तुला**– प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक**– स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु**– नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

**मकर**– एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभ**– सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीन**– धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# गोरखपुर को कल मिल जाएगा एक और टूरिस्ट स्पॉट

- दो जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे चिलुआताल के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण
- योगी सरकार ने रामगढ़ताल की तर्ज पर 20.39 करोड़ रुपये की लागत से कराया है चिलुआताल का पर्यटन विकास
- चिलुआताल में भी लोग ले सकेंगे बोटिंग का मजा, टूरिस्ट स्पॉट बनने से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर



**गोरखपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** मंगलवार (दो जून को) गोरखपुर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को एक और टूरिस्ट स्पॉट मिल जाएगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, 20.39 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए चिलुआताल के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण करेंगे। शहर के दक्षिणी छोर में रामगढ़ताल योगी सरकार द्वारा कराए गए कायाकल्प से गोरखपुर के टूरिज्म का हॉट स्पॉट बना हुआ है तो अब उत्तरी छोर पर चिलुआताल पर्यटकों को लुभा रहा है। चिलुआताल घाट के पर्यटन विकास और सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा हो गया है।

पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र प्रसाद यादव के मुताबिक चिलुआताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 20 करोड़ 39 लाख रुपये की परियोजना को मूर्त रूप दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि चिलुआताल भी रामगढ़ताल की तरह दशकों से उपेक्षित पड़ा रहा। योगी सरकार ने पहले रामगढ़ताल का कायाकल्प कर उसे वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया तो अब चिलुआताल को संवारा गया है। कार्यदायी संस्था के रूप में यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से कराए गए कार्यों में 570 मीटर पाथवे निर्माण, घाट की सीढ़ियों का निर्माण, ताल किनारे रेलिंग, सोलर लाइट, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड, बेंच, 400 मीटर एप्रोच रोड, 500 मीटर साइड वाल एवं नाली निर्माण, गेट के सुपर स्ट्रक्चर का कार्य, कैरेट बोल्डर व स्टोन पिचिंग, दुकान, टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण आदि शामिल है। रामगढ़ताल के नौका विहार की तरफ विकसित होने से चिलुआताल की आभा निखरकर सामने आ रही है।

लोग सुबह-शाम टहलने के लिए आना शुरू कर दिए हैं। सीएम योगी के विजन से विकसित चिलुआताल टूरिस्ट स्पॉट मनोरंजन के साथ रोजगार का केंद्र भी बनेगा। सात दुकानें यहां बनकर तैयार हो गई हैं। घाट पर एक तरफ लोग सर्वाधिक लोकप्रिय पर्यटन स्थल पर मनोरंजन करेंगे वहीं लोग यहां लगी दुकानों पर जायके का आनंद भी ले सकेंगे। यही नहीं, चिलुआताल में भी रामगढ़ताल की तर्ज पर लोगों को बोटिंग करने की सुविधा मिलेगी।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर निकली ग्रीन पैडल रैली

**गोरखपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे पर महाप्रबंधक उदय बोरवणकर के मार्गदर्शन में 15 मई से 05 जून तक चल रहे पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर में 30 मई, 2026 को नो व्हीकल डे के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और हरित जीवन-शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रीन पैडल रैली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्यालय एवं कारखाने के अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, कर्मचारियों, यूनियन प्रतिनिधियों और प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाप्रबंधक बोरवणकर के मार्गदर्शन में रेलवे यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर वर्ष 2029 तक कार्बन न्यूट्रलिटी का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी संकल्प को जनभागीदारी से जोड़ने के लिए कारखाना स्तर पर लगातार हरित पहलों, जागरूकता कार्यक्रमों और पर्यावरण-अनुकूल कार्य को बढ़ावा दिया जा रहा है इस अवसर पर मुख्य कारखाना प्रबंधक सुनील कुमार शर्मा एवं कारखाने के वरिष्ठ अधिकारियों ने कारखाना परिसर से ग्रीन पैडल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रतिभागियों ने निर्धारित मार्ग पर साइकिल चलाते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ वायु, प्रदूषण नियंत्रण और मोटर वाहनों पर निर्भरता कम करने से जुड़े संदेशों को बैनर और पोस्टरों के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया। इस अवसर पर मुख्य कारखाना प्रबंधक सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण दैनिक जीवन-शैली में छोटे-छोटे बदलावों से संभव है। उन्होंने कहा कि कम दूरी के लिए साइकिल या पर्यावरण-अनुकूल साधनों का उपयोग कार्बन उत्सर्जन घटाने और स्वच्छ वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कर्मचारियों से हरित विकल्पों को व्यवहार में शामिल करने की अपील की। इस दौरान प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में सक्रिय सहयोग देने, स्वच्छता बनाए रखने और प्रदूषण कम करने के लिए सजग नागरिक के रूप में योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान कारखाना रंगमंच कर्मियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नुक्कड़-नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें सरल और प्रभावी ढंग से प्रकृति, स्वच्छता और जिम्मेदार जीवन-शैली का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/संयंत्र एच. आर. खान ने कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और सभी को पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# पुरानी जमीनी रंजिश में पिटाई से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, गांव में तनाव

**धुरियापार -गोरखपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** सिकरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढखवा में पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर साजिश के तहत पट्टीदार व पट्टीदार के रिश्तेदारों ने शनिवार की शाम लगभग 7:30 बजे 26 वर्षीय पिंटू साहनी पुत्र लल्लू साहनी को लात घूसों से बुरी तरह पीट दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की शनिवार की रात्रि 2:30 बजे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

क्या है मामला सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ढखवा में पिंटू का अपने पट्टीदारों से जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। पिंटू गोरखपुर में टेंपो चलाकर अपना जीविकोपार्जन करता था। बताया जाता है कि शनिवार की शाम पिंटू अपने घर ढखवा पहुंचा। सायंकाल लगभग 7:00 बजे गांव का ही एक लड़का उसे साथ लिवाकर गया और लगभग 1 घंटे बाद बाद वही लड़का घायल अवस्था में पिंटू को उसके घर तक पहुंचाया। पिंटू ने अपने परिजनों को बताया कि गांव के ही मुकेश, पन्ने ,अमरेश, अरविंद राम बदन के साथ बेलघाट थाना क्षेत्र के ब्रह्मसारी गांव के कुछ लड़के व दो-तीन अन्य ने मिलकर मुझे लात घूसों से मारा है। परिजन तत्काल 112 नंबर पर फोन किये। बताया जाता है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने कहा कि हलकी-फुलकी चोट है कोई गंभीर घाव नहीं है। इसके पश्चात परिजन उसे लेकर ढखवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे जहां से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरुवा पर भेज दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरुवा पर चिकित्सकों ने पिंटू की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। जहां चिकित्सा के दौरान बीती रात लगभग 2:30 बजे पिंटू की मौत हो गयी। परिजनों का आरोप परिजनों का आरोप है कि पूर्व में भी पट्टीदार तीन चार बार मारे पीटे थे जिसकी शिकायत सिकरीगंज थाने पर की गई थी। परंतु पट्टीदारों के धन- बल के प्रभाव के चलते सिकरीगंज थाने पर हम लोगों की सुनवाई कभी नहीं हुयी। उस समय क्षेत्राधिकारी खजनी तक भी इस बात की शिकायत की गई थी ।

## नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता का स्वागत

**गोरखपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** पूर्वांचल साहू समाज के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता पार्षद प्रतिनिधि वार्ड नंबर 69 श्रीराम चौक हासुपुर के साथ साहू समाज के सैकड़ों लोग रमेश गुप्ता का भव्य स्वागत,पूर्वांचल साहू समाज के जिलाध्यक्ष दिनेश गुप्ता के साथ सैकड़ों साहू समाज के लोग नवनियुक्त गोरखपुर के महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता के आवास गायत्री नगर,झरनाटोला में माल्यार्पण करके स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया तथा ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा साहू समाज के सम्मान को दृष्टिगत रखते हुए रमेश प्रताप गुप्ता को महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है जिससे गोरखपुर जनपद के 50 हजार से अधिक आबादी के लोग अपने समाज का गौरव बढ़ाने के लिए।

# छह सप्ताहीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ आज

**गोरखपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी), गोरखपुर में 1 जून 2026 से दो महत्वपूर्ण छह सप्ताहीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा। दोनों कार्यक्रमों का उद्घाटन समारोह विश्वविद्यालय के अटल भवन में प्रातः 11:00 बजे आयोजित होगा। प्रथम कार्यक्रम ₹इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन, रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा एन्सिस मॉडलिंग एवं सिमुलेशन₹ विषय पर केंद्रित है, जिसका आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग के एवं ड्रोन डिजाइन लैब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा किया जा रहा है द्वितीय कार्यक्रम ₹वीएलएसआई डिवाइसेज ट सिस्टम्स डिजाइन यूज़िंग सिल्वाको, कैडेंस एवं एफपीजीए₹ विषय पर आधारित है, जिसका आयोजन विभाग की वीएलएसआई रिसर्च लैब द्वारा किया जा रहा है इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को उद्योगों में व्यापक रूप से उपयोग की जा रही अत्याधुनिक तकनीकों एवं सॉफ्टवेयर टूल्स का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को ड्रोन प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 3डी प्रिंटिंग, मॉडलिंग एवं सिमुलेशन तथा वीएलएसआई चिप डिजाइन जैसी उभरती हुई तकनीकों पर विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा। इससे उनकी तकनीकी दक्षता, नवाचार क्षमता एवं समस्या-समाधान कौशल का विकास होगा, साथ ही उद्योग, अनुसंधान एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार एवं करियर की संभावनाएं भी सुदृढ़ होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्योतिष, वास्तु व कर्मकांड में डिप्लोमा ,आवेदन 4 जून तक

**गोरखपुर , 31 मई (तरुणमित्र)।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग में संचालित पी.जी. डिप्लोमा ज्योतिष, वास्तु एवं कर्मकांड के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह एक वर्षीय पूर्णकालिक व्यावसायिक पाठ्यक्रम है। विश्वविद्यालय की आधिकारिक प्रवेश वेबसाइट के अनुसार अभ्यर्थी आवेदन के लिए पोर्टल पर जाकर पंजीकरण और आगे की प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। उपलब्ध प्रवेश सूचना के अनुसार आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन है तथा पोर्टल पर पंजीकरण, लॉगिन, शुल्क भुगतान और प्रिंट की सुविधा उपलब्ध है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम तीन वर्षीय स्नातक उपाधि आवश्यक है। पाठ्यक्रम ज्योतिष, वास्तु तथा कर्मकांड के क्षेत्र में व्यावसायिक दक्षता विकसित करने पर केंद्रित है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 4 जून 2026 है। इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की जाती है कि वे समय रहते ऑनलाइन आवेदन कर आवश्यक शुल्क जमा करें और पुष्टि-पत्र का प्रिंट सुरक्षित रखें। यह पाठ्यक्रम परंपरागत भारतीय ज्ञान पर आधारित व्यावसायिक संभावनाओं से जुड़ा माना जा रहा है, जिसमें कर्मकांड अनुष्ठानों के लिए प्रशिक्षित पुरोहित के रूप में कार्य, ज्योतिष परामर्श केंद्र की स्थापना तथा वास्तु परामर्श से संबंधित अवसर शामिल हैं। गौरतलब है कि सेना में धर्मगुरु की नौकरी हासिल करने के लिए यह कोर्स काफी महत्वपूर्ण है.अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करें।

### खिलाड़ी पर प्राण घातक हमला,केस दर्ज

**पिपराइच,गोरखपुर , 31 मई (तरुणमित्र)।** कोआपरेटिव इंटर कालेज पिपराइच के मैदान में क्रिकेट खेलते समय खिलाड़ी युवक पर गोलबंद हो पुरानी रंजिश को लेकर प्राण घातक हमला बोल दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है ।जानकारी अनुसार शनिवार शाम कोआपरेटिव इंटर कालेज खेल के मैदान में शनिवार शाम कस्बा पिपराइच चुंगी चौराहा निवासी शिवांश त्रिपाठी साथियों संग क्रिकेट खेल रहा था। दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि कालेज के बगल मुड़ेरी गढ़वा निवासी राहुल कुमार के ललकारने पर राहुल,बादल कुमार, अभी संगम सहित पांच दस अज्ञात धारदार हथियार,लाठी डंडे,पंच आदि से प्राण घातक हमला कर दिया ।शोर मचाने पर बचाव करने वालों से भी दुर्व्यवहार किया गया । बुजुर्ग पिता जी की पीटाई कर दिया। जिससे बेहोश हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। भाई आर्यन त्रिपाठी के तहरीर पर रात बारह बजे पुलिस ने पांच नामजद तथा 5-10 अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस धाराओं 191/2,191/3,109/1,110,115/2,351/3 में केस दर्ज कर जांच व आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### तंबाकू सेवन जैसी घातक आदतों से खुद को दूर रखें युवा : सुमन

**गोरखपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) की माता अनुसुइया इकाई एवं स्वामी विवेकानंद इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता व्याख्यान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सुमन यादव ने कहा कि युवा वर्ग देश का भविष्य है। नौजवान यदि तंबाकू सेवन जैसी घातक आदतों से स्वयं को दूर रखेंगे, तो एक स्वस्थ, सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल सेवा कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक तैयार करना भी है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नितीश कुमार ने इस वर्ष के तंबाकू निषेध दिवस की थीम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार एवं समाज के विकास में भी बाधक बनता है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों ने तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने की शपथ ली।

# वीरांगना महारानी अहिल्याबाई होल्कर की मनाई जयंती

**गोरखपुर , 31 मई (तरुणमित्र)।** महान वीरांगना महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती बेतियाहाता स्थित समाजवादी पार्टी के महानगर कार्यालय पर गरिमामय ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी ने की, जबकि कुशल संचालन जिला महासचिव रामनाथ यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके महान व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया।'तलवार से नहीं, करुणा और धैर्य से होता है नेतृत्व'सभा को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी और जिला महासचिव रामनाथ यादव ने कहा:महारानी अहिल्याबाई होल्कर इतिहास के उन विरले शासकों में से थीं, जिनका शासनकाल केवल न्यायप्रियता और कुशल प्रशासन के लिए ही नहीं, बल्कि उनकी अगाध धर्मनिष्ठा और सेवा भावना के लिए भी अमर है। सच कहा जाए तो अहिल्याबाई होल्कर सिर्फ एक शासिका नहीं, बल्कि सेवा, न्याय और अध्यात्म का एक जीवंत विचार थीं।उन्होंने आगे कहा कि महारानी ने दुनिया को सिखाया कि सच्चा नेतृत्व केवल तलवार के बल पर नहीं, बल्कि करुणा, धैर्य और धर्म के मार्ग पर चलकर हासिल किया जाता है। वे भारतीय इतिहास में नारी शक्ति का ऐसा अमिट प्रतीक हैं, जिनकी गौरव गाथा युगों-युगों तक आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं की रही गरिमामयी उपस्थितिइस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से एमएलसी प्रत्याशी कमलेश यादव, महानगर महासचिव बृजनाथ मौर्य, कृष्ण भान सिंह सैथवार, राजेन्द्र यादव, संजय पहलवान, मैना भाई, पारसनाथ यादव और शशिकांत दुबे उपस्थित रहे।

# गीडा के औद्योगिक विकास को मिलेगी नई उड़ान

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 जून को करेंगे यूपी के दूसरे फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण**




**गोरखपुर , 31 मई (तरुणमित्र)।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में उद्यमिता और औद्योगिक विकास को नई उड़ान मिलने जा रही है। हाल के वर्षों में बड़े औद्योगिक यूनिट्स स्थापना की श्रृंखला के बीच गीडा में एमएसएमई यूनिट्स की भी नई कतार नजर आने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इसका जरिया बना है गीडा के सेक्टर-13 में बना फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स। यह प्रदेश का दूसरा निर्मित फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स है जिसका लोकार्पण 3 जून (बुधवार) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस अवसर पर सीएम योगी, गीडा औद्योगिक क्षेत्र में एलआईजी-ईडब्ल्यूएस आवासीय परिसर का उद्घाटन करने के साथ करीब 208 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। लघु एवं मध्यम उद्यम को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने गोरखपुर के गीडा में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया है। प्लग एंड प्ले मॉडल वाले इस कॉम्प्लेक्स के जरिये लघु एवं मध्यम उद्यम के विस्तार से उद्यमिता विकास और तेज होगा।

गीडा के औद्योगिक सेक्टर-13 में 42.50 करोड़ रुपये की लागत से बना फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स, प्रदेश में अपनी तरह का दूसरा कॉम्प्लेक्स है। एमएसएमई विभाग की तरफ से पहला फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स कानपुर में शुरू किया गया है। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक बताती हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स, गीडा के औद्योगिक सेक्टर-13 में 10860 वर्गमीटर (2.68 एकड़) क्षेत्रफल में 42.50 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार है। फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स के इंडस्ट्रियल ब्लॉक (जी+3) में 80 इकाइयों के लिए प्रति इकाई का क्षेत्रफल 97.51 वर्गमीटर एवं एमिनिटी / यूटीलिटी ब्लॉक (जी+1) में 42 इकाईयों हेतु, प्रति यूनिट इकाई का क्षेत्रफल 20.89 वर्गमीटर है। इंडस्ट्रियल ब्लॉक में एमएसएमई की यूनिट्स प्लग एंड प्ले मॉडल पर लगेंगी। हर तरह की सुविधा पहले से मौजूद होने से कोई भी उद्यमी आवंटन के बाद यहां आकर सीधे कार्य प्रारंभ कर सकेगा। यूटिलिटी ब्लॉक में बैंक, गोदाम, सेल्स शोरूम आदि के लिए स्थान आवंटित किया जाएगा।फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स में प्लग एंड प्ले सुविधा के साथ अन्य कई मूलभूत और उद्योग अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं।

# पर्यावरण संरक्षण,कार्यक्रम आयोजित

**गोरखपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 15 मई से 05 जून, 2026 तक चलाये जा रहे विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के सोलहवे दिन 30 मई, 2026 को मुख्यालय तथा मंडलों के प्रमुख स्टेशनों, कारखानों, डिपो, कार्यालयों, रेलवे कॉलोनियों एवं चिकित्सालयों में पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।इसी क्रम में, लखनऊ मंडल पर विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत मंडल रेल प्रबन्धक, लखनऊ श्री गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में लखनऊ जंक्शन पर ह्यएक पेड़ माँ के नामह्य विषय के अन्तर्गत प्रभात फेरी का आयोजन कर यात्रियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया तथा वृक्षारोपण को बढ़ावा देने एवं हरियाली को बनाये रखने, पार्कों के रखरखाव को सुगम बनाने, सफाई मित्रों को योग, शारीरिक व्यायाम, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बनाये रखने हेतु जागरूक किया गया।

यात्रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान और उसके विकल्प के बारे में बताया गया और यात्रियों एंव सफाई मित्रों को ई-कचरे और उसके उचित निस्तारण के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य निरीक्षक खलीलाबाद द्वारा जन जागरुकता रैली निकालकर यात्रियों और कर्मचारियों को पर्यावरण के विषय में जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया गया। बस्ती रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पेड़ लगाने और प्लास्टिक हटाने हेतु जागरूक किया गया। माल गोदाम रेलवे कॉलोनी में बने पार्क में सफाई मित्रों द्वारा श्रमदान किया गया और वृक्षारोपण किया गया। गोण्डा रेलवे कॉलोनी में कर्मचारियों को पर्यावरण की शपथ दिलाई गई तथा सस्टेनेबल लिविंग के बारे में जानकारी दी गई। सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपडे का थैले का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया और स्टील की बोतल का प्रयोग करने एवं वाटर वेडिंग मशीन से पानी लेने हेतु सुझाव दिये गये। वाराणसी मंडल पर मंडल रेल प्रबन्धक, वाराणसी आशीष जैन के देखरेख में पर्यावरण संरक्षण हेतु वाराणसी मंडल के स्टेशनों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत प्रभात फेरी, प्लास्टिक प्रदूषण का मूल्यांकन/निगरानी, प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करने के लिए सोशल मीडिया अभियान, पोस्टर और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना और प्लास्टिक कचड़े को कम करने हेतु रेलकर्मियों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा ।

## स्व .वीर बहादुर सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई

**खजनी, गोरखपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** इस अवसर पर महाविद्यालय के एवं सेंट ऐन्स पब्लिक स्कूल के प्राध्यापक कर्मचारियों ने वीर बहादुर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया इस अवसर पर डॉक्टर के .पी .चौरसिया ने कहा है कि जब तक सूरज चांद रहेगा वीर बहादुर सिंह का नाम रहेगा वीर बहादुर सिंह अमर रहे हैं वीर बहादुर सिंह जिंदाबाद के नारे गुंजायमान हुए तथा कहा कि पूर्वांचल में विकास की गंगा को बहाने वाले इसी माटी के सपूत वीर बहादुर सिंह ने विकास का अलख जगाया जो सपने आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गोरखपुर एवं पूर्वांचल में विकास को गति प्रदान किया है स्व. वीर बहादुर सिंह उत्तर प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के संचार मंत्री के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वाह किया था।

# रील बनाते हुए सरयू में कूदा युवक, लापता

**बड़हलगंज,गोरखपुर , 31 मई (तरुणमित्र)।** दोहरीघाट पुल पर रील बनाने के दौरान स्टंट करते हुए एक युवक ने अचानक सरयू नदी में छलांग लगा दी और गहरे पानी में समा गया। उसे बचाने के लिए उसका साथी भी नदी में कूद पड़ा। नाविकों ने साथी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

स्टंट करने वाले युवक का पता नहीं चल सका।जानकारी के अनुसार, लालगंज मोहल्ला निवासी दिलशाद (23) अपने मित्र मोहम्मद सुहैल के साथ दोहरीघाट पुल पर मोबाइल से रील बना रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वीडियो को आकर्षक बनाने के उद्देश्य से उसने अचानक पुल से छलांग लगा दी।कुछ ही देर बाद वह पानी में संघर्ष करता दिखाई दिया और तेज बहाव के बीच नियंत्रण खो बैठा। साथी को डूबता देख सुहैल ने बिना देर किए नदी में छलांग लगा दी। हालांकि वह भी धारा की चपेट में आ गया। घाट पर मौजूद नाविकों ने स्थिति को भांपते हुए तत्काल नाव लेकर बचाव शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद सुहैल को बाहर निकाल लिया।

इस दौरान दिलशाद नजरों से ओझल हो चुका था।घटना की सूचना मिलते ही बड़हलगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों और नाविकों को लगाकर नदी में तलाश अभियान चलाया गया। पुलिस ने आसपास के घाटों पर भी खोजबीन कराई लेकिन अंधेरा होने तक कोई सफलता नहीं मिली। हादसे के बाद पुल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। थाना प्रभारी सुनील राय ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दिलशाद नशे की हालत में था। गोताखोर लगाकर खोजबीन की जा रही है।

# पावर ब्लॉक, गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

**गोरखपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या-03 एवं 04 पर आर.एल.डी.ए. द्वारा कार्य किये जाने के कारण यातायात एवं पावर ब्लॉक लिए जाने हेतु गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन रहेगा। मार्ग परिवर्तन-- टनकपुर से 01 जून, 2026 को चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आलमनगर-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ स्टेशन पर नहीं रहेगा तथा इस गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव आलमनगर एवं उतरेटिया स्टेशनों पर रहेगा। टनकपुर से 31 मई, 2026 को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आलमनगर-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ स्टेशन पर नहीं रहेगा तथा इस गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव आलमनगर एवं उतरेटिया स्टेशनों पर रहेगा। सिंगरौली से 30 मई, 2026 को चलने वाली 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर-आलमनगर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ स्टेशन पर नहीं रहेगा तथा इस गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव उतरेटिया एवं आलमनगर स्टेशनों पर रहेगा। -शक्तिनगर से 31 मई, 2026 को चलने वाली 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर-आलमनगर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ स्टेशन पर नहीं रहेगा तथा इस गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव उतरेटिया एवं आलमनगर स्टेशनों पर रहेगा। बनारस से 31 मई एवं 01 जून, 2026 को चलने वाली 15119 बनारस-देहरादून एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर-आलमनगर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ स्टेशन पर नहीं रहेगा तथा इस गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव उतरेटिया एवं आलमनगर स्टेशनों पर रहेगा। गोरखपुर से 30 एवं 31 मई, 2026 को चलने वाली 12571 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-मल्हौर-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जायेगी।

मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ स्टेशन पर नहीं रहेगा तथा इस गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव बादशाहनगर एवं ऐशबाग स्टेशनों पर रहेगा। गोरखपुर से 01 जून, 2026 को चलने वाली 19410 गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-मल्हौर-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जायेगी।

# एम्सः छुट्टी पर थीं डीन, फिर कैसे जारी हुआ आदेश?

## एमबीबीएस छात्रों की एक्स्ट्रा क्लास पर उठे सवाल, डीन एकेडमिक्स अवकाश पर, कक्षाओं की बनाई गई व्यवस्था




**गोरखपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** गोरखपुर एम्स प्रशासन ने हाईकोर्ट के निर्देश के अनुपालन में एम्स प्रशासन द्वारा जारी किए गए एक आदेश को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। एमबीबीएस के दो छात्रों जितेंद्र भाटी और वीर सिंह मीणा की कम उपस्थिति के मामले में जारी एक्स्ट्रा क्लास के आदेश पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि जिस अधिकारी के नाम और मुहर से आदेश जारी हुआ, वह उस समय अवकाश पर थीं। जानकारी के अनुसार, एम्स गोरखपुर की डीन एकेडमिक्स डॉ. महिमा मित्तल 20 मई से 12 जून तक अवकाश पर हैं। वहीं, हाईकोर्ट के आदेश के बाद 29 मई को दोनों छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने का आदेश जारी किया गया। आदेश में डीन एकेडमिक्स डॉ. महिमा मित्तल की मुहर लगी है, जबकि हस्ताक्षर फॉर के रूप में किए गए हैं। इसी को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि जब डीन के अनुपालन में एम्स प्रशासन द्वारा जारी किए गए एक आदेश को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। एमबीबीएस के दो छात्रों जितेंद्र भाटी और वीर सिंह मीणा की कम उपस्थिति के मामले में जारी एक्स्ट्रा क्लास के आदेश पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि जिस अधिकारी के नाम और मुहर से आदेश जारी हुआ, वह उस समय अवकाश पर थीं। जानकारी के अनुसार, एम्स गोरखपुर की डीन एकेडमिक्स डॉ. महिमा मित्तल 20 मई से 12 जून तक अवकाश पर हैं। वहीं, हाईकोर्ट के आदेश के बाद 29 मई को दोनों छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने का आदेश जारी किया गया। आदेश में डीन एकेडमिक्स डॉ. महिमा मित्तल की मुहर लगी है, जबकि हस्ताक्षर फॉर के रूप में किए गए हैं।

इसी को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि जब डीन के अनुपालन में एम्स प्रशासन द्वारा जारी किए गए एक आदेश को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। एमबीबीएस के दो छात्रों जितेंद्र भाटी और वीर सिंह मीणा की कम उपस्थिति के मामले में जारी एक्स्ट्रा क्लास के आदेश पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि जिस अधिकारी के नाम और मुहर से आदेश जारी हुआ, वह उस समय अवकाश पर थीं। जानकारी के अनुसार, एम्स गोरखपुर की डीन एकेडमिक्स डॉ. महिमा मित्तल 20 मई से 12 जून तक अवकाश पर हैं।

वहीं, हाईकोर्ट के आदेश के बाद 29 मई को दोनों छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने का आदेश जारी किया गया। आदेश में डीन एकेडमिक्स डॉ. महिमा मित्तल की मुहर लगी है, जबकि हस्ताक्षर फॉर के रूप में किए गए हैं एम्स गोरखपुर के मीडिया प्रभारी डॉ. अरूप मोहंती ने कहा कि जब कोई फैकल्टी अवकाश पर होती है तो उसका प्रशासनिक प्रभार किसी अन्य फैकल्टी को सौंप दिया जाता है। इसी व्यवस्था के तहत आदेश जारी किया गया है और डीन एकेडमिक्स की ओर से हस्ताक्षर किए गए हैं।

## केदार नाथ राय को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**गोरखपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** गोरक्षनाथ सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद त्रिपाठी के सानिध्य में एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सह दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पंडित संतोष मिश्रा के नेतृत्व में पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्व० केदार नाथ राय जी की प्रथम पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व० केदार नाथ राय जी के संघर्षपूर्ण एवं जनसेवा से ओत-प्रोत जीवन को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुँचाने का कार्य किया। वे सामाजिक समरसता, संगठनात्मक मजबूती तथा जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर सक्रिय रहे।

# डीएम ने बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थ नगर, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनपद में आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 को पूरी तरह से सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन द्वारा बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज, सिद्धार्थनगर स्थित परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया।सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी का लिया जायजा निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं का गहनता से बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों से परीक्षा संचालन से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहाः परीक्षा की शुचिता और गोपनीयता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन ने परीक्षा कक्षों का स्वयं भ्रमण कर अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों के अनुरूप ही परीक्षा में सम्मिलित कराया जाए और किसी भी प्रकार की अनुचित या संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तत्काल प्रभावी व कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए।

उन्होंने परीक्षा में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता, निष्ठा और ईमानदारी से करने की हिदायत दी। व्यवस्थाएं मिलीं संतोषजनक।

जिलाधिकारी के इस औचक निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रशासनिक अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य सहयोगी कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के अंत में परीक्षा केंद्र पर सभी प्रबंध पूरी तरह संतोषजनक पाए गए और परीक्षा अत्यंत शांतिपूर्ण तथा सुचितापूर्ण वातावरण में हुई संपन्न।

## जनसुनवाई में महोली विधायक ने सुनी समस्याएं

**सीतापुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने अपने कैंप कार्यालय ब्रह्मावली में रविवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत क्षेत्र से आए हुए सैकड़ो लोगों की समस्याएं सुनी और उनके तुरंत निदान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।उन्होंने कहा की जन सुनवाई के दौरान आई हुई शिकायतों का निस्तारण समय पर सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लोगों को बार-बार तहसील ब्लाक और कोतवाली के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाए इसमें किसी तरह की कोताही न बरती जाए। वही कई लोगों ने विद्युत समस्या की तरफ विधायक का ध्यान आकर्षित किया इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख महोली जगदीश प्रसाद ब्लॉक प्रमुख पिसावा मिथिलेश सिंह यादव कृष्ण कुमार मट्टू संजय कुमार वर्मा साहित ग्राम प्रधान और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक आयोजित

**संत कबीर नगर, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी धनघटा अभयनाथ मिश्रा* के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महुली दुर्गेश पाण्डेय* द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग को सुदृढ़ बनाए जाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु ग्राम प्रहरियों (चौकीदारों) के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान ग्राम प्रहरियों से उनके-अपने ग्रामों की वर्तमान स्थिति, कानून एवं शांति व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं, वृद्ध एवं असहाय व्यक्तियों की स्थिति, दिव्यांगजन की आवश्यकताओं तथा ऐसे व्यक्तियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई जिन्हें पुलिस अथवा प्रशासनिक स्तर पर सहायता की आवश्यकता हो ग्राम प्रहरियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने गांवों में निवास कर रहे अकेले वृद्धजन, दिव्यांगजन, निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की जानकारी नियमित रूप से पुलिस को उपलब्ध कराएं, जिससे आवश्यकतानुसार उनकी सहायता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही गांवों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों, बाहरी व्यक्तियों के आगमन, आपसी विवादों, महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी मामलों तथा सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली किसी भी सूचना से तत्काल पुलिस को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया।बैठक में ग्राम प्रहरियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना गया तथा पुलिस एवं ग्रामीण समुदाय के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। उपस्थित ग्राम प्रहरियों को बताया गया कि जनसहयोग एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान से अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।थाना महुली पुलिस द्वारा आश्वस्त किया गया कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता हेतु पुलिस सदैव तत्पर है तथा कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से जनता एवं पुलिस के बीच विश्वास एवं सहयोग को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा ।



## संक्षिप्त समाचार

### दो वारंटी गिरफ्तार

**सिद्धार्थ नगर , 31 मई (तरुणमित्र)।** डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा वांछित अभियुक्त व वारण्टी अभियुक्तों के गिरफ्तारी के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व प्रवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल निर्देशन में आज 31.05.2026 को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा कार्यवाही करते हुए दो नफर वारंटी - 01.वासदेव पुत्र भगगन 02. राजकुमार पुत्र राममिलन निवासीगण जिनगिहवा उर्फ जोलहाभारी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर सम्बन्धित फौजदारी वाद संख्या 11/26 धारा 323,504 भादवि सरकार बनाम अमरजीत आदि थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर सम्बन्धित ग्राम न्यायालय इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए उपरान्त माननीय न्यायालय भेजा गया ।

### जनगणना कार्य में लापरवाही पर रोका शिक्षक का वेतन

**देवरिया, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनगणना-2027 के तहत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर ने एक शिक्षक का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है।भाटपाररानी विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय बनकटा शंभु में तैनात सहायक अध्यापक अजीत प्रताप सिंह को प्रगणक नियुक्त किया गया था, लेकिन उन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया। प्रशासन के अनुसार इससे जनगणना कार्य प्रभावित हुआ।एडीएम ने इसे जनगणना अधिनियम-1948 के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए संबंधित शिक्षक से 24 घंटे में साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही चेतावनी दी है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर विधिक व विभागीय कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दैवीय आपदा प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचे सदर विधायक

**संत कबीर नगर , 31 मई (तरुणमित्र)।** खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के दैवीय आपदा प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचे विधायक अंकुर राज तिवारी ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। ग्राम महुई में अजय कुमार यादव एवं ग्राम कोनी में रमाकांत यादव की आकस्मिक मृत्यु के बाद विधायक ने मृतक आश्रितों को सरकार की ओर से 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान एसडीएम हृदय नारायण त्रिपाठी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

### एसआई के खिलाफ जांच व तबादले की मांग

**भांवरकोल, गाजीपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** दिनांक 29/ 5 /2026 को पूर्व जिला सचिव बसपा जितेश कुमार राम ग्राम किशनपुरा भांवरकोल द्वारा गाजीपुर पुलिस अधीक्षक महोदय से मिलकर भांवरकोल थाने के एस आई कमलेश कुमार पर शिकायती पत्र देकर अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है और साथ ही तबादला कर एस आई के खिलाफ जांच कर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है जो प्रकाश में आया है` बताते चलें कि 28/05/026 को सियाड़ी ग्राम के दो पक्षों में मारपीट का घटना सामने आया थो जिसमें एक पक्ष लालती देवी आदि तथा दूसरा पक्ष गोलू गोड़ आदि भांवरकोल थाने पहुंच कर अपना अपना पैरवी और पक्ष रखने लगें मौके पर पूर्व जिला सचिव बसपा जितेश कुमार राम भी पहुंच गऐ जब उन्होंने देखा कि मामला आगे बढ़ सकता है तो दोनों पक्षों को समझाया बुझाया और बिना जोर जबरदस्ती का एक सुलह समझौता करा दिया`और सुलह का कागजात जांच कर रहे रक कमलेश कुमार को सौंप दिया गयो समझौते का कागजात देखते ही थाने के र क कमलेश कुमार ने जितेश कुमार राम पर बरस पड़े परिचय पूछा तो अपना परिचय पूर्व जिला सचिव बसपा बतायो यह शब्द सुनते ही थाने के र कआग बबूला हो गए भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जेल में डालने की धमकियां भी देने लगे और आगे उन्होंने कहा कि तुमको किसी अन्य मामले में फंसा कर जेल भेज देंगे जब हवालात का रोटी खाएगा और मुकदमा लड़ेगा तो दिमाग ठिकाने लग जाएगा` इन सब अप्रिय बातों को सुनकर पूर्व जिला सचिव बसपा पर असंतोष व भय व्याप्त हो गयो और उनको लगा कि क्षेत्रीय लोगों पर ऐसे ही पुलिसिया रोब दिखाकर भय का माहौल बनाकर डराया जा रहा है जिससे असहाय और कमजोर लोगों का कुछ भी काम नहीं हो रहा है बल्कि उनके खिलाफ काम होता है पूर्व जिला सचिव पुलिस अधीक्षक गाजीपुर को अपने शिकायती पत्र में कहा है कि सरकार के मन मुताबिक कोई कार्य नहीं हो रहा है बल्कि सरकार की छवि खराब करने पर आमादा है आगे उन्होंने आरोप लगाते हुए ।

# कलम की ताकत समाज को दिलाती है न्याय की उम्मीद : डॉ. ज्ञान प्रकाश

**बांसी, सिद्धार्थनगर, 31 मई (तरुणमित्र)।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सहयोग समिति बांसी द्वारा वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय हरिशंकर श्रीवास्तव की स्मृति में वर्तमान पत्रकारिता और चुनौतियां विषयक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता की निष्पक्षता, सामाजिक दायित्व, बदलते तकनीकी परिवेश तथा मीडिया के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर गंभीर मंथन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के पत्रकारों, साहित्यकारों एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी डॉ. ज्ञान प्रकाश ने कहा कि वर्तमान समय में




कलम की ताकत सबसे बड़ी ताकत है। पत्रकार समाज की समस्याओं को शासन और प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की खबरें ही कई बार पीड़ितों को न्याय दिलाने का माध्यम बनती हैं। पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं बल्कि समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ निभाया जाना चाहिए।विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद डॉ. चन्द्रशेखर त्रिपाठी ने कहा कि तकनीक के इस युग में पत्रकारिता का स्वरूप तेजी से बदला है। सूचना का प्रसार जितना आसान हुआ है, उतनी ही जिम्मेदारी भी बढ़ी है। पत्रकारों को तथ्यों की प्रमाणिकता और सामाजिक सरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डॉ. ज्ञानेन्द्र द्विवेदी दीपक ने की, जबकि संचालन कवि सुशील श्रीवास्तव सागर ने किया। संगोष्ठी को सगीर खाकसार, सुभाषचन्द्र पाण्डेय, डॉ. बलराम त्रिपाठी, हरिप्रसाद पाठक, राजेन्द्र प्रसाद दुबे, प्रो. कालिका प्रसाद त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक, कृष्ण कुमार मिश्र, ब्रह्मदेव शास्त्री पंकज, राकेश कुमार गंवार, अनुपमा सिंह दुबे, अजीत मौर्य सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।

## अनंता नदं ने सुनाई गोवर्धन पूजन कथा

**सीतापुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** महोली के श्री राधा कृष्ण आश्रम में अनंता नंद ने गोवर्धन कथा को आगे बढ़ाते हुए कथा में इंद्र के कोप से बचने के लिए गोवर्धन पूजा का महत्व बताया ।उन्होंने बताया की इंद्र देव के घमंड को तोड़ने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने इस लीला को किया और वही से गोवर्धन पर्वत की पूजा की शुरूआत हुई ।इस दौरान उमेश चंद्र मिश्रा रेखा रानी मिश्रा ने कथा में पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत वंदन किया ।वही रिमझिम मिश्रा आशू मिश्रा सहित परिवार के सदस्यों ने साधु संतो और बटुकों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

# 25 हजार का इनामिया हत्यारोपी गिरफ्तार

**देवरिया, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामिया आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। खुखुन्दू पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी को नूनखार रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई ।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी दुर्गेश पुत्र जगदीश निवासी सलाहाबाद वार्ड नंबर-6 थाना सलेमपुर जनपद देवरिया है। आरोपी थाना खुखुन्दू में दर्ज हत्या के मुकदमे में वांछित चल रहा था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। खुखुन्दू पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नूनखार स्टेशन के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक लवकुश कुमार, कांस्टेबल गिरजेश यादव और रिक्रूट कांस्टेबल आदित्य शर्मा शामिल रहे। क्षेत्राधिकारी सलेमपुर मनोज कुमार ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को 50 हजार रुपये की धनराशि कराई गई वापस

**संत कबीर नगर, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे क्रैक साइबर क्राइम अभियान के अन्तर्गत साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु साइबर क्राइम हेल्प डेस्क थाना महुली पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को 50,000/- रुपये की धनराशि वापस कराई गई ।घटना का संक्षिप्त विवरण :-वादी असजद हुसैन पुत्र अतहर हुसैन निवासी छितही थाना महुली जनपद संतकबीरनगर द्वारा शिकायत दर्ज करायी गयी कि दिनाँक 11.02.2026 को एक व्यक्ति द्वारा कोयला उपलब्ध कराने के नाम पर उनसे धनराशि प्राप्त कर ली गयी, किन्तु न तो कोयला उपलब्ध कराया गया और न ही धनराशि वापस की गयी । शिकायत प्राप्त होने पर थाना महुली पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित बैंकिंग एवं तकनीकी माध्यमों से तत्काल आवश्यक कार्यवाही की गई। निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप पीड़ित के खाते में 50,000/- की धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गयी ।जनपद पुलिस की अपील :- जनपद पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की जाती है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक, कॉल या संदेश पर विश्वास न करें तथा अपनी बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड या यूपीआई पिन किसी के साथ साझा न करें ।

# समाजवादियों ने जयन्ती पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर को किया नमन

**बस्ती , 31 मई (तरुणमित्र)।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर को जयंती पर याद किया गया। इसी क्रम में बस्ती सदर विधानसभा के बूथ स्तर के तैयारियों की समीक्षा की गई। सपा जिलाध्यक्ष और सपा विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर, मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थीं। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, मालवा की महारानी के रूप में, धर्म का संदेश फैलाने में और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। आज वे व्यापक रूप से अपनी बुद्धिमत्ता, साहस और प्रशासनिक




कौशल के लिए जानी जाती हैं। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। बस्ती सदर विधानसभाध्यक्ष मो. सलीम, राम सिंह यादव, सुरेन्द्र सिंह छोटे, पवन यादव, जावेद पिण्डारी, सौरभ मिश्र, मो. हारिश, प्रदीप गौतम, राम शंकर निराला, कैलाश शर्मा, रामभवन यादव, बैजनाथ शर्मा, जोखूलाल यादव, अनिल निषाद, पंकज निषाद आदि ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर एक बहादुर, निडर और महान योद्धा थीं। उन्होंने अपने शासन के दौरान प्रजा के हित के लिए अनेक कार्य किये। कहा कि उनको हमेशा से एक बहादुर, आत्मनिष्ठ, निडर महिला के रूप में याद किया जाता है। वे अपने समय की सर्वश्रेष्ठ योद्धा रानियों में से एक थीं, जो अपनी प्रजा की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहती थीं. इतना ही नहीं उनके शासन काल में मराठा मालवा साम्राज्य ने काफी ज्यादा नाम कमाया था। जनहित के लिए काम करने वाली महारानी ने कई हिंदू मंदिर का निर्माण भी करवाया था, जो आज भी पूजे जाते हैं। वक्ताओं ने कहा कि अहिल्याबाई एक दार्शनिक और कुशल राजनीतिज्ञ थीं इसी वजह से उनकी नजरों से राजनीति से जुड़ी कोई भी बात छुप नहीं सकती थी। महारानी की इन्हीं खूबियों के चलते ब्रिटिश इतिहासकार जॉन कीस ने उन्हें द फिलॉसोफर क्वीन की उपाधि से नवाजा था।

# अपराध पर कार्रवाई से लेकर मौसम अलर्ट तक, पुलिस रही पूरी तरह सक्रिय

**देवरिया, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस ने कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और मौसम जनजागरूकता को लेकर जिलेभर में कई अहम अभियान चलाए। कहीं अवैध तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार हुआ तो कहीं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं मौसम विभाग की चेतावनी के बाद पुलिस ने गांव-गांव और बाजारों में पहुंचकर लोगों को सतर्क रहने की अपील की। तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार रुद्रपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सहनकोट माता मंदिर के पास से मोटरसाइकिल सवार सूरज यादव को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का एक देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी पर पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट मामले में आरोपी गिरफ्तार सुरौली पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी उग्रसेन उर्फ भल्लू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता के परिजनों ने 29 मई को थाना सुरौली में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने बीएनएस, पाक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। बहू-बेटी अभियान के जरिए महिलाओं को किया जागरूक मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जिले के सभी थानों में बहू-बेटी चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीमों ने गांवों और कस्बों में चौपाल लगाकर दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया।

साथ ही नए आपराधिक कानूनों और सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई ।यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती यातायात पुलिस ने शहर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर बिना फिटनेस, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और सड़क पर अवैध रूप से सवारी भरने वाले ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की।

## सर्पदंश से युवती की मौत

**फतेहपुर , 31 मई (तरुणमित्र)।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में रविवार की सुबह घर के बाहर बैठी 19 वर्षीय युवती को जहरीले सर्प ने डस लिया। इलाज के लिए परिजन हथगाम सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया ।जानकारी के अनुसार रसूलपुर गांव निवासी रामू की पत्नी रूपा देवी रविवार की सुबह घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो पहले उसे हुसैनगंज सीएचसी लाए और बाद में घर वाले उसे हथगाम सीएचसी ले गए। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# दो महिला गिरफ्तार, लाखों के आभूषण व नकदी बरामद

**तमकुहीराज/कुशीनगर , 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। सेवरही थाना क्षेत्र में चलती टेम्पो से गहने चोरी करने वाली दो शातिर महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी किए गए आभूषण और 220 रुपये नकद भी बरामद किए हैं ।यह मामला थाना सेवरही में बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो महिलाएं चलती टेम्पो में यात्रियों के गहने चोरी करती हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने अपनी सक्रियता बढ़ाई और वांछित अभियुक्तों की तलाश शुरू की ।दिनांक 30 मई 2026 को, सेवरही पुलिस ने बनरहा मोड़, थाना सेवरही, जनपद कुशीनगर से दो वांछित अभियुक्ताओं को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान शोभा देवी पत्नी राहुल मांझी (उम्र करीब 37 वर्ष, निवासी बखरा थाना सरैया जिला मुजफ्फरपुर बिहार) और मचिया देवी पत्नी सुजीत मांझी (उम्र 38 वर्ष, निवासी मरवन थाना करजा जनपद मुजफ्फरपुर बिहार) के रूप में हुई है।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक जोड़ी पायल (सफेद धातु), एक जोड़ी झुमका (पीली धातु) और 220 रुपये नकद बरामद किए ।पुलिस के अनुसार, अभियुक्ता शोभा देवी का आपराधिक इतिहास रहा है। उनके खिलाफ पहले भी मु0अ0सं0 324/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना सेवरही जनपद कुशीनगर में मामला दर्ज है। वर्तमान में वह में भी वांछित थीं।

# बनकटा में सीडीओ की चौपाल, विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी

**देवरिया, 31 मई (तरुणमित्र)।** शासन की योजनाओं को गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह ने विकास खंड बनकटा क्षेत्र में चौपाल लगाकर विकास कार्यों की समीक्षा की। कार्यक्रम में सीडीओ ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से सीधे संवाद कर योजनाओं की जमीनी स्थिति जानी। सीडीओ ने बखरी, हाटा, बगरूआ, सिकटिया दीनाचक और बनकटा ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित चौपालों में शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की ।इसके साथ ही मनरेगा जॉब कार्ड धारकों, पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों तथा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को



योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गए। फैमिली आईडी, फॉर्मर आईडी, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, अमृत सरोवर, चारागाह भूमि, पोषण और महिला सशक्तिकरण जैसे विषय भी समीक्षा के केंद्र में रहे ।मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचे। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## छिनैती के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह* के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी एसओजी व थाना मेंहदावल पुलिस की संयुक्त गठित टीम द्वारा झपट्टमारी व छिनैती के 02 अभियुक्तगण को मेंहदावल-नौलखा मार्ग मुहिया पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है ।अनावरण हुये घटना का संक्षिप्त विवरण- वादी इरशाद अहमद पुत्र मो0 अली निवासी अछिया थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना मेंहदावल पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 23.05.2026 की शाम मेरी माँ घर के सामने बैठी थी तभी दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से आए और मेरी माँ से पानी मांगने के बहाने करीब आकर एक व्यक्ति मेरी माँ के गले में पहने हुए सोने की चैन को जबरन छीन कर भाग गया ।गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः मो0 कामिल उर्फ अली पुत्र नौशाद अली निवासी सीधारीपुर थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर ।

# मनाई गई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**देवरिया, 31 मई (तरुणमित्र)।** कांग्रेस कार्यालय में रविवार को लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके आदर्शों को याद किया ।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की आदर्श, न्यायप्रिय और लोककल्याणकारी शासक थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में बिना किसी भेदभाव के जनसेवा



को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और समाज के कमजोर तथा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया।

उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने कृषि, व्यापार, उद्योग और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। वह नियमित रूप से जनता की समस्याएं सुनती थीं और उनके समाधान के लिए तत्पर रहती थीं। उनकी निष्पक्ष कार्यशैली और जनसेवा की भावना के कारण ही उन्हें लोकमाता के रूप में सम्मान मिला ।जिलाध्यक्ष ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने देशभर में मंदिरों, धर्मशालाओं, कुओं, तालाबों और अन्य जनोपयोगी निर्माण कार्यों को बढ़ावा दिया। उन्होंने सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए ।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उनके आदर्शों और विचारों को अपनाकर ही समाज में समानता, न्याय और सामाजिक सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है।

कांग्रेस पार्टी उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है ।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अरविंद शाही, जयप्रकाश धनगर, जिला प्रवक्ता संजीव मिश्रा, सदर ब्लॉक अध्यक्ष सुनील द्विवेदी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धनंजय यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण को लेकर नया सियासी संग्राम, रिंकू राही के ऊपर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप

जालौन/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। जालौन में अतिक्रमण हटाओ अभियान अब सिर्फ प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि एक बड़े राजनीतिक और जनचर्चा के मुद्दे में बदलता दिखाई दे रहा है। तहसील प्रशासन की सख्त कार्यशैली और लगातार चल रही कार्रवाई के बीच अब विधायक गौरीशंकर वर्मा की एंट्री ने पूरे घटनाक्रम को नया मोड़ दे दिया है।

बता दें कि हाल ही में व्यापारियों के साथ हुई बैठक में विधायक गौरीशंकर वर्मा ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अतिक्रमण और चालान के नाम पर किसी भी व्यापारी को परेशान नहीं किया जाएगा। विधायक के इस बयान के बाद नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह बयान सीधे तौर पर एसडीएम रिंकू सिंह राही की कार्यशैली पर सवाल है ? क्या विधायक और एसडीएम के बीच अतिक्रमण अभियान को लेकर मतभेद सामने आ गए हैं ?

दरअसल, पिछले कुछ समय से एसडीएम रिंकू सिंह राही नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान को लेकर चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि वह वर्षों से चली आ रही अव्यवस्थाओं को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि विरोधियों का आरोप है कि कार्रवाई पक्षपातपूर्ण तरीके से की जा रही है।

नगर के कई लोगों का कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाना ही उद्देश्य है तो फिर कुछ खास इलाकों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? आखिर ऐसे कौन से स्थान हैं जहां प्रशासन की नजर नहीं पहुंच रही? यही सवाल अब सार्वजनिक बहस का विषय बनते जा रहे हैं। विधायक के बयान के बाद यह चर्चा और तेज हो गई है कि क्या जनप्रतिनिधि व्यापारियों के पक्ष में खुलकर खड़े हो गए हैं। राजनीतिक गलियारों में भी इस बात की चर्चा है कि विधायक का यह रुख प्रशासनिक कार्रवाई पर अप्रत्यक्ष असहमति का संकेत हो सकता है। हालांकि दूसरी तरफ एक बड़ा वर्ग एसडीएम रिंकू सिंह राही के समर्थन में भी दिखाई देता है। उनका तर्क है कि सरकारी जमीनों पर कब्जे, बाजारों में फैले अतिक्रमण और जाम की समस्या को खत्म करने के लिए कठोर कदम उठाना जरूरी है। उनका सवाल है कि यदि सड़कें अतिक्रमण मुक्त होंगी तो सबसे ज्यादा फायदा आम जनता को ही मिलेगा। अब पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या जालौन में अतिक्रमण विरोधी अभियान प्रशासन बनाम जनता की लड़ाई बन रहा है, या फिर यह जनप्रतिनिधि और प्रशासन के बीच सोच के अंतर का मामला है ? फिलहाल विधायक गौरीशंकर वर्मा के बयान ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि अतिक्रमण अभियान अपनी पुरानी रफ्तार से चलता है या फिर राजनीतिक दबाव और जनभावनाओं के बीच इसकी दिशा बदलती है। जालौन की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में इस वक्त यही चर्चा सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर रही है।

## गोवंश को बंधक बनाकर अंधाधुंध लाठियों से मारने का लगाया आरोप

कोंच/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। मोहल्ला नया पटेल नगर आशीर्वाद होटल के पीछे एक गौवंश को खम्भे से बांधकर बेहद निर्ममता पूर्वक अंधाधुंध लाठियां जान से मारने की नियति से वर्षायी गयीं। जिसकी सूचना गौसंरक्षण संगठन को हुई तो उन्होंने कोतवाली में पहुंचकर साक्ष्य के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की। बता दें कि गौ रक्षक संगठन के जिला महामंत्री कन्हैया पंडित ने दिन रविवार को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना दिनांक 31 मई 2026 सुबह करीब 7:00 की है। जब नया पटेल नगर आशीर्वाद होटल के पीछे निवासी भंवर सिंह द्वारा एक गोवंश को खंबे से बांधकर जान से मारने की नीयत से अधाधुंध मारा गया।

## डॉ. हरिनंदन प्रसाद बने जालौन के नए मुख्य चिकित्सा अधिकारी



उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश शासन ने डॉ. हरिनंदन प्रसाद को जालौन का नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) नियुक्त किया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, डॉ. प्रसाद को तत्काल प्रभाव से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति के बाद जिले के स्वास्थ्य विभाग में नई कार्यशैली और सेवाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

बता दें कि प्राप्त जानकारी के मुताबिक, डॉ. हरिनंदन प्रसाद इससे पहले संयुक्त निदेशक ग्रेड के पद पर कार्यरत थे और उन्नाव में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे थे। शासन ने प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए उनका स्थानांतरण जालौन जनपद में किया है। इस संबंध में शासन के विशेष सचिव रवि रंजन ने कार्यालय ज्ञापन जारी किया है। जारी आदेश में डॉ. हरिनंदन प्रसाद को निर्देश दिए गए हैं कि वे तत्काल अपने नवीन तैनाती स्थल पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करें और इसकी सूचना शासन को दें। माना जा रहा है कि नए सीएमओ के आने से जिले में चल रही स्वास्थ्य योजनाओं के संचालन में तेजी आएगी और चिकित्सा व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। जालौन में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लंबे समय से कई चुनौतियां बनी हुई हैं।

## ग्रामीण ने रीबोर के नाम पर नल का सामान निकाले जाने का लगाया आरोप

जालौन/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। सरकारी नल के रीबोर के नाम पर नल का सामान निकाले जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने एसडीएम से शिकायत की है। ग्रामीण ने नल को जल्द से जल्द दुरूस्त कराने की मांग की है कि ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को परेशान न होना पड़े।

बता दें कि ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी अखिलेश सिंह ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में हनुमान मंदिर के पास सरकारी हैंडपंप खराब हो गया था। जिसके रीबोर कराने की आवश्यकता थी। कुछ समय पूर्व हैंडपंप को रीबोर कराने के नाम पर मशीन छड़ें व पंप आदि निकाल लिए



गए। निकालने के बाद उसे सही नहीं कराया गया बल्कि अधूरा ही छोड़ दिया गया, रीबोर भी नहीं हुआ है। गर्मी के मौसम में ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं। जब ग्रामीणों ने प्रधान से नल सही कराने के लिए कहा तो वह भी सही जबाव नहीं दे रहे हैं। ग्रामीण ने एसडीएम से गर्मी के मौसम को देखते हुए खराब पड़े हैंडपंप को रीबोर कराकर दुरूस्त कराने की मांग की है।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। जनपद के राठ थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्रा में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय सुमित रानी पत्नी छविलाल की मौत हो गई। महिला अपने घर के बाहर मझवां रोड किनारे बैठी थी, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। बता दें कि हादसा इतना भीषण था कि महिला गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। परिजनों और आसपास के लोगों ने तत्काल घायल महिला को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन देर रात महिला को मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां उपचार के दौरान रात करीब 12 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया।

# पेड़ से टकराई बाइक, तीन युवक गंभीर घायल

कोंच/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। कोंच कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात करीब 10:30 बजे एक सड़क हादसे में तीन युवक घायल हो गए। नदीगांव रोड पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया।

बता दें कि कनासी गांव निवासी अंशु पुत्र गुड्डू बरार (30 वर्ष) अपने दो साथियों देवेंद्र और ककिय्या के साथ कोंच से दुकान का सामान लेकर वापस अपने गांव कनासी जा रहे थे। इसी दौरान नदीगांव रोड पर ग्राम तुमरा के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी



जोरदार थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में देवेंद्र और ककिय्या को मामूली चोटें आईं, जबकि अंशु गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल युवकों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच पहुंचाया। सीएचसी में तैनात डॉ. गौरव शर्मा ने अंशु की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। हालांकि, बताया जा रहा है कि परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाने के बजाय अपने साथ घर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने सड़क पर सावधानी बरतने और रात्रि के समय वाहन चलाते समय विशेष सतर्कता रखने की अपील की है। पुलिस द्वारा मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

## सड़क पर गिरे पेड़ से टकराई बाइक

कोंच/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। कोंच क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गए। कोंच-कैलिया रोड पर झला पठा के पास गिरे पेड़ से बाइक टकराने से यह दुर्घटना हुई। घायलों में एक बुजुर्ग, एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। बता दें कि जानकारी के अनुसार ग्राम लौना निवासी ओमप्रकाश कुशवाहा (50) अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम से लौट रहे थे। शनिवार देर रात करीब 10 बजे वे बाइक से अपने गांव वापस जा रहे थे। कोंच-कैलिया रोड पर झला पठा के समीप सड़क किनारे एक पेड़ गिरा हुआ था। अंधेरा होने के कारण ओमप्रकाश को पेड़ दिखाई नहीं दिया और उनकी बाइक उससे टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार सभी लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसे में ओमप्रकाश कुशवाहा के अलावा उनकी पुत्री साधना (पत्नी राकेश), साधना का 7 वर्षीय पुत्र देवांश और 9 वर्षीय पुत्री रेन्सी घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया। अस्पताल में डॉ. गौरव शर्मा के नेतृत्व में घायलों का उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे गिरे पेड़ों और अन्य अवरोधों को हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# सीओ ने कोतवाली में दिलाई तम्बाकू निषेध की शपथ

कोंच/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। कोंच कोतवाली परिसर में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर रविवार सुबह 11:30 बजे एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सीओ परमेश्वर प्रसाद ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तम्बाकू तथा उसके उत्पादों के सेवन से दूर रहने की शपथ दिलाई। साथ ही, समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प भी दिलाया गया।

बता दें कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीओ परमेश्वर प्रसाद ने तम्बाकू सेवन को स्वास्थ्य के लिए



अत्यंत हानिकारक बताया। उन्होंने कहा कि इससे कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों सहित कई जानलेवा रोग होते हैं। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का उद्देश्य लोगों को तम्बाकू के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। सीओ ने सभी पुलिसकर्मियों से स्वयं तम्बाकू से दूर रहने और अपने परिवार, मित्रों तथा आमजन को भी इसके सेवन से बचने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। शपथ ग्रहण के दौरान, उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने तम्बाकू एवं नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कोतवाली में तैनात बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तम्बाकू मुक्त समाज का निर्माण करना और जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। यह आयोजन पुलिस विभाग की सामाजिक जिम्मेदारी और जनजागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी ब्रजेश बहादुर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, अशोक वर्मा, सुरही चैकी प्रभारी अभिषेक कुमार, मंडी चैकी प्रभारी नीतीश कुमार, सागर चैकी प्रभारी सुमित पांडेय, अभिषेक भदौरिया और राहुल कॉन्टेविल विजय सहित अन्य अधिकारी व पुलिस बल मौजूद रहा।

## शिकायत करने आने पर सिर फोड़ने का लगाया आरोप

कोंच/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डाढ़ी में दिनांक 30 मई 2026 रात्रि के करीब 8:30 बजे केशकली पत्नी बलराम घर पर काम कर रही थी तभी पड़ोसी अनिल व सन्तोष पुत्रगण कन्हैया लाल विनय अहिरबार पुत्र मथुरा प्रसाद गाली-गलौच करते हुए झगड़े पर आमादा हो गए और लाठी डंडों से घायल करके जमीन पर गिरा दिया। जिसकी सूचना केशकली ने डायल 112 पुलिस को दी तो पुलिस रात में उक्त लोगों को पकड़कर ले गयी।

## संविदा चालक-परिचालक के खिलाफ कार्रवाई

जालौन/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। यात्री द्वारा बताए गए स्थान पर बस न रोकने की शिकायत सही पाए जाने पर रोडवेज प्रशासन ने संविदा चालक और परिचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। जांच में विभागीय निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर दोनों के देयकों से 200-200 रुपये की कटौती की गई है। साथ ही भविष्य में यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी मुहम्मद अशफाक राईन ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा बताया था कि वह लगभग एक माह पूर्व उरई से जालौन आ रहे थे। जालौन पहुंचने पर उन्होंने चालक से बस रोकने के लिए कहा, लेकिन चालक ने निर्धारित स्थान पर बस न रोककर कुछ आगे जाकर बस रोकी। शिकायत में उन्होंने चालक और परिचालक के व्यवहार पर भी आपत्ति जताई थी। शिकायत के निस्तारण में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उरई डिपो ने बताया कि अभिलेखीय परीक्षण में पाया गया कि संबंधित बस का संचालन संविदा चालक अनिल कुमार एवं संविदा परिचालक रविपाल द्वारा किया जा रहा था। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि यात्रियों को उनकी सुविधा के अनुसार सुरक्षित स्थान पर उतारने संबंधी विभागीय निर्देशों का पालन नहीं किया गया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने अपने पत्र में कहा कि चालक एवं परिचालकों को समय-समय पर लिखित, मौखिक तथा काउंसलिंग के माध्यम से निर्देशित किया जाता है कि मुख्य स्टॉपेज के साथ-साथ मार्ग में जहां यात्री बस रोकने का संकेत दें, वहां नियमानुसार सुरक्षित स्थान पर उन्हें उतारा जाए। संबंधित प्रकरण में इन निदेशों की अवहेलना प्रतीत होने पर संविदा चालक और परिचालक के देयकों से 200-200 रुपये की कटौती की गई है।

# हजरत बेरी वाले बाबा का दो दिवसीय उर्स आज से

उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। जनपद जालौन ही नहीं पूरे बुन्देलखण्ड में हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक माने जाने वाले सूफी परम्परा के अजीम बुजुर्ग

हजरत बेरी वाले बाबा के सालाना उर्स की तैयारियां जोरो पर चल रही है। आज एक जून 2026 से चादरपोशी की रस्म के साथ दो दिवसीय उर्स की बज्म महफिले समां से शुरू होगी। इसके बाद बाबा के शागिर्दों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में तीन तारीख को इसका समापन होगा। दो दिन तक चलने वाले इस उर्स की तैयारियों में पूरे जिले का हुजूम इकट्ठा है। पहले दिन महफिले समां की शुरूआत हाफिज इमरान फैजी कुरआन की तिलावत से करेंगे। उर्स कमेटी के प्रभारी अध्यक्ष कोस्तुब चतुर्वेदी ने बताया कि उर्स की रात की बज्मों में पहले व दूसरे दिन मशहूर कव्वालो में अजीम नाजा पुना महाराष्ट्र, फैजान रजा अजमेरी, चांद कादरी व अनीस नवाब मुंबई कव्वाली पेश करेंगे। चीफ कंट्रोलर हाफिज अब्दुल जब्बार ने बताया कि हजरत बेरी वाले बाबा के उर्स मुबारक पर बाबा की मजार को अदब और एहतराम के साथ सजाया जा रहा है। हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक माने जाने वाले इस कार्यक्रम की व्यवस्था में रिजवान खान कोषाध्यक्ष, नजम हाशमी, फिरोज खान, पप्पू पठान, जुबेर खान, टिंकू शताब्दी, लियाकत चिश्ती, रईस खान (कल्लू), अकील अहमद, आरिफ खान, हाफिज अकबर अली, सद्दाम नगर पालिका, फजील अहमद, सलामत चिश्ती, हाफिज फिरोज मिर्जा, चंदू मालबल सहयोग कर रहे है।

## पुलिस ने जुआरियों को दबोचा

कोंच/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। कोतवाली के उपनिरीक्षक शिव नारायण अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था जुर्म जरायम जुआ पकड़ो अभियान के तहत गस्त पर मामूर थे और पंचानन चैराहे के पास कब्रस्तान से गुजर रहे थे तभी जुआ खेलते हुए जुआड़ियों पर उनकी नजर पड़ी तो उन्होंने जुआड़ियों को धर दबोचा जिनकी जामा तलाशी में 9 हजार 8 सौ 40 रुपये और माल फड़ में 28 सौ 40 रुपया बरामद हुए पकड़े गए। जुआड़ियों में महेश पुत्र पन्नालाल, सम्पत पुत्र हरदास, अभिलाष पुत्र मान सिंह, तपन कुमार पुत्र ईश्वर लाल रहे। जिन्हें पकड़कर पुलिस कोतवाली ले आयी जहां पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ 13 जी एक्ट में मुकद्दमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा, एसडीएम से शिकायत कर कब्जा हटवाने की उठाई मांग

जालौन/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। जनपद के कुठौंद थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत नाहिली में तालाब की भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने कुछ लोगों पर तालाब रकवा नंबर 311 और 386 पर मकान बनाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी से शिकायत कर कब्जा हटवाने और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

बता दें कि शिकायत के अनुसार, संबंधित व्यक्तियों द्वारा बिना किसी कानूनी अनुमति के तालाब की जमीन पर मनमाने ढंग से मकानों का निर्माण कर लिया गया है। इसके साथ ही तालाब के आसपास गंदगी फैलाए जाने का भी आरोप है, जिससे क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा है। तालाब के पास स्थित मंदिर में पूजा करने आने वाले पुरुषों और महिलाओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी और अतिक्रमण के कारण तालाब का प्राकृतिक स्वरूप भी प्रभावित हो रहा है। यह शिकायती प्रार्थना पत्र ग्राम नाहिली निवासी रामकुमार दीक्षित पुत्र शिव कुमार दीक्षित ने 23 मई 2026 को उप जिलाधिकारी जालौन को सौंपा है। पत्र में तालाब की भूमि से कथित अवैध कब्जा हटवाने तथा दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है।



शिकायतकर्ता का कहना है कि तालाब की भूमि को सुरक्षित रखना आवश्यक है ताकि ग्रामीणों, पशुओं और अन्य जीव-जंतुओं को पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में यह तालाब पानी का महत्वपूर्ण स्रोत साबित हो सकता है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

जालौन/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने 60 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित कीं। 16 व्यक्तियों के शुगर, बीपी आदि के टेस्ट किए गए। अस्पताल में लैब टैक्नीशियन की तैनाती न होने से लोगों को ब्लड की जांच कराने में दिक्कत हुई।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 60 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। मेले में डॉ. दिलीप कुमार व उनकी टीम ने बुखार, सर्दी-जुकाम, पेट दर्द, त्वचा रोग, कमजोरी और ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं उपलब्ध



कराई। शुगर व बीपी के 16 रोगियों की जांच कर उन्हें दवा दी गई। रविवार को आयोजित होने वाला यह मेला रोगियों के लिए वरदान साबित होता है। लेकिन अस्पताल में लैब टेक्नीशियन की तैनाती न होने से मरीजों को ब्लड की जांच कराने में परेशानी होती है। ब्लड की जांच के लिए उन्हें सीएचसी भेजा जाता है। मरीज देवेंद्र, अतुल, पवन कुमार, धीरज आदि ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्नीशियन की तैनाती कराने की मांग की है।

# गौ आश्रय स्थलों पर देखभाल की नहीं पर्याप्त व्यवस्था : अविमुक्तेश्वरानंद

जालौन/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। प्रदेश सरकार द्वारा गायों के लिए आश्रय स्थल तो बनाए गए हैं लेकिन वहां उनकी देखभाल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उनके चारे, पानी समेत बीमारियों के इलाज की भी उचित व्यवस्था नहीं है। गाय माता के सम्मान के लिए प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में गोरखपुर से शुरू की गयी गविष्टि यात्रा मतदाताओं को प्रेरित कर रही है। साथ ही अगले चुनाव में वोट उसी को देने की बात कही जो गाय को माता का दर्जा दे, उसका सम्मान और रक्षा करे। यह बात शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गविष्टि यात्रा के दौरान दीपू त्रिपाठी के आवास पर कही।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपनी यात्रा के दौरान शनिवार की देर शाम दीपू त्रिपाठी के आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने बताया कि गाय माता व



उनकी प्राणों की रक्षा के लिए यह यात्रा है। जो प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में जाएगी। गोरखपुर से शुरू हुई यह यात्रा गोरखपुर में ही समाप्त होगी। यात्रा के दौरान वह सनातन धर्म को मानने वाली जनता से मिल रहे हैं और उनसे मूलभूत सवाल पूछ रहे हैं। गाय माता की रक्षा के सवाल पर जब राजनैतिक पार्टियों व नेताओं से निराशा मिली तो वह मतदाताओं के पास आए हैं। यात्रा के माध्यम से मतदाता को प्रेरित कर रहे हैं कि ऐसी पार्टी व प्रत्याशी को वोट न दे

**● प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में गोरखपुर से शुरू की गयी गविष्टि यात्रा मतदाताओं को कर रही प्रेरित**

जो गाय माता की हत्या में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में संलिप्त हो। प्रदेश सरकार फाइलों में गोशाला खोल रही है। फाइलों में व्यवस्थाएं भी चकाचक हैं। लेकिन मौके गो आश्रय स्थलों पर दुर्दशा है। गायों को पर्याप्त चारा पानी और बीमारी से देखभाल नहीं हो रही है। उन्हें गो आश्रय स्थलों पर गोमाता की हालत देखने के लिए जाने भी नहीं दिया जा रहा है। कहा कि यात्रा का उद्देश्य मतदाताओं को जगाना है कि सनातनी व्यक्ति अपना वोट उसी को करें जो गाय को माता का दर्जा दे और गाय माता के सम्मान में खड़ा हो। इस मौके पर दीपू त्रिपाठी, रामेंद्र त्रिपाठी, रिंकू गुर्जर, सिंटू महाराज, राजा भईया, कैलाश बाबू वर्मा आदि रहे।

# सड़क हादसे में दो युवक गम्भीर रूप से घायल

कोंच/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तीतरा मार्ग पर दिन शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलदीप पुत्र कमलेश उम्र करीब 34 वर्ष निवासी टोपोर तथा संजू पुत्र रामभरोसे उम्र करीब 31 वर्ष निवासी टोपोर किसी कार्य से तीतरा आए हुए थे और काम समाप्त होने के बाद दोनों युवक बाइक से अपने गांव टोपोर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तीतरा से कुछ दूरी आगे उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर गई हादसा इतना गंभीर था कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई वहां से गुजर रहे राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल एम्बुलेंस सेवा और घायलों के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा दोनों का इलाज किया जा रहा है बताया जा रहा है कि हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं हालांकि उनकी स्थिति पर डॉक्टरों की निगरानी बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण यह दुर्घटना हुई वहीं पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# 14 किसानों को मिले कृषि यंत्र : मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत लकी ड्रॉ से किए गए उपहार वितरित

जालौन/उरई, 31 मई (तरुणमित्र)। जनपद में मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत नवीन गल्ला मंडी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लकी ड्रॉ के माध्यम से चयनित 14 किसानों को कृषि यंत्र और घरेलू उपयोग के विभिन्न उपहार वितरित किए गए।

बता दें कि उपहार पाकर किसानों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर किसानों को मंडी समिति की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंडी सचिव अंकित गुप्ता ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना का लक्ष्य किसानों को प्रोत्साहित करना और उन्हें मंडी व्यवस्था से जोड़ना है। उन्होंने किसानों से अपनी उपज मंडी में बेचने के बाद व्यापारियों से ह्यसिक्स



आर (रसीद) अवश्य प्राप्त करने की अपील की। सचिव ने स्पष्ट किया कि इसी रसीद के आधार पर किसानों का पंजीकरण होता है और उन्हें कृषक उपहार योजना जैसी लाभकारी योजनाओं में शामिल होने का अवसर मिलता है। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को इस योजना से जुड़ने का आह्वान किया ताकि वे भविष्य में उपहारों और अन्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। लकी ड्रॉ में चयनित किसानों को विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र और उपयोगी सामग्री प्रदान की गई। खर्रा गांव के बद्री प्रसाद को हैप्पी सीडर मिला, जबकि मलथुआ के कमलेश तिवारी, कैंथ के विपिन श्रीवास्तव और खकसीस के अग्निवेश विश्वकर्मा को पावर ड्रिवेन यंत्र दिए गए। मांडरी के भरत कुमार, जगनेवा की पूनम सिंह और बाबई के आल मोहम्मद को मिक्सर ग्राइंडर प्रदान किया गया। कुंवरपुरा के राजकुमार को सोलर पावर पैक संयंत्र, उरई की मनीषा द्विवेदी को रोटावेटर तथा सालाबाद के उपेंद्र सिंह, जालौन के मगनलाल वर्मा और रीतेश वर्मा को एलईडी टीवी भेंट किए गए। इसके अतिरिक्त, जालौन के दिनेश कुमार को पंपिंग सेट और दमरास के माजिद खां को पावर स्प्रेयर उपहार स्वरूप दिया गया।

# सपाइयों ने मनाई राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

## लोकमाता के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**फतेहपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में भारतीय इतिहास की महान शासक एवं लोककल्याण की प्रतीक लोकमाता राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। विचार गोष्ठी आयोजित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा साहेब वाहिनी के जिलाध्यक्ष डॉ. अमित पाल ने की। उन्होंने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर केवल एक कुशल शासक ही नहीं थीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, न्यायप्रियता और जनसेवा की अद्वितीय मिसाल भी थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया और प्रशासनिक दक्षता की ऐसी मिसाल पेश की, जिसे आज भी



आदर्श शासन व्यवस्था के रूप में याद किया जाता है।डॉ. अमित पाल ने कहा कि अपनी असाधारण परोपकारिता और जनहितैषी कार्यों के कारण अहिल्याबाई होल्कर को लोकमाता की उपाधि मिली। उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में सैकड़ों मंदिरों, घाटों और धर्मशालाओं का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया। वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर और सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण में उनका योगदान भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों में दर्ज है। संचालन समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल, रीता प्रजापति, प्रवक्ता एडवोकेट जगदीश सिंह, अनिरुद्ध यादव, देवेंद्र लोधी, मनोज यादव, एडवोकेट सुघरलाल यादव, हीरालाल, रत्नेश रत्ना, नंदकिशोर पाल, नफीस उद्दीन, इसरार खान, सुहैल खान, श्रीचंद्र विश्वकर्मा, हेमू, शिव सिंह यादव, ऋषु तिवारी, एडवोकेट संदीप श्रीमाली, अय्यूब खान, विवेक उमराव, रविंद यादव, एडवोकेट साबिर, इरफान खान भी मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मियों को तम्बाकू सेवन एवं धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई

**बांदा, 31 मई (तरुणमित्र)।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर पुलिस लाइन तथा पुलिस कार्यालय एवं समस्त थानों में तम्बाकू सेवन एवं धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामो के बारे में भी बताया गया। रविवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनपद के पुलिस कार्यालय,पुलिस लाइन सहित समस्त थानों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तम्बाकू एवं धूम्रपान से दूर रहने तथा अपने कार्यस्थल एवं आसपास के वातावरण को तम्बाकू मुक्त बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन मेविस टॉक ने पुलिस लाइन में उपस्थित



समस्त पुलिसकर्मियों को तम्बाकू उत्पादों के सेवन एवं धूम्रपान से दूर रहने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तम्बाकू निषेध की शपथ दिलाते हुए इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया और तम्बाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्मिकों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों में पुलिसकर्मियों को तम्बाकू एवं धूम्रपान का सेवन न करने तथा जनसामान्य को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

# जिलाधिकारी हमीरपुर कार्यालय परिसर बना पुलिस छावनी

**हमीरपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी कार्यालय व परिसर के आसपास आज भारी संख्या में तैनात किया गया । जिलाधिकारी कार्यालय में भारी पुलिस बल तैनात होने से लोग सकते में थे। लोगों का कहना है कि जिलाधिकारी जनता से दूरी बनाए क्यों हुए है। जो लोगों को चिंता का विषय है। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने कहा कि जिलाधिकारी को चाहिए की जनता की समस्याओं को सुनने के लिए आगे आए और उसका समाधान कराये, ताकि किसी गंभीर घटना ,हादसों से बचाव किया जा सके। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गोविंद अहिरवार के नेतृत्व में आज महामहिम राज्य पाल को जिलाधिकारी के माध्यम से पांच सूत्रीय मांग पत्र दिया गया है।जिसमें

### निर्माणधीन घटिया पुल व भ्रष्टाचार की कराई जाए न्यायिक जांच: बृजलाल खाबरी

मृतक के परिजनों को 50- 50 लाख रुपए की सहायता ,मजदूर परिवार को एक एक सदस्य को नौकरी और इस घटिया निर्माण की न्यायिक की जांच कराई जॉच कराके दोषी खिलाफ कार्रवाई की जाने की मांग के साथ ही कंपनी से क्षति पूर्ति वसूली की जाए और साथ ही कंपनी को ब्लैक लिस्ट की जाने की मांग की है ।कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गोविंद अहिरवार और पूर्व विधायक जगदीश नारायण शर्मा , गयादीन अनुरागी, व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के बृजलाल खाबरी, देवेंद्र मोहन चौबे, सूर्य किशोर कुमार तिवारी सहित तमाम कांग्रेस पदाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को मांग पत्र देकर 5 सदस्य टीम ने जिलाधिकारी से वार्ता की।

वार्ता के दौरान कहा है मृतक परिजनों की मदद के लिए जो संभव होगा वह प्रयास किया जाएगा।

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की महिला जिला अध्यक्ष दीपा तिवारी का कहना है कि जिलाधिकारी जनता से नहीं मिलना चाहते हैं, वे डरे और भयभीत है, वजह जो भी हो। लोगों का यह भी कहना है कि उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उन्हें जनता के प्रति गलत सूचना देखकर गुमराह किया जा रहा है। स्थिति जनपद के विकास के लिए ठीक नहीं है। आज जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए स पा, और कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी लोगों ने मुख्य मंत्री के नाम संबोधित मांग पत्र अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को दिया है।

# बी-एड प्रवेश परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को क्षेत्राधिकारी नगर ने किया निरीक्षण

**महोबा, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वंदना सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर अरूण कुमार सिंह द्वारा बी-एड प्रवेश परीक्षा को शुचिता पूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण,निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति का गहनता से अवलोकन किया गया तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की गई। साथ ही ड्यूटीरत पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी निर्वहन करने एवं परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है।

# मां अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**ललितपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** लोकमाता माँ अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर रविवार को पाल समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया और माँ अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

शोभायात्रा का शुभारंभ तुवन मंदिर के समीप स्थित पाल समाज मंदिर से हुआ। यह यात्रा घंटाघर, सावरकर चौक और इलाइट चौराहा होते हुए कल्याण सिंह सभागार पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।




कल्याण सिंह सभागार में आयोजित समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही पाल समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पाल समाज के जिलाध्यक्ष बाबूलाल पाल ने कहा कि माँ अहिल्याबाई होल्कर ने धर्म, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने काशी, गया, सोमनाथ, द्वारका, रामेश्वरम, उज्जैन और वृंदावन सहित अनेक धार्मिक स्थलों पर मंदिरों, घाटों, कुओं, बावड़ियों एवं मार्गों का निर्माण कराया। काशी विश्वनाथ एवं सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि माँ अहिल्याबाई का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके आदर्शों का अनुसरण कर समाज को नई दिशा दी जा सकती है।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं पाल समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महोबा, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम के तहत 16 जून तक चलने वाले जागरूकता अभियान का हिस्सा है। शिविर में मॉर्निंग वॉक पर पहुंचे वृद्ध, युवा, महिलाओं और अन्य नागरिकों का निःशुल्क ब्लड प्रेशर परीक्षण किया गया तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। प्रभारी सीएमओ डॉ. रमाकांत चौरिहा के निर्देश, नोडल अधिकारी डॉ. विनोद चौहान के पर्यवेक्षण तथा जिला चिकित्सालय महोबा के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार के निर्देशन में आयोजित शिविर में डॉ. एहतेशाम खान ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप एक 'साइलेंट किलर' बीमारी है, जो हृदयाघात, स्ट्रोक और गुर्दे की गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। शिविर के दौरान लोगों को संतुलित खान-पान अपनाने, नियमित रूप से सुबह टहलने, डॉक्टर की सलाह के अनुसार मौसमी फलों का सेवन करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए जिला प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करने तथा दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई। डॉ. एहतेशाम खान ने बताया कि शिविर में करीब साढ़े तीन दर्जन से अधिक लोगों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं एवं आवश्यक चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर स्टाफ नर्स मनोज कुमार राजपूत, श्रीमती रेखा वर्मा और सुषमा पाल सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चला जागरूकता अभियान

### तंबाकू मुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

**ललितपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रविवार को सीएमओ कार्यालय एवं जनपद की विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान, तंबाकू निषेध शपथ और जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। प्रभारी सीएमओ एवं नोडल अधिकारी डा.अमित तिवारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों में तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों और इसके सामाजिक व पर्यावरणीय दुष्प्रभावों की जानकारी



दी गई। अधिकारियों ने बताया कि तंबाकू का सेवन फेंफड़े, मुंह, गला, स्वरयंत्र, खाने की नली, मूत्राशय, किडनी, पेट, अग्न्याशय और गर्भाशय मुख सहित कई प्रकार के कैंसर का प्रमुख कारण है।

इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम तंबाकू और निकोटीन की लत का मुकाबला भ्रामक अपील को उजागर करना रखी गई है। इस दौरान बताया गया कि तंबाकू और निकोटीन उत्पादों को आकर्षक बनाने के लिए अपनाई जा रही भ्रामक रणनीतियों के प्रति लोगों को सचेत करना इस वर्ष की थीम का मुख्य उद्देश्य है।

कहा कि तंबाकू सेवन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं को इसके खतरों से अवगत कराना और उन्हें तंबाकू छोड? के लिए प्रेरित करना है। जिला सलाहकार डा.रुद्रप्रताप सिंह बुंदेला ने बताया कि जनपद में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता गोष्ठियां, प्रचार-प्रसार और सूचना सामग्री के माध्यम से लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने लोगों से तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। वहीं, डा.सौरभ ने बताया कि तंबाकू मुंह और फेंफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है।

तंबाकू छोड? से रक्तचाप और हृदय गति सामान्य होती है, शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है तथा कैंसर, हृदयाघात और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने तंबाकू सेवन से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# पैंतीस लाख की लागत से बनेगा नया पंप हाउस

**फतेहपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** नगर क्षेत्र के आवास विकास वार्ड नंबर-2 स्थित अबूनगर पुलिस चौकी परिसर में रविवार को नए पंप हाउस निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। करीब पैंतीस लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस पंप हाउस के निर्माण से तीन वार्डों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान होने की उम्मीद है। परियोजना से लगभग तीस हजार की आबादी सीधे लाभान्वित होगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में सभासद दीपक कुमार मौर्य, विनय तिवारी, श्याम सिंह परिहार, दीपक गौतम, विवेक नागर, नफीस अहमद उर्फ मुन्नी लाला, आशुतोष सिंह कछवाह आशु, गुड्डू यादव, रामसुचित, संजय श्रीवास्तव, विनय सोनी के अलावा पप्पू व्यापी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में वार्डवासियों ने भी सहभागिता कर खुशी जाहिर की। सभासद दीपक कुमार मौर्य ने कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ था, जिससे हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। लगातार प्रयासों और नगर पालिका बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित होने के बाद इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति मिली और अब इसका निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। उन्होंने बताया कि पंप हाउस के निर्माण के बाद तीन वार्डों के निवासियों को नियमित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। यह परियोजना क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# फार्मर आईडी बनाने के लिए रजिस्ट्री शिविर का होगा आयोजन

**कन्नौज, 31 मई (तरुणमित्र)।** उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया शासन के निदेर्शानुसार कृषकों की भूमि एवं भू-अधिकार संबंधी अभिलेखों को एकीकृत एवं पारदर्शी रूप से संकलित करने के उद्देश्य से जनपद कन्नौज में फार्मर रजिस्ट्री एवं फार्मर आईडी निर्माण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निदेर्शानुसार जनपद के विभिन्न विकासखण्डों के चयनित राजस्व ग्रामों में विशेष कैम्प आयोजित कर कृषकों की फार्मर आईडी तैयार की जाएगी। इस विशेष अभियान के अंतर्गत 01 जून 2026 को विकासखण्ड कन्नौज के राजस्व ग्राम सतौरा, खिदरपुर बाग, सरायमीरा, सीहपुर एवं कटरी गंगपुर, विकासखण्ड गुगरापुर के राजूपुर, विकासखण्ड जलालाबाद के तिलपई डिंगसरा एवं मवई रिहायक, विकासखण्ड उमर्दा के परसरामऊ, दौलीखाती, बलनापुर, हमीरपुर एवं सुखी, विकासखण्ड हसेरन के सकतपुर एवं किशनपुर बसन्त, विकासखण्ड सौरिख के मरही एवं अलीपुर, विकासखण्ड तालग्राम के मझपुर्वा, तालग्राम देहात एवं सिलुआपुर तथा विकासखण्ड छिबरामऊ के अन्तपुर, लोकपुर, खानपुर कसावा, बिररा एवं घिलोईखास में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव, लेखपाल, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक तथा स्थानीय जन सेवा केन्द्रों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। शिविरों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित कृषकों के साथ-साथ अन्य सभी पात्र कृषकों की फार्मर आईडी बनाने का कार्य किया जाएगा। अभियान की प्रभावी निगरानी एवं सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्ड, तहसील एवं जनपद स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। संबंधित अधिकारी शिविरों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखेंगे। जिला प्रशासन ने जनपद के सभी कृषक बंधुओं से अपील की है कि जिन किसानों की फार्मर आईडी अभी तक नहीं बनी है।

# गाजीपुर में धर्मांतरण रैकेट पर शिकंजा, प्रार्थना सभा में छापा

### पिता-पुत्र पर गंभीर आरोपों से मचा हड़कंप

**फतेहपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** गाजीपुर कस्बे में रविवार को कथित धर्मांतरण की सूचना पर हुई पुलिस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रार्थना सभा के नाम पर संचालित एक कार्यक्रम में पुलिस ने छापेमारी करते हुए महिला, पुरुष और बच्चों समेत करीब डेढ़ दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

मौके से ईसाई धर्म से संबंधित साहित्य भी बरामद होने की बात सामने आई है। मामले में स्थानीय लोगों ने गाजीपुर निवासी सूरज गुप्ता और उनके पिता सुरेश गुप्ता पर लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने के आरोप लगाए हैं।



जनसेवक धर्मेंद्र सिंह को लंबे समय से क्षेत्र में चल रही गतिविधियों की सूचना मिली थी। शिकायत के बाद वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां एक मकान में प्रार्थना सभा चल रही थी। पुलिस को मौके पर बड़ी संख्या में लोग मिले, जिनमें महिलाएं, पुरुष और छोटे बच्चे भी शामिल थे। पूछताछ के दौरान कुछ लोगों ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से यहां बुलाया जाता था और वे काफी समय से इन सभाओं में शामिल हो रहे थे। स्थानीय लोगों का दावा है कि संबंधित मकान में लगभग एक वर्ष से लगातार प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही थीं। वहीं क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि सूरज गुप्ता और उनके पिता सुरेश गुप्ता लंबे समय से इस प्रकार की गतिविधियों से जुड़े हुए हैं।

आरोप है कि सीधे-साधे और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता था। मामले को लेकर क्षेत्र के बंवारा गांव निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने गाजीपुर थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। छापेमारी के दौरान मिले साहित्य और अन्य तथ्यों को भी जांच के दायरे में रखा गया है।

घटना सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस और खुफिया तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों, बरामद साहित्य और पूछताछ के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की एक कुशल शासक : राजेश

### कांग्रेसियों ने वीरांगना महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती धूमधाम से मनाई

**बांदा, 31 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बांदा के तत्वाधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में समाज में न्याय धर्म एवं समर्पण की प्रतीक अमर वीरांगना महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कांग्रेस जनों द्वारा मनाई गई।

इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बतलाया कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का जन्म महाराष्ट्र के चौड़ी नामक ग्राम में हुआ था, 12 वर्ष की




अवस्था में उनका विवाह हो गया और 19 वर्ष की अवस्था में उनके पति की मृत्यु हो गई उन्होंने मराठा साम्राज्य की बागडोर अपने हाथ में ली और शासक बनी उनके शासनकाल में महिलाओं की एक विशाल सेना का गठन किया गया जिन्होंने युद्ध में अपने कौशल का परिचय भी दिया माता अहिल्याबाई होल्कर ने काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर सहित अनेक धार्मिक स्थानों को जीर्णोद्धार कराया और जन कल्याणकारी अनेक ऐसे कार्य किए गए जिनकी वजह से आज भी लोग उनको याद करते हैं। महारानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की एक कुशल, न्यायप्रिय और लोकप्रिय आदर्श शासक एवं राजनीतिक प्रशासक रही हैं, जिन्होंने देश में बिना किसी आन्तरिक टकराव या जातीय अथवा साम्प्रदायिक विभेद के भारतीय संस्कृति एवं उसके गौरव के पुनरुत्थान लिये काम किया था। वह एक लोककल्याणकारी शासक थीं, जिन्होंने अपने राजकोष का अधिकतम संभव सदुपयोग जनहित के कार्यों और धर्म कार्य के लिये किया। दरअसल वह अपने को शासक नहीं, ईश्वर की सेविका मानती थीं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन जनकल्याण के लिये समर्पित कर दिया। वह नियमित आम जन की समस्यायों की सुनवाई करतीं और उनको समाधान देने का काम करती थीं। जनता के प्रति निष्पक्ष होकर काम करना उनकी लोकप्रियता का आधार था। उनके शासनकाल में व्यापार, उद्योग, कपड़ा उत्पादन आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई। कृषि के विकास के लिये भी उन्होंने खूब काम किया। आम लोगों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा के साथ ही उनकी शिक्षा सहित सशक्तिकरण हेतु काम किया।

भेदभाव रहित होकर जनता की सेवा के चलते अहिल्याबाई को लोक माता कहा गया। उन्होंने जातीय और साम्प्रदायिक सौहार्द के लिये जिस तरह काम किया, उससे इतिहास में उनकी छवि सांस्कृतिक पुनर्जागरण एवं पुनरुत्थान के साथ साथ एक सेकुलर या धर्मनिरपेक्ष शासक की रही है। सभी धर्मों के लोगों को उन्होंने समान रूप से संरक्षण दिया और सबके न्यायोचित हितों का ध्यान रखा।

# पत्रकारिता दिवस : आजादी में रही थी पत्रकारों की अहम भूमिका : जोशी

**हमीरपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** ऑल यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में हिंदी पत्रकारिता दिवस 30 मईके अवसर पर स्थानीय पूजा गेस्ट हाउस में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं पंडित जुगल किशोर शुक्ला एवं गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। ऑल यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ओ पी दोहरे एवं महामंत्री प्रेम सोनकर ने सभी अतिथियों को बुके देकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया।

सेवानिवृत शिक्षक लखन लाल जोशी ने गोष्ठी में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए हिंदी पत्रकारिता के संपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि हिंदी का सर्वप्रथम अखबार 1826 में पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा कोलकाता शहर से प्रकाशित किया गया था। इसके बाद कालांतर में हिंदी भाषा के तमाम अखबार प्रकाशित होने शुरू हुए।

गोष्टी को संबोधित करते हुए किसान नेता संतोष सिंह ने कहा कि आजादी के आंदोलन में पत्रकारों ने बड़ी भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने अपनी ले खो के जरिए जनता में देश प्रेम की भावना एवं अंग्रेजों द्वारा भारतीयों का उत्पीड़न को प्रमुख स्थान देखकर भारतीय लोगों में स्वतंत्रता प्राप्ति की तीव्र उत्कंठा पैदा की। इसके बाद हमें आजादी मिली वर्तमान समय में पत्रकारों के सामने तमाम चुनौतियां हैं पत्रकारिता करने के दौरान उन्हें शासन सत्ता के कोप भाजन का शिकार होना पड़ता है फिर भी पत्रकार पहरेदार की भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता बेहद चुनौती पूर्ण कार्य है उन्होंने अभी हाल ही में बेतवा नदी पर निमार्णाधीन पुल का स्लैब गिरने एवं उसमें दबकर 6 मजदूरों की मौत की खबरों के संबंध में कहा कि जिस प्रकार पत्रकारों ने इस घटना का कवरेज निष्पक्ष रूप से प्रकाशित किया उसी के बाद सरकार ने तुरंत इस मामले में ठेकेदारों के विरुद्ध एफ आई आर पंजीकृत कराई एवं पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार श्री,श्री प्रकाश शुक्ला ,संरक्षक ,प्रशांत शुक्ला संरक्षक जितेंद्र पांडे ने भी संबोधित किया। गोष्ठी में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की महिला शाखा की जिला अध्यक्ष दीपा तिवारी, पूर्व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र ओमर ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये ।

# मारपीट व जमीन विवाद के दो मामलों में आरोपी गिरफ्तार

## चरवा और सराय अकिल पुलिस की कार्रवाई, मुखबिर की सूचना पर दबोचे गए अभियुक्त

**कौशाम्बी, 31 मई (तरुणमित्र)।** जिले में मारपीट और जमीन विवाद से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। चरवा और सराय अकिल थाना पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की।

चरवा थाना क्षेत्र में तीन मई 2026 को काजीपुर निवासी पिंटू कुमार ने तहरीर देकर बताया था कि वह दो मई को ग्राम बहादुरपुर में एक निमंत्रण समारोह से लौट रहे थे। रास्ते में स्कूल के पास कुछ लोग शराब पी रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे एक अन्य व्यक्ति को भी पीट दिया गया, जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं थीं पीड़ित की तहरीर पर चरवा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर मामले में गंभीर धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई। इसी क्रम में रविवार को चरवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र स्वर्गीय बद्री प्रसाद निवासी बहादुरपुर को गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। वहीं सराय अकिल थाना क्षेत्र के अकबराबाद गुहौली गांव में 25 मई को जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला हो गया।

घटना में कई लोगों को गंभीर चोटें आई थीं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया था। मामले में सराय अकिल थाने पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। रविवार को थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त फूलकुमार पुत्र रामलखन निवासी अकबराबाद गुहौली को तिल्हापुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

## बेकाबू कार की टक्कर से अधिवक्ता की मौत

**प्रयागराज, 31 मई (तरुणमित्र)।** प्रयागराज जिले में स्थित कर्नलगंज थाना क्षेत्र के सीएवी इंटर कालेज के पास शनिवार देर रात बेकाबू कार की टक्कर से अधिवक्ता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि वाराणसी जनपद के चोलापुर थाना क्षेत्र स्थित बसौना गांव निवासी धर्मेन्द्र यादव (३९) की मौत हुई है।

हादसे के संबंध में जानकारी देते हुए परिवार के लोगों ने बताया कि धर्मेन्द्र यादव चार भाई थे। वह एलएलबी की पढ़ाई करने के बाद हाईकोर्ट में वकालत करने लगे। परिवार के लोगों ने पच्चीस दिन पूर्व शादी भी कर दिया। वह अल्लापुर में कमरा लेकर रहते थे। शनिवार को वह वाराणसी कचहरी में किसी काम के लिए प्रयागराज जंक्शन पर मोटरसाइकिल खड़ी करके चले गए और वापस लौटते समय रात में जंक्शन से मोटरसाइकिल लेकर अल्लापुर कमरे पर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घटना की खबर परिवार को दी।

# जमीनी विवाद में तीन नामजद अभियुक्त हुए गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त जेसीबी भी सीज

**प्रतापगढ़, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पट्टी पुलिस द्वारा जमीनी विवाद से संबंधित अभियोग में त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त जेसीबी को भी बरामद किया गया है।

वादी अरविन्द कुमार मिश्रा निवासी ग्राम रमईपुर दिसनी, पृथ्वीगंज, थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ की तहरीर के आधार पर थाना पट्टी पर बीएनएस पंजीकृत किया गया था। शनिवार को विपक्षीगण सत्यम दुबे, शशिधर दुबे, मनीष मिश्रा सहित अन्य नामजद एवं 80-90 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक राय होकर वादी की दुकान/मकान पर कब्जा करने का प्रयास किया गया।

विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देते हुए जेसीबी से मकान क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्रकरण के संबंध में थाना पट्टी पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी पट्टी आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 प्रदीप कुमार, उ0नि0 उमेन्द्र शुक्ला, उ0नि0 मिथिलेश कुमार राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना पट्टी पर पंजीकृत बीएनएस से संबंधित 3 नामजद अभियुक्तों को हरिपुर बरदैता भट्ठा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

# मोबाइल चार्जिंग के दौरान करंट लगने से किसान की मौत

**कौशाम्बी, 31 मई (तरुणमित्र)।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात मोबाइल चार्जिंग के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के तरसौरा गांव निवासी गोला प्रसाद पटेल (52) शनिवार रात अपने घर पर अकेले थे।

बताया जाता है कि वह मोबाइल चार्ज करने के लिए दीवार में लगे बिजली के बोर्ड में चार्जर का प्लग लगा रहे थे। इसी दौरान बोर्ड में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट के कारण बिजली का एक तार टूटकर उनके हाथ से छू गया, जिससे उन्हें तेज करंट लग गया। करंट लगने से गोला प्रसाद पटेल संतुलन खोकर जमीन पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टूटकर निकला विद्युत तार उनके शरीर पर ही गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के समय घर में मौजूद उनके छोटे भाई उदय पटेल ने शॉर्ट सर्किट की तेज आवाज सुनी। वह तत्काल मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक गोला प्रसाद की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर कोखराज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण शॉर्ट सर्किट और करंट लगना माना जा रहा है।

# तंबाकू के प्रयोग से पर्यावरण को खतरा : अजय

## हरित जीवन से नाता जोड़ो, कहो तंबाकू भारत छोड़ो

**प्रतापगढ़, 31 मई (तरुणमित्र)।** रविवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पर्यावरण सेना द्वारा मान्धाता के बुआपुर गांव में तंबाकू छोड़ो जागरूकता रैली का आयोजन कर लोगों को तंबाकू छोड़ने हेतु जागरूक किया गया। रैली में शामिल युवाओं ने लोगों को धूम्रपान और तंबाकू के प्रयोग से बचने का संदेश दिया।

तंबाकू जागरूकता रैली बुआपुर से निकल कर कैलाकला हुए हुए हरखपुर मोड पर संपन्न हुई। इस मौके पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड वाटर अवार्ड विजेता एवं पर्यावरण सेना प्रमुख




अजय क्रांतिकारी ने कहा कि धूम्रपान और तंबाकू के सेवन से पर्यावरण को खतरा है।

तंबाकू से सेवन से सिर्फ व्यक्ति का शरीर एवं स्वास्थ्य ही प्रभावित नहीं होता बल्कि उसका परिवार भी नष्ट हो जाता है। उन्होंने कह कि जिन युवाओं को राष्ट्र और समाज को सही दिशा में ले जाने का कार्य करने चाहिए वही नौजवान आज नशे की गिरफ्त में आकर स्वयं के साथ पूरे परिवार और समाज को पीछे धकेल रहा है। अजय क्रांतिकारी ने तंबाकू के सेवन और पर्यावरण को रेखांकित करते हुए कहते हैं कि तंबाकू की खेती के लिए वनों की कटाई और कीटनाशकों के प्रयोग से जलवायु परिवर्तन को बल मिल रहा है और दुनिया जलवायु संकट की चपेट में है।

तंबाकू की खेती में जल की अधिकता से जल संकट का सामना सबके लिए चुनौती है। उन्होंने सभी लोगों से सिगरेट,तंबाकू और गुटखे की लत से दूरी बनाकर भारत को नशा मुक्त देश बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर आशीष पटेल, विजय सरोज, आदित्य सिंह, श्रवण तिवारी, निकिता, दीपा, संजना, नैना एकता, वर्षा सिंह, ज्योति एवं आपदा मित्र नमन कुमार तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## धोखाधड़ी व कूटरचना से संबंधित वांछित अभियुक्त रामगोपाल यादव गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना हथिगवां पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियोग उपरोक्त से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। शनिवार को निरीक्षक अयोध्या कुमार, उ0नि0 विवेक पाण्डेय, का0 विपिन सारस्वत एवं रि0म0का0 प्रिया मौर्या द्वारा थाना हथिगवां के भादवि में वांछित अभियुक्त रामगोपाल यादव पुत्र कांती श्याम यादव निवासी ग्राम मत्तू का पुरवा, मजरा रैयापुर, थाना कुंडा, जनपद प्रतापगढ़ (हाल पता वृंदावन आवास विकास योजना, तेलीबाग, थाना पीजीआई, लखनऊ) को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी न्यायालय से निर्गत गैर जमानती वारंट के अनुपालन में थाना पीजीआई, कमिश्नरेट लखनऊ के माध्यम से की गई। थाना पीजीआई से अभियुक्त को विधिक अभिरक्षा में प्राप्त कर थाना हथिगवां लाया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## भगवान शिव का स्मरण हैं सुमंगलदायी : शिवाकांत द्विवेदी

**लालगंज, प्रतापगढ़, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुरूषोत्तम माह को लेकर गौखाड़ी डगरारा स्थित बूढ़ेश्वर महादेव धाम में हो रहे श्री शिवशक्ति नारायण महायज्ञ में रविवार को श्रद्धालुओं का समागम दिखा। कथाव्यास पं. शिवाकान्त द्विवेदी ने श्री शिव महापुराण कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भगवान शिव का नाम स्मरण जीवन का भाग्य संवार दिया करता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना सदैव निर्मल मन से ही करना चाहिए। वहीं कथाव्यास पं. मृत्युंजय द्विवेदी ने बताया कि भगवान शिव सर्वकल्याणकारी हैं। संयोजक धर्मेन्द्र सिंह चैहान ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। वहीं कथा के पूर्व हुए यज्ञ में श्रद्धालुओं ने लोकमंगल की प्रार्थना की। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, कप्तान सिंह, कमलाकांत पाण्डेय, विद्याधर ओझा, शिवबहादुर सिंह, जीतलाल गुप्ता, आलोक सिंह आदि रहे।

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

**सुलतानपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** देहात कोतवाली क्षेत्र में शनिवार शाम हुए सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक शिवशंकर कोरी (निवासी अलहदादपुर पूरे महोबशाह का पुरवा) की मौत हो गई। वह ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे, तभी अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर उतुरी स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री के सामने एक तेज रफ्तार कार ने उनके वाहन में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दिव्यांग के साथ मारपीट को लेकर आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़, 31 मई (तरुणमित्र)।** रंजिशन दिव्यांग के साथ गाली गलौज व मारपीट को लेकर लालगंज पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के शीतलागंज इदिलपुर निवासी रफीक पुत्र अब्दुल रऊक ने दी गयी तहरीर में कहा है कि उन्तीस मई को रात आठ बजे वह बाजार से घर पहुंचा। परिवारजनों ने बताया कि गांव के विपक्षी कल्लू उर्फ इद्रीश, खलील पुत्र इसहार, अशरफ व अफजल पुत्रगण इद्रीस तथा शमीम व अफसर द्वारा गाली गलौज की गयी। इस बीच आरोपियों ने पीड़ित को भी धक्का मारकर गिरा दिया और गाली गलौज के साथ लाठी डंडे से मारने लगे। पीड़ित के दिव्यांग होने के कारण उसकी चीख पुकार पर बीच बचाव के लिए सलीम पुत्र नईम व अख्तरी बानों पुत्री नईम आईं तो आरोपियों द्वारा उनके साथ भी मारपीट की गयी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कल्लू समेत आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## युवाओं को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की बातें प्रेरणाप्रद : महानगर अध्यक्ष

**प्रयागराज, 31 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महानगर के सभी 15 मंडलों के समस्त बूथों में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 134वें संस्करण को सुना गया। बूथ समिति के साथ संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सिविल लाइन मंडल के बूथ संख्या 253 पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता शिव सिंह के आवास पर कार्यकताओं के साथ मन की बात सुना। यहां महामंत्री विक्रमजीत भदौरिया, मनोज श्रीवास्तव, हेमंत बनर्जी, दीप द्विवेदी, पार्षद प्रवीण भारती, प्रवक्ता पवन श्रीवास्तव, भाजपा मीडिया विभाग के विवेक मिश्रा, शुभम सिंह, सुजीत कुशवाहा, पीयूष जायसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा ने बताया कि जिला उपाध्यक्ष आनंद सोनकर, अनुज कुशवाहा, प्रमोद मोदी, महामंत्री डॉ शैलेश पांडेय, रमेश पासी ने भी कार्यकताओं के साथ विभिन्न बूथों पर कार्यक्रम में सहभागिता की। मन की बात के इस संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं पर कई प्रेरणादायक बातें कही, तो वहीं देशवासियों को भीषण गर्मी में सावधान रहने को भी कहा।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को भावभीनी विदाई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किया सम्मानित

**कौशाम्बी, 31 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी दीर्घकालिक, निष्ठापूर्ण एवं अनुकरणीय सेवाएं प्रदान करने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुलिस कार्यालय में गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी चायल अभिषेक सिंह ने की।



समारोह के दौरान क्षेत्राधिकारी ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी पुलिसकर्मियों को पुष्पमाला पहनाकर, अंगवस्त्र भेंट कर तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति किसी भी कर्मचारी के सेवा जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, जो वर्षों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, समर्पण और कठिन परिश्रम का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में कार्य करते हुए इन कर्मियों ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, जनसेवा और विभागीय दायित्वों के निर्वहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके अनुभव और कार्यशैली आने वाली पीढ़ी के पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। क्षेत्राधिकारी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके परिवारजनों को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विभाग सदैव उनके योगदान का सम्मान करता रहेगा।

विदाई समारोह में पुलिस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के परिजन भी उपस्थित रहे। इस दौरान सहकर्मियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ बिताए गए कार्यकाल की स्मृतियों को साझा किया तथा उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होंगे सांसद प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़, 31 मई (तरुणमित्र)।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में बारह बजे से लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह यहां जन समस्याओं का निराकरण करायेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में तीन बजे पुरूषोत्तम माह के सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह रामगंज भोजपुर, रायपुर तियाई तथा रानीगंज कैथौला में भी लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके पहले दिन में साढ़े ग्यारह बजे सराय संग्राम सिंह में भी जन संवाद करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

# कांग्रेसियों ने अहिल्याबाई होल्कर के जन्म जयंती पर उनके सुशासन को किया याद

**प्रतापगढ़, 31 मई (तरुणमित्र)।** आज कांग्रेस कार्यालय इन्दिरा भवन पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी एवम संचालन कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल ने किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में न्याय, सेवा, सुशासन और जनकल्याण का जो आदर्श स्थापित किया, वह आज भी देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी देश में सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और गरीब वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की ₹भागीदारी न्याय₹ की सोच और सामाजिक न्याय की विचारधारा इन्हीं महापुरुषों के सपनों को साकार करने का माध्यम है। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को अपनाकर एक समतामूलक और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

संचालन कर रहे कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव महापुरुषों के विचारों और उनके संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करती रही है। राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और संविधान बचाओ के अभियान ने देश के करोड़ों युवाओं, किसानों, महिलाओं और पिछड़े वर्गों को नई उम्मीद दी है।

# रास्ते के विवाद में हुई मारपीट

## दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़, 31 मई (तरुणमित्र)।** रास्ते के विवाद में हुई मारपीट को लेकर हल्का सिपाही की तहरीर पर लालगंज पुलिस ने दर्जन भर से अधिक आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कोतवाली में तैनात आरक्षी राहुल यादव ने दी गयी तहरीर में कहा है कि सत्ताईस मई को वह प्रार्थना पत्रों की जांच के लिए गश्त पर निकला था। इस बीच सूचना मिली कि रास्ते के विवाद को लेकर खालसा सादात गांव में दो पक्षों के बीच गाली गलौज के साथ मारपीट हुई है। जांच में आरोपी एक पक्ष के सैयद जुबैर पुत्र इश्तियाक अली, सुहैल पुत्र इश्तियाक, महमूद पुत्र अब्दुल हसन एवं तीन चार अज्ञात व दूसरे पक्ष के रज्जाक अली पुत्र बचई, आजाद पुत्र बचई, जैबुन निशा पत्नी रज्जाक, आरिफ उर्फ मोहर्रम पुत्र मुंशी रजा तथा तीन चार अज्ञात गाली गलौज के साथ मारपीट कर रहे हैं। आरक्षी के मुताबिक हमले में एक पक्ष के सैयद जुबैर, लड्डन व दूसरे पक्ष के रज्जाक को चोटे आयीं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## करंट की चपेट में मासूम की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़, 31 मई (तरुणमित्र)।** करंट की चपेट में आने से मासूम की मौत हो गयी। मासूम की मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। लीलापुर थाना के रानीगंज अजगरा बाजार में रविवार की सुबह मोहम्मद रफीक की छह वर्षीय पुत्री अरीबा घर में कूलर के पास खेल रही थी। अचानक वह कूलर के जरिये करंट की चपेट में आ गयी। मासूम की चीख पर परिजन उसे राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें मृतका का पिता रकीब रोजी रोटी के सिलसिले में परिवार सहित पूना में रहता था। पिछले एक माह से वह यहां घर आया हुआ था।

# अहिल्याबाई होलकर जनसेवा, सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की प्रतीक थीं : गौरव

**कौशाम्बी, 31 मई (तरुणमित्र)।** जिले के नगर पंचायत चरवा स्थित कांग्रेस के कैंप कार्यालय में रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को स्मरण किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासक थीं, जिन्होंने अपने शासनकाल में जनकल्याण, धर्म, संस्कृति और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए।

उन्होंने देशभर के प्रमुख तीर्थस्थलों पर हजारों मंदिरों, घाटों और धर्मशालाओं का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1780 में काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण करवाना उनके सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में शामिल है। इसके अलावा सोमनाथ, गया, बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम और द्वारका सहित कई धार्मिक स्थलों के विकास में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने अपने राज्य में व्यापार, कृषि और उद्योग को बढ़ावा देकर आर्थिक विकास को नई दिशा दी।

निर्धनों, विधवाओं और बेसहारा लोगों की सहायता के लिए उनके राजकोष के द्वार सदैव खुले रहते थे। उनके शासनकाल को सुशासन, न्याय और जनसेवा का आदर्श उदाहरण माना जाता है इस दौरान गौरव पाण्डेय ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि काशी में मणिकर्णिका घाट के जीर्णोद्धार और विकास कार्य के दौरान लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा एवं चबूतरे को क्षति पहुंचाई गई।

# जिला स्वास्थ्य समिति 'शासी निकाय' की डीएम ने की समीक्षा

## स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

**प्रतापगढ़, 31 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और विभागीय स्तर पर विशेष प्रयासों के माध्यम से प्रगति में सुधार लाया जाए। जननी सुरक्षा



योजना के सम्बन्ध में डीएम ने निर्देशित किया कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ बैठक करके प्रगति में सुधार लाये जिससे योजना का लाभ लाभार्थियो को प्राप्ता हो सके। आयुष्मान गोल्डन कार्ड के सम्बन्ध में नोडल अधिकारी डा0 सुधाकर को निर्देशित किया कि योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाये। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, संस्थागत प्रसव, नवजात शिशु एवं मातृ टीकाकरण, आशा रिपोर्टिंग व भुगतान, नियमित टीकाकरण आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग इन सभी योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन करे और जनता को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ वेलनेस सेंटर्स का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा जहाँ भी व्यवस्थाओं में कमी है, उसे तत्काल सुधारा जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य संस्थानों में सुव्यवस्थित सेवाओं, स्वच्छता और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आवश्यक उपकरण, दवाएं और सामग्री यदि कहीं उपलब्ध नहीं हैं, तो उन्हें शीघ्र क्रय कर सुनिश्चित किया जाए ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, और जनजागरूकता कार्यक्रमों को और सशक्त बनाया जाए, जिससे सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच बढ़े और बेहतर परिणाम प्राप्त हों। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीणा ने स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## फंदे से लटका मिला वृद्ध का शव

**प्रयागराज, 31 मई (तरुणमित्र)।** प्रयागराज जिले में कोरांव थाना क्षेत्र के रामगढ़ डइया गांव में रविवार को घर के बाहर एक पेड़ में फंदे से एक वृद्ध किसान का शव लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि कोरांव थाना क्षेत्र के रामगढ़ डइया गांव निवासी रामदेव (८०) पुत्र स्वर्गीय राम ललक का शव रविवार को घर के बाहर कुछ दूर स्थित आम के पेड़ में फंदे से लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। परिवार के लोगों ने बताया कि परिवार के लोग शनिवार की शाम एक कार्यक्रम में चल गए। रविवार की सुबह उनकी खोजबीन शुरू हुई तो घर से कुछ दूर स्थित पेड़ से शव लटका हुआ पाया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में वृक्षारोपण के सम्बन्ध में हुई समीक्षा बैठक

**सुलतानपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्य के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विगत वर्ष 2025-26 में रोपित पौधों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा हेतु जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गई इसके साथ ही जिला पर्यावरण समिति तथा जिला आर्द्रभूमि समिति की बैठक भी आहूत की गई। जिलाधिकारी द्वारा डीएफओ को निर्देशित करते हुये कहा गया कि इस बार का वृक्षारोपण अभियान में मियावाकी पद्धति को प्रमुखता से अपनाते हुये पौध रोपण किया जाये। मियावाकी पद्धति में बहुत कम जगह में पौधो का अत्यधिक सघनता के साथ लगाया जाता है।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण जनआंदोलन है। उन्होंने सभी विभागों को आवंटित वृक्षारोपण लक्ष्यों के अनुरूप समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने तथा निर्धारित स्थलों का चयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वर्ष 2025-26 में रोपित पौधों की जीवितता दर (सर्वाइवल रेट) की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई, सुरक्षा एवं निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जानलेवा हमले के पांच आरोपी गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर), 31 मई (तरुण मित्र)।** थाना गैंड़ास बुजुर्ग क्षेत्र में जानलेवा हमले की घटना में शामिल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पांच लकड़ी और बांस के डंडे बरामद किए गए हैं।



26 मई की रात करीब 10 बजे मोहम्मद आसिफ खान पुत्र वारिस अली निवासी अहिरौला थाना उतरौला बाइक से घूम रहा था। राजू मौर्या ने घूमने पर ऐतराज किया तो आसिफ धमकी देकर चला गया। 27 मई की सुबह जब राजू मौर्या पिपरा चौराहे पर चाय पीने जा रहा था, तब मोहम्मद आसिफ खान व अन्य आरोपियों ने रास्ते में रोककर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से हमला कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे परिजनों को भी आरोपियों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में मीना देवी और भतीजा धनराज मौर्य को गंभीर चोटें आईं।

वादी राजू मौर्या पुत्र धनीराम निवासी ग्राम अहिरौला की तहरीर पर थाना गैंड़ास बुजुर्ग में मु0अ0सं0 56/2026 धारा 109, 191(2), 126(2), 115(2), 351(3), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 27 मई को मुख्य मार्ग ग्राम पिपराराम दुर्गा मन्दिर के पास से पांचों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

मोहम्मद आसिफ खान, साजिद खान, सलीम उर्फ सालिम, वारिस अली, माजिद अली

पूछताछ में मुख्य आरोपी मोहम्मद आशिफ खान ने बताया कि 26 मई की रात को अहिरौला में घूमने पर राजू ने टोका और दोबारा गांव में आने से मना किया। इससे बेइज्जती महसूस हुई और घर पर बताने पर सभी ने राजू को सबक सिखाने की योजना बनाई। 27 मई की सुबह राजू मौर्या के घर के सामने पहुंचते ही सभी ने घेरकर मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आए हीरालाल मौर्य, राजू मौर्या, मीना देवी, धनराज मौर्या, सोहन लाल व आकाश मौर्य को भी घेरकर मारा।

पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर सभी आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया है।

थानाध्यक्ष राजीव मिश्रा, उपनिरीक्षक राहुल यादव, हेड कांस्टेबल विनोद त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल विनय मौर्या, हेड कांस्टेबल उपेन्द्र शुक्ला, कांस्टेबल बलजीत यादव शामिल रहे।

# निकोटीन और तम्बाकू की लत से लड़ने की अपील, लोगों को दिलाई शपथ

**श्रावस्ती, 31 मई, (तरुणमित्र)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर संयुक्त जिला चिकित्सालय में सीएमएस ने जिला चिकित्सालय परिसर में लोगों को शपथ दिलाकर तम्बाकू का उपयोग न करने और दूसरो को न करने के लिये प्रेरित करने की अपील की।




रविवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर डा0 राजपाल सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुये सीएमएस ने कहा कि तम्बाकू के प्रयोग से न सिर्फ आर्थिक और शारीरिक नुकसान होता है, इसके उपयोग से सामाजिक एवं मानसिक क्षति भी होती है। डा0 धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी का यह सामाजिक दायित्व है, कि तम्बाकू उत्पादों का प्रयोग न करने के प्रति खुद जागरुक हो और दूसरो को भी जागरुक करें। गोष्ठी का संचालन कर रहें, वरिष्ठ परामर्शदाता जितेन्द्र मिश्र ने कहा कि तम्बाकू के उपयोग से कैंसर, हृदय रोग, सांस रोग, शारीरिक क्षमता में कमी, नपुंसकता एवं बांझपन सहित अन्य बीमारियों का खतरा बना रहता है। उन्होंने लोगो से कहा कि तम्बाकूयुक्त खाद्य सामग्री से बच्चों को दूर रखे, और उन पर नजर बनाये रखे। जिससे उन्हें नशे की लत से बचाया जा सके। गोष्ठी में जिला समन्वयक टीबी रवि कुमार मिश्र ने बताया कि तम्बाकू के उपयोग से टीबी जैसी संक्रामक बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। इस अवसर पर के0 के0 शुक्ला, रवि त्रिपाठी, ध्रुव मिश्रा, राकेश सोनकर आदि लोग मौजूद रहें।

# दर्दनाक सड़क हादसा, अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत



**(फखरपुर) बहराइच, 31 मई (तरुणमित्र)।** थाना फखरपुर क्षेत्र के ग्राम खलीफतपुर स्थित कलाम फिलिंग स्टेशन के पास शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में वृद्ध की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार 30 मई 2026 की रात करीब 8:50 बजे भगवान दीन (60 वर्ष) पुत्र भज्जन, मूल निवासी ग्राम बहुटा थाना रानीपुर, जनपद बहराइच, सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। बताया जाता है कि भगवान दीन पिछले लगभग तीन वर्षों से अपने जीजा राजकरन पुत्र मोतीलाल के यहां ग्राम खलीफतपुर में रह रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी कुंडासर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद कुछ समय के लिए क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई, हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित रखते हुए यातायात सुचारु रूप से शुरू कराया।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग को ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**गोंडा, 31 मई (तरुणमित्र)।** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों का आरोप है कि बाराबंकी जिले के मसौली थाना क्षेत्र निवासी शिवम किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक 25 मई की शाम किशोरी घर के पास से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में मिली जानकारी के आधार पर परिजनों ने शिवम पर शादी का प्रलोभन देकर किशोरी को भगाने का आरोप लगाया और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है तथा किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है।

# एसएसबी की 62वीं वाहिनी में दिलाई गई तम्बाकू निषेध की शपथ

**भिनगा, 31 मई, (तरुणमित्र)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा में अमरेन्द्र कुमार वरुण, कमांडेंट के दिशा-निर्देशन में वाहिनी मुख्यालय तथा वाहिनी की समस्त बाहरी सीमा चौकियों पर तंबाकू निषेध शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहने तथा समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं एवं इसके



सामाजिक दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला गया। उप कमांडेंट श्री गोबर्धन पुजारी ने सभी बलकर्मियों को अपने संदेश में कहा कि तंबाकू का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार एवं समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने सभी कार्मिकों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू सेवन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सभी कार्मिकों को नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवन के प्रति प्रेरित करना था।

## रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन / टर्मिनल परिवर्तन / प्लेटफॉर्म परिवर्तन

**लखनऊ (एन.आर.) स्टेशन पर ट्रैफिक ब्लॉक के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन / टर्मिनल / प्लेटफॉर्म में बदलाव किया जाएगा, जिसका विवरण निम्नानुसार है:—**

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| गाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | वर्तमान मार्ग | संशोधित मार्ग | तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|
| 13258 | आनंद विहार (ट) - दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस | आलमनगर—लखनऊ—उतरेटिया जं. | आलमनगर—ट्राँसपोर्ट नगर—उतरेटिया जं. | 01.06.2026 |
| 15074 | टनकपुर – सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस | आलमनगर—लखनऊ—उतरेटिया जं. | आलमनगर—ट्राँसपोर्ट नगर—उतरेटिया जं. | 01.06.2026 |
| 14241 | प्रयागराज संगम—सहारनपुर जं.—नौचंदी एक्स. | उतरेटिया जं.—लखनऊ—आलमनगर | उतरेटिया जं.—ट्राँसपोर्ट नगर—आलमनगर | 01.06.2026 |
| 15119 | बनारस – देहरादून एक्सप्रेस | उतरेटिया जं.—लखनऊ—आलमनगर | उतरेटिया जं.—ट्राँसपोर्ट नगर—आलमनगर | 01.06.2026 |
| 19410 | छपरा - साबरमती बीजी एक्सप्रेस | बाराबंकी जं.—लखनऊ—मानक नगर | बाराबंकी जं.—मल्हौर—ऐशबाग—कानपुर सेंट्रल | 01.06.2026 |
| 12555 | गोरखपुर जं. – बठिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस | बाराबंकी जं.—लखनऊ—मानक नगर | बाराबंकी जं.—मल्हौर—ऐशबाग—कानपुर सेंट्रल | 01.06.2026 |

### टर्मिनल का परिवर्तन

| गाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | लखनऊ स्टेशन पर समय: आगमन | लखनऊ स्टेशन पर समय: प्रस्थान | वर्तमान टर्मिनल | संशोधित टर्मिनल | तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 64214 | कानपुर सेंट्रल – लखनऊ एमईएमयू | 21:15 | समाप्त | लखनऊ स्टेशन पर समाप्त | लखनऊ एनईआर पर समाप्त | 01.06.2026 |
| 64203 | लखनऊ – कानपुर सेंट्रल एमईएमयू | प्रारंभ | 07:05 | लखनऊ स्टेशन से प्रारंभ | लखनऊ एनईआर से प्रारंभ | 01.06.2026 एवं 02.06.2026 |

### लखनऊ स्टेशन पर दिनांक 01.06.2026 को प्लेटफॉर्म सं. में बदलाव

| गाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | लखनऊ स्टेशन पर समय: आगमन | लखनऊ स्टेशन पर समय: प्रस्थान | वर्तमान प्लेटफॉर्म संख्या | संशोधित स्थानांतरण प्लेटफॉर्म सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| | प्लेटफ़ॉर्म सं. 4 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण | | | | |
| 13019 | हावड़ा जं. – काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस | 00:20 | 00:30 | 4 | 7 |
| 22541 | बनारस—आनंद विहार टर्मिनल गरीब रथ | 00:55 | 01:05 | 4 | 7 |
| 12317 | कोलकाता टर्मिनल – अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस | 02:30 | 02:40 | 4 | 6 |
| 19270 | मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन—पोरबंदर एक्सप्रेस | 04:15 | 04:25 | 4 | 7 |
| 15909 | डिब्रुगढ़ – लालगढ़ जं. अवध असम एक्सप्रेस | 05:10 | 05:20 | 4 | 3 |
| 20503 | डिब्रुगढ़ – नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस | 05:45 | 05:55 | 4 | 6 |
| 15744 | बठिंडा – बालुरघाट फ़रक्का एक्सप्रेस | 08:15 | 08:25 | 4 | 3 |
| 64204 | कानपुर सेंट्रल—लखनऊ एमईएमयू | 09:20 | समाप्त | 4 | 3 |
| 14047 | सीतामढ़ी – दिल्ली जं. अमृत भारत एक्सप्रेस | 11:35 | 11:45 | 4 | 6 |
| 19306 | कामाख्या —डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस | 12:00 | 12:10 | 4 | 6 |
| 12875 | पुरी – आनंद विहार टर्मिनल नीलाचल सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 13:25 | 13:35 | 4 | 6 |
| 64211 | लखनऊ जं. —कानपुर सेंट्रल एमईएमयू | प्रारंभ | 14:35 | 4 | 7 |
| 13005 | हावड़ा जंक्शन—अमृतसर मेल | 15:20 | 15:30 | 4 | 7 |
| 15119 | बनारस—देहरादून एक्सप्रेस | 16:05 | 16:15 | 4 | 7 |
| 12391 | राजगीर—नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस | 19:55 | 20:05 | 4 | 7 |
| 13009 | हावड़ा जंक्शन – योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस | 20:25 | 20:35 | 4 | 7 |
| 12392 | नई दिल्ली—राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस | 21:20 | 21:30 | 4 | 7 |
| 13258 | आनंद विहार टर्मिनल—दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस | 22:00 | 22:10 | 4 | 7 |
| 12557 | मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन—आनंद विहार टर्मिनल सप्तक्रांति एक्सप्रेस | 23:35 | 23:45 | 4 | 6 |
| | प्लेटफ़ॉर्म सं. 5 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण | | | | |
| 14863 | वाराणसी सिटी – जोधपुर जंक्शन मरुधर एक्सप्रेस | 00:00 | 00:15 | 5 | 6 |
| 14235 | वाराणसी – बरेली एक्सप्रेस | 06:38 | 06:48 | 5 | 7 |
| 22489 | वाराणसी – मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस | 13:40 | 13:50 | 5 | 7 |
| 64255 | उतरेटिया जं. – कानपुर सेंट्रल एमईएमयू | 17:45 | 17:55 | 5 | 7 |
| 12184 | मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ – भोपाल जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 22:25 | 22:35 | 5 | 7 |
| 22425 | अयोध्या कैंट—आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस | 17:10 | 17:15 | 5 | 7 |
| 14123 | मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़—कानपुर सेंट्रल इंटरसिटी | 07:40 | 07:45 | 5 | 7 |
| | प्लेटफ़ॉर्म सं. 3 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण | | | | |
| 12143 | लोकमान्य तिलक – सुल्तानपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 14:40 | 14:50 | 3 | 1 |
| 13151 | कोलकाता टर्मिनल – जम्मू तवी एक्सप्रेस | 11:15 | 11:25 | 3 | 6 |
| | प्लेटफ़ॉर्म सं. 2 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण | | | | |
| 64212 | कानपुर सेंट्रल – लखनऊ एमईएमयू | 14:15 | | 2 | 7 |
| 13307 | धनबाद जंक्शन – फिरोजपुर कैंट गंगा सतलज एक्सप्रेस | 14:45 | 14:55 | 2 | 1 |
| 12173 | लोकमान्य तिलक – मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ उद्योग नगरी एक्सप्रेस | 15:30 | 15:40 | 2 | 6 |
| 13152 | जम्मू तवी—कोलकाता टर्मिनल एक्सप्रेस | 17:00 | 17:10 | 2 | 1 |

### लखनऊ स्टेशन पर दिनांक 02.06.2026 को प्लेटफॉर्म सं. में बदलाव

| गाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | लखनऊ स्टेशन पर समय: आगमन | लखनऊ स्टेशन पर समय: प्रस्थान | वर्तमान प्लेटफॉर्म संख्या | संशोधित स्थानांतरण प्लेटफॉर्म सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| | प्लेटफ़ॉर्म सं. 4 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण | | | | |
| 13019 | हावड़ा जंक्शन – काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस | 00:20 | 00:30 | 4 | 7 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय—सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

YouTube f X पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शिक्षक आशुतोष कुमार डॉक्टरेट की उपाधि से हुए सम्मानित



**श्रावस्ती, 31 मई, (तरुणमित्र)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय गुलरा बंजारा (1-8) हरिहरपुररानी के सहायक अध्यापक आशुतोष कुमार को सीडरब्रुक यूनिवर्सिटी अमेरिका ने हिंदी साहित्य में विशेष योगदान हेतु पी एच डी की उपाधि प्रदान की है। 30 मई को नई दिल्ली में पश्चिम विहार के होटल मैपल गोल्ड में आयोजित भव्य कार्यक्रम में उन्हें यह उपाधि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गयी। गौरतलब है, कि आशुतोष कुमार को उनके लेखन कौशल व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार के अतिरिक्त कई साहित्यिक व शैक्षिक मंचों द्वारा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। इनके विशेष प्रयास से विद्यालय के बच्चों ने ब्लॉक से लेकर प्रदेश तक खेल व शिक्षा के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की है।

कार्यक्रम में इस अवसर पर प्रसिद्ध वॉलीवुड अभिनेता नील नितिन मुकेश, प्रसिद्ध वस्तुविद अजय लूथरा, पूर्व सांसद पश्चिम विहार दीप सिंह राठौर, सामाजिक कार्यकर्त्ता जनक रमन लाल जोशी, पूर्व कर्नल विजय कृष्ण रावत, संस्कार भारती दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 प्रभात कुमार और अन्य कई जानी मानी हस्तियाँ मौजूद रही।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती, 31 मई, (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व अपराधों की रोकथाम के संबंध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा भरत पासवान के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सौरभ सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक साहब राव मय हमराह के द्वारा आज दिनांक 31/05/2026 को मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 149/26 धारा 69 बीएनएस व 66ए क्ळ एक्ट व बढ़ोतरी धारा 318(4),77 बीएनएस से संबंधित वांछित




अभियुक्त फारूक उर्फ समीर पुत्र बदलू निवासी चिल्हरिया मोड़ दाखिला गब्बापुर कला थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

दिनांक 30.05.2026 को आवेदिका के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने तथा अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के संबंध में लिखित तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर थाना सिरसिया पर मु0अ0सं0 149/26 धारा 69 बीएनएस व 66ए IT ACT बीएनएस पंजीकृत किया गया था मुखबिर की सूचना पर चिल्हरिया मोड जाने वाले रोड सेमरा से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# पुश्तैनी जमीन पर दीवार निर्माण को लेकर विवाद, मुकदमा दर्ज

**करनैलगंज (गोंडा), 31 मई (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के गोनवा पूरे कुर्मिनपुरवा में दीवार निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। गांव निवासी रामगुलाम ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि वह अपनी पुश्तैनी भूमि पर दीवार बनवा रहे थे, तभी गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंच गए और निर्माणाधीन दीवार को नुकसान पहुंचाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि बीच-बचाव करने आए उनके पुत्र के साथ मारपीट की गई। रामगुलाम का कहना है कि घटना का वीडियो तथा भूमि की पैमाइश से जुड़े अभिलेख उनके पास उपलब्ध हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हमें हनुमान जी के प्रसंगों से सीख लेनी चाहिए: मिलिंद परांडे

**गोंडा , 31 मई (तरुणमित्र)।** बजरंग दल अवध प्रान्त का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग अवधशरण तिवारी इण्टर कालेज परसदा में चल रहा है। सातवें दिवस में बौद्धिक सत्र में विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय संगठन महामंत्री मिलिन्द ने 25 जिलों से आये हुए प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए भगवान हनुमान व कार्यकर्ता विषय पर कहा कि हम सभी को हनुमान जी के जीवन के छोटे-छोटे प्रसंगों से सीख लेनी चाहिये, त्याग, समर्पण, सेवा, पराक्रम और निराभिमानी भगवान हनुमान जी का कर्मनिष्ठ हम सबके लिए आदर्श हो।

इस अवसर पर बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापत जी, प्रान्त संगठन मंत्री विजय प्रताप जी, प्रान्त संयोजक महेश तिवारी जी गौरक्षा विभाग के चंद्रभान जी,प्रांत सुरक्षा प्रमुख बलराम बाबू जी व शिक्षक ब्रह्म प्रकाश जी, आलोक जी, अभिषेक जी, इन्द्रेश जी, देवेंद्रजी, समरेन्द्र जी, अनुज जी सहित सैकड़ों बजरंग कार्यकर्ता तथा गोंडा जिले के जिला मंत्री पंकज सिंह जी, प्रबन्धक अकबाल बहादुर तिवारी जी, सिविल बार एसोसिएशन गोण्डा के पूर्व अध्यक्ष विवेक मणि श्रीवास्तव,समाजसेवी विष्णु सिंह, राघवराम त्रिपाठी, विनय सिंह, सुरेश सोनी, विजय किशोर मिश्र, दिवाकर सोमानी, विपिन शुक्ल, बबलू वर्मा आदि संगठन के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भूमि बैनामा में धोखाधड़ी का मामला, मुकदमा दर्ज

**करनैलगंज (गोंडा), 31 मई (तरुणमित्र)।** नगर कोतवाली क्षेत्र के महादेवा गांव निवासी भवानी प्रसाद गिरि की शिकायत पर न्यायालय के आदेश से भूमि बैनामा में कथित धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वर्ष 2018 में उन्होंने गाटा संख्या 882 की 0.337 हेक्टेयर भूमि के लिए रायपुर फकीर निवासी राघवराम द्विवेदी के साथ पंजीकृत मुहायदाबय कराया था तथा निर्धारित धनराशि का भुगतान भी कर दिया था। इसके बावजूद आरोपी ने बाद में भूमि का बैनामा करने से इंकार कर दिया। आरोप है कि वर्ष 2019 में उसी भूमि का फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर अपनी मां के नाम बैनामा करा दिया गया। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# नगर पालिका सीमा विस्तार में फर्जीवाड़े का आरोप

**गोंडा, 31 मई (तरुणमित्र)।** नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के सीमा विस्तार में धांधली, कूटरचना और फर्जी आंकड़े प्रस्तुत किए जाने के आरोपों का मामला अब न्यायालय की चौखट तक पहुंच गया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) गोंडा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी गोंडा से सक्षम अधिकारी द्वारा प्रारंभिक जांच कराकर रिपोर्ट तलब की है। न्यायालय के इस आदेश के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। यह मामला जयप्रकाश सिंह बनाम सुजीत कुमार भारती एवं अन्य शीर्षक से न्यायालय में विचाराधीन है। वादी जयप्रकाश सिंह ने कहा है कि नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के सीमा विस्तार के दौरान ग्राम पंचायत कादीपुर के संबंध में जनसंख्या एवं मतदाता संख्या से जुड़े अभिलेखों में हेराफेरी कर भ्रामक रिपोर्ट तैयार की गई। इसके माध्यम से ग्राम पंचायत के अस्तित्व और अधिकारों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। न्यायालय में दाखिल प्रार्थना पत्र में तत्कालीन हल्का लेखपाल सुजीत भारती, ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अभिषेक सिंह, खंड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी, उपजिलाधिकारी हीरालाल समेत कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पक्षकार बनाया गया है। आरोप है कि सीमा विस्तार के लिए तैयार की गई रिपोर्टों में अलग-अलग समय पर विरोधाभासी आंकड़े प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरे प्रकरण की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि मामला सरकारी कर्मचारियों से संबंधित है। इसी आधार पर 11 मई 2026 को पारित आदेश में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिलाधिकारी गोंडा को निर्देशित किया कि प्रार्थना पत्र में लगाए गए आरोपों की किसी सक्षम अधिकारी से प्रारंभिक जांच कराकर 21 मई 2026 तक जांच आख्या न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य राजस्व अधिकारी गोंडा ने 22 मई को उपजिलाधिकारी कर्नलगंज एवं जिला विकास अधिकारी को मामले की जांच कर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके बाद 25 मई को उपजिलाधिकारी कर्नलगंज ने तहसीलदार कर्नलगंज को जांच की जिम्मेदारी सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मामले की निष्पक्ष जांच रिपोर्ट आने के बाद सीमा विस्तार की प्रक्रिया में अनियमितता, फर्जीवाड़ा अथवा कूटरचना का खुलासा हो सकता है।

फिलहाल न्यायालय की सख्ती और प्रशासनिक जांच की कार्रवाई से उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं जिनके नाम शिकायत में शामिल किए गए हैं। स्थानीय स्तर पर यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि जांच के निष्कर्ष नगर पालिका सीमा विस्तार की पूरी प्रक्रिया पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। अब सभी की निगाहें न्यायालय में प्रस्तुत होने वाली जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं।

## आवश्यक सूचना

प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. गर्रा नदी मझिगवां मिरकापुर वि.ख. बावन तहसील व जिला हरदोई की प्रथम बैठक **दिनांक 02.06.2026 को 10 बजे** दिन में अमित कुमार के घर के पास चौपाल में आहूत की जायेगी, बैठक में उपस्थित अपेक्षित है,व अन्य आगामी द्वितीय **बैठक 07-06-2026 को 11 बजे** पूर्वाहन तथा तृतीय **बैठक 12-06-2026 को 11.30 बजे** पूर्वाह्न उपरोक्त स्थान पर होगी कृपया बैठक में प्रतिभाग करने की करने की कृपा करें।

**(अमित कुमार)**
**मुख्य प्रवर्तक**
**बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. गर्रा नदी मझिगवा मिरकापुर, विकास खंड बावन, तहसील व जिला-हरदोई**

# बदायूं सांसद ने मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल भेंट कर किया सम्मानित

आंवला -बरेली, 31 मई (तरुणमित्र)। विधानसभा आवला के ग्राम खगनवा श्याम में रविवार को मेधावी छात्र व छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बदायूं सांसद आदित्य यादव रहे। उन्होंने मेधावी छात्र छात्राओं को साइकिल भेंट कर सम्मानित किया। सांसद ने कार्यक्रम में पहुँच कर वहाँ उपस्थित सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं को संबोधित किया। मुख्य अतिथि सांसद आदित्य यादव ने कहा कि आज देश व प्रदेश में भाजपा सरकार है लेकिन उसके बाद भी हर तरफ अराजकता का माहौल है। किसान महंगाई के कारण फाँसी खा रहा है, बेरोजगार नौकरी के लिए सड़कों पर आंदोलन कर रहा है, रोज कोई न कोई परीक्षाएं रद्द हो रही हैं, लेकिन सरकार के पास इन समस्याओं से निपटने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं है। भाजपा सरकार के बड़े बड़े मंत्री और नेता भ्रष्टाचार में लिप्त होते जा रहे हैं



और यह बड़ी-बड़ी बातें करने वाली भाजपा सरकार महगाई और बेरोजगारी की समस्या से निस्तारण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के राज में देश और प्रदेश में महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। भाजपा सरकार में महिलाओं के हितों को दरकिनार किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरेली सपा जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने की। शुभलेश यादव ने बूथ स्तर पर पीडीए पंचायत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर पार्टी के सभी कार्य पूरी निष्ठा के साथ करने होंगे और निश्चित ही 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी का जनता के बीच भरोसा मजबूत है, और हम हमेशा शिक्षा और समान अवसरों के पक्षधर रहे हैं। पूर्व विधायक पंडित आर. के शर्मा ने कहा आज इस भाजपा सरकार में स्कूल बंद किए जा रहे हैं जिससे गरीब का बच्चा पढ़ाई से बहुत दूर जा रहा है इसलिए सभी साथी इस निरंकुश भाजपा सरकार को 2027 में उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर जाये। अरविन्द यादव जिला पंचायत सदस्य ने भाजपा सरकार की परीक्षा नीति को पूरी तरह से निराशाजनक बताया है।

उन्होंने कहा कि बिना किसी स्पष्ट योजना के अचानक परीक्षाएं रद्द कर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि सरकार अपनी त्वरित नीतियों पर फिर से विचार करे और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बन्द करे। कार्यक्रम में ब्रजेश यादव विधायक, शिवचरण कश्यप पूर्व जिला अध्यक्ष, अनिल यादव पूर्व विधायक, विजेंद्र सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष, भारती चौहान, स्मिता यादव राकेश गौड़, जीराज यादव, डा. इंद्रपाल सिंह, इंजी. सतेंद्र सिंह यादव, राजेश गौड़, पीयूस वर्मा, आदेश यादव, बी. डी वर्मा, सुनील लोधी, अमित राज, हाफिज शब्बीर अहमद, वीरेश शाक्य, रहीश अहमद, शिवम चौहान, अफसर खान, राजेश यादव, हिमांशु, रिंकू यादव, विपिन यादव आदि समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ का रक्तदान शिविर बना सेवा व समर्पण का महापर्व

बरेली, 31 मई (तरुणमित्र)। रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ द्वारा आईएमए ब्लड बैंक में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर मानव सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और जनकल्याण का प्रेरणादायी उदाहरण बन गया। शिविर में 105 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो क्लब की सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण का परिचायक है। रक्तदान शिविर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार तथा कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथियों का स्वागत क्लब अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल एवं सचिव संजय गर्ग ने पटका, मोती माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि रक्तदान का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित एवं पर्याप्त रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, सर्जरी तथा प्रसव जैसी परिस्थितियों में रक्तदान अनेक लोगों के जीवन की रक्षा करता है।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदाता वास्तव में समाज के सच्चे नायक हैं। वे बिना किसी स्वार्थ के मानवता की सेवा करते हुए दूसरों को जीवनदान देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अधिकाधिक रक्तदान करने की अपील की। क्लब सचिव संजय गर्ग ने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। रक्तदान न केवल एक महान मानवीय सेवा है, बल्कि यह समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा देता है। कम्युनिटी सर्विस डायरेक्टर राजीव बूबना ने आयोजन की सफलता का श्रेय क्लब के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्वयंसेवकों की अथक मेहनत और समर्पण को दिया। उन्होंने विशेष रूप से कार्यक्रम संयोजक राकेश धीरवानी, शिशिर पांडे, दिनेश प्रधान, रोहित जिंदल, अचल कुमार एवं वीरेश मित्तल के योगदान की सराहना की।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन

बरेली, 31 मई (तरुणमित्र)। महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा की अगुवाई में धर्मकांटा स्थित पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कार्यालय पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत माता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर देने के साथ हुई। इसके उपरांत एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसका संचालन कांग्रेस प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर मालवा क्षेत्र की एक विनम्र, उदार शासक, महान शिवभक्त एवं समाज सुधारक थीं। उनके हृदय में गरीबों, जरूरतमंदों और असहाय लोगों के प्रति दया एवं परोपकार की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। उन्होंने अपने राज्य की सीमाओं से बाहर भी देश के अनेक प्रसिद्ध तीर्थस्थलों पर मंदिरों, घाटों, कुओं, बावड़ियों तथा मार्गों का निर्माण कराया। सोमनाथ मंदिर एवं काशी विश्वनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार में उनका योगदान अविस्मरणीय है। ऐसी महान विभूति को हम सभी नमन करते हैं तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं। पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा महिलाओं को समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए जीवनभर कार्य किया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को मानवता के कल्याण हेतु किए गए उनके कार्यों के लिए सदैव याद किया जाएगा। राष्ट्र उनके योगदान को कभी नहीं भूल सकता। राजा राम साहू ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर के बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

## नर्सिंग की छात्रा ने मालगाड़ी के आगे कूदकर दी जान, कोहराम

पीलीभीत, 31 मई (तरुणमित्र)। बरेली पीलीभीत रेलवे ट्रैक पर आज एक नर्सिंग की छात्रा ने मालगाड़ी के आगे कूद कर जान दे दी। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है। सोनी उर्फ रानी पुत्री ओमपाल उम्र लगभग 20 वर्ष ने शाही स्टेशन से आगे इनायतपुर की तरफ जाते समय बरेली से आ रही मालगाड़ी के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली. मृतका अपनी नानी सुभागो देवी के साथ हांडा गांव में रह कर नर्सिंग का कोर्स कर रही थी, बताते हैं कि उसकी मां ममता दिल्ली में रहकर मजदूरी करती है, युवती का अपने पिता से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं था, युवती की ननिहाल बरेली जनपद के गांव अधकटा में थी।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों का हुआ सम्मान

पीलीभीत, 31 मई (तरुणमित्र)। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर रविवार को पूरनपुर नगर के एक होटल में भव्य एवं गरिमामयी पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ अधिवक्ता रजनीश रामशर्मा पांडे द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पत्रकारों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया तथा लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, विधायक बाबूराम पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह एवं नगर



पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता मौजूद रहे। अतिथियों ने हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करते हैं। निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं और समाज को सही दिशा देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वरिष्ठ पत्रकार नवीन अग्रवाल ने कहा कि पत्रकारिता किसी सीमित दायरे तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर क्षेत्र की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने पत्रकारों से एकजुट रहने और पत्रकार हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। वरिष्ठ पत्रकार सतीश मिश्रा ने पत्रकारिता को लोकतंत्र की मजबूती का आधार बताते हुए पत्रकारों से सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की अपील की। पत्रकार शैलेंद्र शर्मा ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सूचना का प्रवाह तेज हुआ है, लेकिन तथ्यों की सत्यता की जांच पहले से अधिक आवश्यक हो गई है। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता रजनीश पांडे ने उपस्थित पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं। उन्होंने विभिन्न समाचार पत्रों एवं मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों को पेन अवार्ड देकर सम्मानित किया।

समारोह में गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित राजू, ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष एडवोकेट आनंद मिश्रा, भाजपा जिलामहामंत्री अनुराग अग्निहोत्री भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सम्मानित होने वाले पत्रकारों में नवीन अग्रवाल, शैलेंद्र शर्मा, योगेश वर्मा, सतीश मिश्रा, रामनरेश शर्मा, विकास सिंह, मीनू बरकाती, नाजिम, सरफराज, निर्मल कांत, अमिताभ, दिनेश, अरविंद्र, हैदर खां, संजय, जुल्फिकार, सिकंदर, इशहाक एवं फिरासत खां सहित अनेक पत्रकार शामिल रहे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर मानव श्रृंखला बनाकर दिया जागरूकता का संदेश



बरेली, 31 मई (तरुणमित्र)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) सी.बी.गंज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. इंतजार हुसैन ने यूपीएचसी सी.बी.गंज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र की बेहतर ओपीडी सेवाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए डॉ. मधु गुप्ता तथा समस्त स्टाफ के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों एवं उपस्थित मरीजों को तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्लेकार्ड्स के साथ मानव श्रृंखला बनाई गई। मानव श्रृंखला में मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा तंबाकू मुक्त समाज का संदेश दिया।

इस अवसर पर हिर्देश, मनमोहन सिंह, सरिता, श्रवण, रामलाली, सूरज सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं लाभार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों एवं अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई।

डॉ. इंतजार हुसैन ने कहा कि तंबाकू जनित रोगों की रोकथाम के लिए जन जागरूकता अत्यंत आवश्यक है तथा प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं तंबाकू से दूर रहकर दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों द्वारा तंबाकू मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेने के साथ हुआ। 'तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो' एवं 'स्वस्थ जीवन अपनाएं, तंबाकू से दूर रहें' के संदेश के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# कुल शरीफ की रस्म के साथ पूरा हुआ उर्से गौहरी

बरेली, 31 मई (तरुणमित्र)। वक़्फ दरगाह हजरत सय्यद गौहर अली अलमारूफ भीटा शाह बाबा रहमातुल्लाह अलैह ग्राम परसौना में चल रहे सालाना उर्से गौहरी कुल शरीफ की रस्म के सम्पन्न हुआ। हजारों की संख्या में कुल शरीफ में अकीदतमन्दों ने शिरकत की। कुल्ल शरीफ में नातख्वां हजरात ने नातो मनकबत का नजराना पेश किया। उर्से गौहरी से भूखों को खाना खिलाने और प्यासे को पानी पिलाने डॉक्यूमेंट बनवाने का संदेश दिया गया। औलिया अल्लाह की शान बयान की गई। दरगाह प्रमुख पीरे तरीकत हजरत शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी ने मुल्क की खुशहाली के साथ सभी के लिए दुआ ए खैर की । दरगाह सचिव व उर्स प्रभारी ने कुल शरीफ में आए सभी का इस्तकबाल किया साथ ही उर्स को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन के द्वारा दिए गए सहयोग के लिए शुक्रिया अदा किया। चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रहा। कुल्ल शरीफ की रस्म अदा की गई। तबर्रुक तकसीम किया गया। इस मौके पर नदीम साबरी, जाहिद बेग, मोहम्मद जाफर, आकि ब साबरी, नसरत साबरी, समीर साबरी बब्लू, इरशाद बेग, फहीम साबरी, मुशाहिद साबरी, आसिफ खां साबरी, आमिर अल्ली आदि लोग मौजूद रहे ।

# मुंडिया के लाल ने मेडीकल क्षेत्र में पाई बड़ी उपलब्धि,देश भर में हासिल की छठी रैंक

बरेली, 31 मई (तरुणमित्र)। थाना इज्जतनगर के गांव मुंडिया अहमद नगर के रहने वाले किसान सूरजपाल के बेटे डॉ. कमल राज ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धि हांसिल की है। उन्होंने देश की सबसे प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षाओं में से एक फॉर्म इस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंपोर्टेंस सुपर-स्पेशलिटी (जुलाई 2026) में मचा उरोलॉजी (सर्जिकल ग्रुप) विभाग के अंतर्गत पूरे देश में छठी रैंक ऑल इंडिया मेरिट लिस्ट में हांसिल की है। जैसे ही यह खबर ?डॉ. कमल राज के पिता सूरज पाल को मिली तो पूरे परिवार में खुशी छा गई। एक ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर देश के शीर्ष



सर्जिकल ग्रुप में छठा स्थान पाना पूरे बरेली जनपद के लिए बड़े ही गौरव की बात है। डॉ. कमल राज की इस ऐतिहासिक सफलता पर उनके पूरे गांव में खुशी का माहौल है। अपनी इस शानदार कामयाबी पर डॉ. कमल राज ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस कठिन परीक्षा में टॉप रैंक हांसिल करना उनके लिए एक सपना सच होने जैसा है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता सूरज पाल, गृहणी माता ऊषा देवी एवं गुरुजनों को दिया है।? चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में एक कुशल यूरोलॉजिस्ट के रूप में डॉ. कमल राज देश की स्वास्थ्य सेवाओं में अपना बहुमूल्य और उत्कृष्ट योगदान देंगे। उनकी सफलता पर पूर्व प्रधान वेदप्रकाश पटेल, डॉ धीरज पाल गंगवार, लक्ष्मी गंगवार, पूजा मिश्रा, उमेश पटेल, सुनील पटेल, अरविंद चौहान आदि ने खुशी जताई है।

# भाड़ा वृद्धि को लेकर ट्रांसपोर्टरों की हुंकार अनदेखी पर हड़ताल की दी चेतावनी

फिरोजाबाद, 31 मई (तरुणमित्र)। पैट्रोलियम पदार्थो में बढ़ती महंगाई को लेकर चूड़ी ट्रांसपोर्ट ऑल इंडिया एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई फिरोजाबाद। बढ़ती महंगाई और डीजल के लगातार बढ़ते दामों से परेशान ट्रांसपोर्टरों ने अब अपनी आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में फिरोजाबाद चूड़ी ट्रांसपोर्ट ऑल इंडिया एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक शीतल खां रोड स्थित चिश्ती ट्रांसपोर्ट पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सरफराज अहमद द्वारा की गयी। बैठक में संगठन प्रभारी राहुल कुमार ने कड़े शब्दों में कहा कि डीजल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, और अब तक लगभग 07 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो चुकी है। पेट्रोल में 06 रु इसके बावजूद ट्रांसपोर्टरों को लागत के अनुरूप भाड़ा नहीं मिल रहा है, कई स्थानों पर डीजल नहीं मिल पा रहा है ,वह केवल लोकल की गाड़ियों को ही दे रहे है। जिससे ट्रांसपोर्टरो के सामने गंभीर संकट आ गया है। उन्होंने बताया कि ड्राइवरों के दैनिक खर्च भी तेजी से बढ़े हैं ,और गैस महंगी होने के कारण होटलों में भोजन भी महंगा हो गया है। जीशान हुसैन चिश्ती ने कहा कि एक ओर डीजल की मार झेलनी पड़ रही है, वहीं दूसरी ओर आरटीओ अधिकारियों द्वारा लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। इन सबके बीच व्यापारी वर्ग द्वारा ट्रांसपोर्टरों की मांगों की अनदेखी करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। संगठन के महासचिव विनोद माहेश्वरी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही भाड़ा बृद्धि पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

# असंगठित कामगारों व छोटे व्यापारियों को मिलेगी तीन हजार रुपये मासिक पेंशन

## समस्त पात्र जन सेवा केंद्र के माध्यम से करें आवेदन

बरेली, 31 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह कि अध्यक्षता में श्रम विभाग की योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक आयुक्त श्रम ने जानकारी देते हुए बताया कि असंगठित क्षेत्र के कामगारों और छोटे व्यापारियों के लिए दो पेंशन चलाई जा रही, जिसके माध्यम से वृद्धावस्था में श्रमिकों को 3000 रुपये मासिक पेंशन देकर आर्थिक सुरक्षा दी जाएगी। पहली योजना प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना है जिसके द्वारा रिक्शा चालक, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक, मोची, दर्जी जैसे असंगठित कामगार लोगों



को लाभ मिल सकता है इसके लिए आवश्यक पात्रताये है श्रमिक की उम्र 18 से 40 साल के मध्य होना,मासिक आय 15,000 रुपये या कम होना, आयकर दाता न हों और EPFO/NPS/ESIC के सदस्य न हों। ऐसे श्रमिकों यदि इस योजना को लेते है तो 60 साल की उम्र के बाद 3000 रुपये पेंशन प्राप्त होगी और मृत्यु होने की दशा में पति या पत्नी को 50 प्रतिशत यानी 1500 रुपये पारिवारिक पेंशन प्राप्त होगी। पेशन प्राप्त करने हेतु श्रमिक को उम्र के हिसाब से 55 रुपये से 200 रुपये महीना देना होगा और उतनी ही राशि सरकार भी जमा करेगी, जिससे उसे पेंशन प्राप्त होगी। इसी प्रकार लघु व्यापारी मान धन योजना भी संचालित हो रही है जो कि

छोटे दुकानदार, रिटेल व्यापारी, होटल, राइस मिल मालिक जिनका सालाना टर्नओवर 1.5 करोड़ तक है के लिए लाभकारी है इसके अंतर्गत भी 60 साल बाद 3000 रुपये मासिक पेंशन दिये जाने का प्रविधान है।

उन्होंने बताया कि श्रम योगी मान धन योजना योजना के तहत अब तक 10,326 कामगारों का पंजीकरण हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लक्ष्य में बरेली प्रदेश में 12वें स्थान पर है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि दोनों योजनाओं का व्यापक प्रचार -प्रसार कराया जाये जिससे अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ लें सके यह श्रमिकों के हित में बहुत अच्छी योजनाएं है श्रमिकों को बताये कि जन सेवा केंद्र पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराएं और बुढ़ापे को सुरक्षित बनाएं। बैठक में सहायक आयुक्त श्रम सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शिक्षक सलमान ने शिक्षा को कभी व्यापार बनने नहीं दिया

बदायूं, 31 मई (तरुणमित्र)। शहर की तंग गलियों में एक ऐसा चिराग 36 साल से जल रहा है जिसकी रोशनी हजारों घरों तक पहुंची है। लोग इन्हें मोहब्बत से 'हुम्मी सर' कहते हैं। जो शहर के मोहल्ला फरशोरी टोला के रहने वाले हैं। असली नाम सलमान अहमद है। बोर्ड पर चॉक घिसने वाला हाथ, गरीब की मदद में कभी पीछे हटता नहीं। हुम्मी सर की पहचान सिर्फ पढ़ाने से ही नहीं, बल्कि इनकी पहचान है चुपचाप की गई मदद से भी होती है। हुम्मी सर की सबसे बड़ी खासियत है कि इन्होंने कभी शिक्षा को व्यापार नहीं बनने दिया। सलमान अहमद कहते हैं कि मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब होती है जब आर्थिक रूप से कमजोर घर का बच्चा पढ़ लिखकर अच्छी स्थिति में पहुंच जाता है। ऐसे बहुत से बच्चे आज सफल हैं। मेरी कोचिंग उनके लिए हमेशा फ्री रही। उनकी फीस तो ऊपर वाला मुझे दुआओं में दे देता है। मोहल्ले के लोग बताते हैं कि शिक्षक सलमान अहमद गरीब बच्चों की पढ़ाई के काफी मदद करते हैं साथ ही गरीबों की चुपचाप मदद भी करते रहते हैं। न फोटो, न अखबार में नाम। मोहल्ले वालों का कहना है कि हुम्मी सर दिखावे की मदद नहीं करते हैं। आज के जमाने में जहां कोचिंग एक इंडस्ट्री बन गई है, लाखों की फीस ली जाती है, वहां 36 साल से एक शिक्षक बिना शोर के बच्चों का भविष्य बना रहा है। यह डिग्री नहीं बांटते, जिंदगी बनाते हैं। बदायूं के हुम्मी सर को शायद बड़े अवॉर्ड न मिले हों, पर हजारों छात्रों की कामयाबी और गरीबों की दुआएं ही उनका सबसे बड़ा अवॉर्ड हैं।

# ई-वेस्ट के कलेक्शन को सभी निकायों में लगाए जाएंगे ई-वेस्ट बिन

## जिला स्तरीय पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक का हुआ आयोजन

बरेली, 31 मई (तरुणमित्र)। अपर जिलाधिकारी नगर अविनाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। सर्व प्रथम जिला पर्यावरण समिति की बैठक में अवगत कराया गया कि दिनांक 08 जून को डा अफरोज अहमद, सदस्य/न्यायाधीक्ष, राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली द्वारा जनपद में भ्रमण व निरीक्षण कर बैठक की जायेगी, अतः सभी समस्त सम्बन्धित विभाग एनजीटी से सम्बन्धित प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही कर पूर्ण तैयारी कर ले। नगर निगम व नगर पंचायत/पालिकाओं को निर्देशित



किया गया कि ई-वेस्ट के कलेक्शन/निस्तारण हेतु अपने-अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत ई-वेस्ट बिन लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि महानगर कॉलोनी में कूड़ा का निस्तारण बरेली विकास प्राधिकरण व जिला पंचायत राज अधिकारी बरेली आपसी समन्वय करते हुये कराये। पी.ओ. नेडा को निर्देश दिये गये कि वे गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतो को बढावा देने हेतु अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। क्षेत्रीय अधिकारी उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बरेली को निर्देश दिये गये कि जनपद में ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 यथा संशोधित के प्राविधानों के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित करायें।

इस हेतु सम्बन्धित विभाग यथा ग्राम्य विकास, पंचायती राज, लोक निर्माण व नगर निगम एवं नगर पचायतों के सहयोग से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। जिला गंगा समिति की बैठक में अधिशासी अभियंता बाढ, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार व जल निगम को निर्देश दिये गये कि जनपद में प्रवाहित नकटिया नदी के पुनरूद्धार हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाये जिससे कि कार्ययोजना राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नई दिल्ली को भेजी जा सकें। बैठक में उप प्रभागीय वनाधिकारी आवंला व बरेली, क्षेत्रीय अधिकारी उ0प्र0 प्रदूशण नियंत्रण बोर्ड बरेली, नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम, अधिशासी अभियंता बाढ खण्ड जिला कृषि अधिकारी बरेली, जिला उद्यान अधिकारी बरेली सहायक निदेशक मत्स्य बरेली, सहायक आयुक्त सहकारिता बरेली, जिला विद्यालय निरीक्षक बरेली, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी बरेली, बरेली व नगर पालिका/पंचायत के अधिशासी अधिकारी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला कॉग्रेस कमेटी ने लोकमाता अहिल्याबाई की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

फिरोजाबाद, 31 मई (तरुणमित्र)। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर मलावा क्षेत्र की विनम्र और उदार शासिका थीं ,वह महान शिवभक्त थीं, उनके अंदर गरीबों , जरुरतमंदो तथा असहाय व्यक्तियों के लिये परोपकार कूट कूट कर भरी हुई थीं उन्होंने देश भर में मंदिर , घाट , कुआ वावढ़ियों का निर्माण कराया सोमनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिरों का जीर्णोद्धार एवं पुननिर्माण भी कराया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण , शिक्षा का अधिकार तथा उन्हें आगे बढ़ाने को आजीवन



कार्य किया, जिसके चलते लोकमाता को मानवता के कल्याण के लिये विशेष रूप में याद किया जाता है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव जितेंद्र तिवारी , गुलाम जिलानी , सुरेन्द्र शर्मा , अमन द्ववेदी , अजय यादव , धर्मेन्द्र यादव , अजय शर्मा , जिला महासचिव शान्तिदास शंखवार , जिला सचिव संजय यादव , अलोक यादव , कल्याण यादव , इंद्रभान यादव , संदीप कुमार , राजेंद्र कुमार वशिष्ठ सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# भैंस चराने गए दो बच्चों की गंगा नदी में डूबने से मौत, परिजनों में कोहराम

**हरपालपुर, हरदोई, 31 मई (तरुणमित्र)।** अरवल थाना क्षेत्र के निकामदपुर गांव में शनिवार की शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। गांव के पास से गुजरी गंगा नदी के किनारे भैंस चराने गए दो मासूम छात्र नदी की तेज धारा में डूब गए। लगभग चार घंटे तक चले कड़े रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों बच्चों के शवों को बरामद किया। इस हादसे के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

नहाते समय हुआ हादसा, दोस्त को बचाने में गई जान प्राप्त जानकारी के अनुसार, निकामदपुर निवासी ध्रुव 9 वर्ष पुत्र रामशंकर शनिवार शाम को



अपने दोस्त किशन 10 वर्ष पुत्र बृजपाल के साथ गांव से महज 500 मीटर दूर गंगा नदी के किनारे भैंस चराने गया था। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए दोनों बच्चे नदी में नहाने उतर गए। स्नान करते समय अचानक ध्रुव गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। अपने दोस्त को डूबता देख किशन ने उसे बचाने का साहसिक प्रयास किया, लेकिन अफसोस कि वह भी नदी की तेज धारा की चपेट में आ गया और दोनों गहरे पानी में समा गए। चार घंटे की मशक्कत के बाद मिले शव नदी किनारे मौजूद अन्य लोगों ने जब बच्चों को डूबते देखा तो तुरंत शोर मचाया और परिजनों को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही थानाध्यक्ष अनिल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर नदी में महाजाल डलवाया गया। करीब चार घंटे की भारी मशक्कत के बाद दोनों छात्रों के शवों को नदी से बाहर निकाला जा सका। प्रशासनिक स्तर पर नायब तहसीलदार राजेश कुमार पटेल ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। इस हादसे ने दो हंसते-खेलते परिवारों की खुशियां छीन ली हैं। मृतक किशन अपने दो भाइयों और चार बहनों में चौथे नंबर पर था, जो पड़ोस के प्राथमिक विद्यालय जीवनपुरवा में कक्षा पांच का छात्र था। उसकी मां विनीता बदहवास हालत में हैं। वहीं, मृतक ध्रुव अपने पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था और वह भी इसी स्कूल में कक्षा चार में पढ़ता था। एक ही स्कूल के दो होनहार बच्चों की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। अरवल थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कानूनी कार्रवाई पूरी की जाएगी।

## वृंदावन के परिक्रमा मार्ग पर बाइक सवार युवक की अभद्रता

**मथुरा, 31 मई (तरुणमित्र)।** वृंदावन के परिक्रमा मार्ग पर बाइक सवार युवकों की हरकतों से श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया। आरोप है कि बाइक पर सवार कुछ युवक परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं के बीच से गुजरते हुए युवतियों से छेड़छाड़ करते रहे। इसी दौरान एक युवती को पानी की बोतल मार दी जिससे वहां मौजूद लोगों का गुस्सा भड़क उठा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय परिक्रमा मार्ग पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। आरोप है कि बाइक सवार युवक तेज गति से निकलते हुए अभद्र टिप्पणियां कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक युवती पर पानी की बोतल मार दी। युवती के साथ हुई इस हरकत को देखकर आसपास मौजूद श्रद्धालुओं और युवकों ने पीछा कर आरोपियों को पकड़ लिया।

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही एक्शन में पुलिस, अवैध मिट्टी खनन मामले में दो पर केस दर्ज

**हरदोई, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के मझिला थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर अवैध खनन की खबर वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया. उच्चाधिकारियों के कड़े रुख और सख्त निर्देश के बाद मझिला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खेतों से अवैध रूप से मिट्टी चोरी करने और खनन अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 29 मई 2026 को सोशल मीडिया पर एक खबर तेजी से प्रसारित हुई थी। इसमें आलम नगर चौकी क्षेत्र के ग्राम वसभेरवा के पास खेतों से अवैध रूप से मिट्टी के खनन का दावा किया गया था। मामला सामने आने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मझिला थाने में तैनात आरक्षी जितेंद्र कुमार ने तत्काल मौके पर जाकर जांच की।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि ग्राम वसभेरवा निवासी तन्नू पुत्र लल्लम के खेत से रात के अंधेरे में अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा था। इस चोरी की गई मिट्टी को उसी गांव के रहने वाले राधाकृष्ण पुत्र रामसुंदर के खेत में डाला जा रहा थाआरक्षी जितेंद्र कुमार की तहरीर पर मझिला थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। थाना प्रभारी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा




● मझिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, रात के अंधेरे में खेत से चोरी की जा रही थी मिट्टी, बीएनएस और खनन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

पंजीकृत कर लिया है। मझिला पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर मिली सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर जांच कराई गई थी। अवैध खनन और मिट्टी चोरी के इस मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपा कार्यालय में मनाई गई लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती

**हरदोई, 31 मई (तरुणमित्र)।** मराठा संघ के अंतर्गत मालवा क्षेत्र पर 1767 से 1795 तक शासन करने वाली लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की उपस्थिति में मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष और उपस्थित पदाधिकारियों ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई सुशासन, नारी सशक्तिकरण और न्याय की अप्रतिम प्रतीक थीं। उन्होंने मुगलों द्वारा तोड़े गए काशी विश्वनाथ और सोमनाथ जैसे सैकड़ों भव्य मंदिरों का पुनर्निर्माण कराकर भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित किया। उन्होंने अपने



शासनकाल में प्रजा की संतानों की तरह सेवा की, उनका जीवन हमें लोक-कल्याण और राष्ट्र सेवा की निरंतर प्रेरणा देता है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं से उनके जन-कल्याणकारी आदर्शों और राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, सौरभ सिंह गौर, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, सत्येंद्र राजपूत, जिला मंत्री निर्देश राजपूत, अभय, ऋषभ, ओमवीर, रामजी, ऋषभ चंदा, देव और अभय सिंह सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रेनों में अवैध वेंडिंग पर कार्रवाई, अवध एक्सप्रेस से 64 किलो पेड़ा बरामद

**मथुरा, 31 मई (तरुणमित्र)।** आगरा मंडल में ट्रेनों में अवैध वेंडिंग पर अंकुश लगाने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम द्वारा सघन कार्रवाई की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंकित गुप्ता के निर्देशन में 29 मई से 12 जून 2026 तक यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। 30 मई को संयुक्त टीम ने गाड़ी संख्या 19038 अवध एक्सप्रेस में आगरा फोर्ट स्टेशन पर जांच के दौरान एक अनाधिकृत वेंडर को खाद्य सामग्री बेचते हुए पकड़ा। जांच के दौरान उसके कब्जे से करीब 64 किलोग्राम पेड़ा बरामद किया गया।

## सवायजपुर में सपा और भाकियू श्रमिक जनशक्ति को बड़ा झटका, दर्जनों पदाधिकारियों ने थामा भाजपा का दामन

**सवायजपुर, हरदोई, 31 मई (तरुणमित्र)।** सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी और भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति को उस समय बड़ा राजनीतिक झटका लगा, जब संगठन के कई दिग्गज पदाधिकारियों और सपा के सक्रिय सदस्यों ने सामूहिक रूप से भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। गढ़ी सवायजपुर स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह 'रानू भैया' ने सभी से संपर्क भेंट कर उनका स्वागत किया और उन्हें विधिवत भाजपा परिवार में सम्मिलित किया। केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने वालों में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव रामनरेश यादव, जिला अध्यक्ष शेर सिंह यादव और जिला सचिव श्याम रंगीले यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे। इनके साथ ही ब्लॉक संगठन हरपालपुर एवं सांडी इकाई के सम्मानित पदाधिकारी गणों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। वहीं दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी को झटका देते हुए सपा के सक्रिय सदस्य मो. शमीम, विनय सिंह यादव और जदुवीर सिंह यादव सहित अन्य प्रमुख



सम्मानित जनों ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। इस अवसर पर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह 'रानू' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन और नीतियों से प्रभावित होकर आज समाज का हर वर्ग भाजपा से जुड़ रहा है। भाजपा में शामिल हुए सभी साथियों का स्वागत है और इनके आने से संगठन को क्षेत्र में और अधिक मजबूती मिलेगी। इस दौरान क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो पुलिसकर्मियों को मिली भावुक विदाई

**हरदोई, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस विभाग में अपनी जिंदगी के स्वर्णिम वर्ष देश और समाज की सेवा में समर्पित करने के बाद दो पुलिसकर्मियों को हरपालपुर सर्किल में अत्यंत सम्मान और भव्यता के साथ विदाई दी गई। क्षेत्राधिकारी हरपालपुर सतेन्द्र सिंह द्वारा जनपद से सेवानिवृत्त हुए रेडियो उपनिरीक्षक शुक्ला यमुना प्रसाद और फायर सर्विस चालक मेघराज को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह के दौरान क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र सिंह ने दोनों सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को शॉल ओढ़ाकर और पवित्र ग्रंथ 'गीता' भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने हरदोई पुलिस की तरफ से दोनों साथियों की निःस्वार्थ सेवा, कर्तव्यपरायणता और कठिन परिश्रम के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। सीओ ने कहा कि



पुलिस की नौकरी बेहद चुनौतियों से भरी होती है, और ऐसे में बिना किसी दाग के अपनी लंबी सेवा पूरी कर सम्मानपूर्वक विदाई पाना बेहद गौरव की बात है। इस भावुक और गरिमामय पल के गवाह दोनों सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के पारिवारिक सदस्य भी बने, जिनकी आंखें अपने अपनों के इस सम्मान को देखकर गर्व से नम हो गईं। विदाई के समय पुलिस कार्यालय का माहौल बेहद सहयोगात्मक और विदाई के गीतों के बीच यादगार बन गया, जहाँ साथी पुलिसकर्मियों ने नम आंखों से अपने वरिष्ठों को विदा किया।

## डिंपल ने महंगाई व बिजली को लेकर भाजपा सरकार पर किया तीखा प्रहार

**मैनपुरी, 31 मई (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मैनपुरी में आयोजित एक कार्यक्रम में बिजली दरों में वृद्धि और बढ़ती महंगाई जैसे मुद्दों पर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए।

डिंपल यादव ने उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा फ्यूल सरचार्ज में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी पर प्रतिक्रिया दी। कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम पहले से ही जनता की कमर तोड़ रहे हैं। अब बिजली भी महंगी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले आठ-नौ वर्षों में कोई नया बड़ा बिजली संयंत्र स्थापित नहीं हुआ। सरकार दूसरे राज्यों से महंगी बिजली खरीदकर मांग पूरी कर रही है। इसका पूरा बोझ जनता पर डाला जा रहा है। उन्होंने इसे सरकार की बड़ी नाकामी बताया। नीट परीक्षा विवाद और शिक्षा व्यवस्था पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। सरकार नई योजनाएं बनाती है, पर उन्हें ठीक से लागू नहीं कर पाती। उन्होंने केरल विधानसभा में वंदे मातरम पर चल रही बहस को जनता के असली सवालों से ध्यान भटकाने का प्रयास बताया। यादव ने आरक्षण, महिला सुरक्षा और रोजगार जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा।

## रविकांत गुप्ता जिला महामंत्री व अंकित गुप्ता बने नगर अध्यक्ष

**फरुर्खाबाद, 31 मई (तरुणमित्र)।** शहर व्यापारियों ने शानदार कार्यक्रम कर जिला स्तर पर नई हलचल पैदा कर दी। भारतीय उद्योग व्यापर मंडल को छोड़ आज रविकांत गुप्ता, अंकित कुमार गुप्ता ने व्यापरी हित मे बड़ी लकीर खींच दी। जिससे सब हैरान रह गए।

पूर्व नगर अध्यक्ष रहे रविकांत गुप्ता को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता द्वारा जिला महामंत्री बनाया गया तो फरुर्खाबाद शहर अध्यक्ष रहे अंकित गुप्ता को इस संगठन मे भी नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई साथ अजय कुमार सक्सेना को जिला प्रभारी व विबेक कुमार गुप्ता को नगर महामंत्री बनाया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार



मंडल के जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने व्यापारी हितो मे आवाज बुलंद करने बाले रविकांत गुप्ता, अंकित गुप्ता व अन्य नवनियुक्त पदाधिकारियो का माला पहना कर और संगठन का पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। सभी व्यापारियों ने एक स्वर मे व्यापरियो के हित मे संघर्षशील रहकर लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। रविकांत गुप्ता अंकित गुप्ता के अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मे आने से जिलें के व्यापारी संगठनों मे एक नई हलचल दिखाई दे रही है। इस अवसर पर के के द्विवेदी एल आई सी लिक अभिकर्ता, सत्यनारायण गुप्ता, माईकल गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अंशु, ओम जवैलर्स, अभिषेक वर्मा, शिबा जवैलर्स, पंकज सांवरिया,सलमान खान, तोसीम खान, अनिल गुप्ता, रिंकू गुप्ता, विकास गुप्ता, विजय सक्सेना, ओम शर्मा, कृष्णा गुप्ता, आलोक गुप्ता, आकाश गुप्ता, कमल किशोर गुप्ता, मोहित श्रीवास्तव, विजय कठेरिया, शुशील सिंह, अर्पित गुप्ता, शुशील वर्मा, पंकज गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे।

### संक्षिप्त समाचार

## पुलिस ने 10 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी, 31 मई(तरुणमित्र)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली धौरहरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट पर फरार चल रहे 10 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी धौरहरा के मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली धौरहरा के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राममिलन, दिनेश, रामनिवास, भुद्धू, रविन्द्र, गुड्डू, जयप्रकाश, सिराजुद्दीन, निजामुद्दीन तथा साहबदीन शामिल हैं। ये सभी विभिन्न आपराधिक मामलों में न्यायालय से जारी वारंटों के चलते वांछित चल रहे थे। धौरहरा पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## पाइपलाइन दुरुस्त, 500 घरों की बुझी प्यास!

**मैनपुरी, 31 मई (तरुणमित्र)।** नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला किला बजरिया में टूटी पानी की पाइपलाइन को ठीक कर दिया गया है। 500 से अधिक घरों में पेयजल आपूर्ति शनिवार को बहाल हो गई। एक ईंटों से भरे



ट्रैक्टर के गुजरने से बृहस्पतिवार को यह पाइपलाइन टूट गई थी। पाइपलाइन टूटने से आधा दर्जन मोहल्लों में पेयजल संकट गहरा गया था। इनमें किला बजरिया, मोहल्ला मिश्राना, पुरोहिताना, चौथियाना, सोतियाना और देवी सड़क शामिल थे। पानी की टंकी की मुख्य पाइपलाइन बृहस्पतिवार को क्षतिग्रस्त हुई थी। जानकारी मिलने पर अधिशासी अधिकारी बुद्धिप्रकाश ने शुक्रवार को ही मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया। नगर पालिका के कर्मचारी पाइपलाइन को ठीक करने में शुक्रवार देर रात तक जुटे रहे। शनिवार को इन सभी मोहल्लों में लोगों के घरों तक पानी पहुंच सका। पाइपलाइन के गड्ढे को भी दुरुस्त किया गया। पाइपलाइन टूटने से कई मोहल्लों में पानी की किल्लत हो गई थी। किला बजरिया, मिश्राना, पुरोहिताना, चौथियाना, सोतियाना और देवी सड़क जैसे क्षेत्र प्रभावित हुए। इन मोहल्लों में रहने वाले 500 से अधिक परिवारों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ी। यह संकट बृहस्पतिवार को पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद शुरू हुआ था।

## मंत्री का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**फरुर्खाबाद, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनपद का सदर तहसील के अधिवक्ता संघ कार्यालय मेंहोशियार सिंह राजपूत एडवोकेटके नेतृत्व मेंअधिवक्ताओं ने ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश राजपूतके स्वागत समारोह का आयोजनकिया गया था।

जबकि जो प्रोटोकॉल में कार्यक्रम काकोई उल्लेखन होने के कारणमंत्री जी के मौसी के लड़केएवं जनार्दन राजपूतएडवोकेट के मामा के लड़के ऊर्जा मंत्री कैलाश राजपूतके न आने की संभावना पर मायूसनजर आए। मगर मंत्री जी सेसंपर्क करने परज्ञात हुआ किमंत्री जी अवश्य तहसील आएंगे। राज्य मंत्री नेप्रोटोकॉल में कार्यक्रम ना होने के बावजूद भीपूर्व विधायक कुलदीप गंगवारपूर्व विधायक अरविंदप्रताप सिंहके साथअधिवक्ता संकार्यालय



पहुंचे। जहां पर अधिवक्ताओं नेउन्हें 51 किलो की फूल मालाएं पहनाकर एवं बारी-बारी सेअधिवक्ताओं नेफूल मालाये पहनाकर स्मृति चिन्ह भेट करउनका गर्म जोशी से स्वागत किया। इस मौका पर जनार्दन दत्त राजपूतएडवोकेट ने बतायामंत्री जी हमारे मामा के लड़के हैंवही होशियार सिंह राजपूत ने बतायाकी मंत्री जी हमारेमौसी के लड़के हैं। इस मौके पर रविनेशचंद यादव एडवोकेट राजीव सिंह चौहान एडवोकेट संजय चावला एडवोकेट संजीव शाक्य रामेंद्र सिंह कटियार, राहुल दीक्षित उमाशंकर सक्सेनाआज लगभग आधा सैकड़ा अधिवक्ताओं ने मंत्री जी का गर्म जोशी से स्वागत किया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने सुनीं पीएम के 'मन की बात'

**मथुरा, 31 मई (तरुणमित्र)।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कुंज नगर बूथ संख्या 254 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 134वें संस्करण को बूथ अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों कार्यकताओं और मातृशक्ति के साथ सुना। उन्होंने मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया तथा संगठन की मजबूती एवं जनसेवा के संकल्प को और सशक्त बनाने का आव्हान करते हुए उन्होंने कहा मन की बात कार्यक्रम हम सभी को प्रेरित करने वाला एक सशक्त माध्यम बन गया है। प्रधानमंत्री विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरणादायक कहानियों को साझा कर, अन्य लोगों को भी जनहित के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं।

## पलिया में 88 हजार की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक-मोबाइल बरामद

**लखीमपुर-खीरी, 31 मई (तरूणमित्र)।** खीरी पुलिस के नशा विरोधी अभियान में पलिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पलिया पुलिस ने 22.50 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त स्मैक की बाजार कीमत करीब 88,000 रुपये है। आपको बताते चलें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में एएसपी पश्चिमी व सीओ पलिया के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष पलिया की टीम ने चेकिंग के दौरान यह कार्रवाई की। जिसमें आरोपी बलराम सिंह पुत्र रामभरत, निवासी रंगरेजान तृतीय, पलिया को मौके से दबोच लिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से 22.50 ग्राम स्मैक, मोबाइल और तस्करी में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। बलराम सिंह पर पहले से थाना



पलिया में आयुध अधिनियम का केस दर्ज है। ताजा मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट भेज दिया गया है। युवाओं को बर्बाद करने वाले किसी भी तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में व0उ0नि0 रामजीत यादव, हे0का0 जयप्रकाश यादव, हे0का0 अनुज कुमार गोलियान, का0 अतुल त्रिपाठी, का0 रामभूल वर्मा, का0 सुनील रावत आदि ने गिरफ्तारी की।

## जवाबी कव्वाली की महफिलों के साथ संपन्न हुआ उर्स शहीद मर्द बाबा

**बिलग्राम, हरदोई, 31 मई (तरुणमित्र)।** बिलग्राम क्षेत्र के रहुला गांव में आयोजित तीन दिवसीय उर्स शहीद मर्द बाबा का कार्यक्रम रविवार को दुआ और सलाम के साथ सकुशल संपन्न हो गया। उर्स के दौरान आयोजित जवाबी कव्वाली की महफिलें श्रद्धालुओं और श्रोताओं के आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें सुनने के लिए क्षेत्र के दर्जनों गांवों तथा नगरों से हजारों लोग पहुंचे।

उर्स का शुभारंभ गुरुवार को शहीद मर्द बाबा की मजार पर कुरान शरीफ की तिलावत और फातिहा के साथ हुआ। तीन दिवसीय आयोजन में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया। शुक्रवार और शनिवार की रात आयोजित जवाबी कव्वाली प्रतियोगिताओं ने श्रोताओं



को देर रात तक बांधे रखा। शुक्रवार की रात बरेली की प्रसिद्ध महिला कव्वाल जेबा रानी और बदायूं के कव्वाल नईम साबरी के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। हालांकि देर रात अचानक आए आंधी-तूफान के कारण कार्यक्रम कुछ समय के लिए बाधित हुआ, लेकिन मौसम सामान्य होते ही कव्वाली का सिलसिला फिर शुरू हो गया। शनिवार की रात बिहार के कव्वाल शाहरुख साबरी और बरेली की कव्वाल सोफिया चिश्ती के बीच शेर-ओ-शायरी और सूफियाना कलाम का ऐसा रंग जमा कि श्रोता सुबह तक महफिल में डटे रहे। कव्वालों की शानदार प्रस्तुतियों पर श्रोताओं ने खूब दाद दी।उर्स और मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार के निर्देशन में पुलिस बल लगातार मेले और कार्यक्रम स्थल पर गश्त करता रहा। अतिरिक्त निरीक्षक अजय कुमार, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार सहित पुलिस कर्मियों की सक्रिय निगरानी में पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुआ। मेले में लगी विभिन्न दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की, वहीं बच्चों ने झूलों और मनोरंजन के अन्य साधनों का भरपूर आनंद लिया।

## अमान परिवर्तन का लाभ किसे: मालगाड़ियां दौड़ीं, यात्री ट्रेनों का पड़ा अकाल

### लखनऊ-मैलानी-पीलीभीत रेलखंड पर संचालित यात्री ट्रेनों की संख्या सीमित होने से परेशानी

**लखीमपुर-खीरी, 31 मई (तरूणमित्र)।** लखनऊ-मैलानी-पीलीभीत रेलखंड पर अमान परिवर्तन के बाद रेल सेवाओं में क्रांतिकारी सुधार के दावे किए गए थे, लेकिन आज इस रेलखंड के यात्री खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

हालात यह हैं कि जहां एक ओर मालगाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं दूसरी ओर यात्री ट्रेनों की कमी ने हजारों लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लखीमपुर से राजधानी लखनऊ जाने के लिए सुबह के समय केवल एक पैसेंजर ट्रेन उपलब्ध है। जबकि लखनऊ से लखीमपुर आने के लिए सुबह दो पैसेंजर और एक एक्सप्रेस ट्रेन संचालित की जा रही है। इस व्यवस्था को लेकर यात्रियों में भारी नाराजगी है और लोग रेलवे




प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। हालांकि रेलवे ने लखनऊ से लखीमपुर-मैलानी मार्ग होते हुए मुंबई तक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के संचालन की घोषणा की है, लेकिन यात्रियों का कहना है कि इससे दैनिक सफर करने वाले लोगों की समस्या का समाधान नहीं होगा। क्षेत्र को जरूरत नियमित यात्री ट्रेनों की है, न कि सप्ताह में केवल एक दिन चलने वाली स्पेशल ट्रेन की।

यात्रियों का कहना है कि अमान परिवर्तन से पहले यह रेलखंड व्यस्त रेल मार्गों में गिना जाता था। इस रूट पर सेंचुरी एक्सप्रेस, रुहेलखंड एक्सप्रेस, आगरा फोर्ट एक्सप्रेस, काठगोदाम (नैनीताल) एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनें संचालित होती थीं। इसके अलावा इंटरसिटी और कई जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों के कारण हजारों लोगों का सफर आसान और सस्ता था लेकिन अमान परिवर्तन के बाद तस्वीर पूरी तरह बदल गई। आज इस रेलखंड पर यात्री ट्रेनों का ऐसा अकाल है कि लोगों को मजबूरी में सड़क मार्ग का सहारा लेना पड़ रहा है। छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और मरीजों को अतिरिक्त समय और पैसा खर्च करना पड़ रहा है।

यात्री शिवा ने बताया कि ट्रेनों की कमी के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। अधिवक्ता यासिर खान ने कहा कि एक छोटे शहर से राजधानी जाने के लिए केवल एक ट्रेन और राजधानी से लौटने वालों के लिए तीन ट्रेनों की व्यवस्था रेलवे की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करती है।

वहीं यात्री शिवम और हर्ष का कहना है कि लखनऊ से सुबह के बाद दोपहर तक लखीमपुर और मैलानी की ओर कोई ट्रेन नहीं होने के कारण लोगों को महंगा किराया देकर बसों और निजी वाहनों से सफर करना पड़ता है। रेल यात्रियों ने रेलवे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस रेलखंड पर तत्काल नई यात्री ट्रेनें चलाई जाएं और पहले की तरह महत्वपूर्ण एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों का संचालन बहाल किया जाए।

# दो परिवारों के बुझे चिराग: रील बनाने के चक्कर में दो दोस्तों की मौत

## रामगंगा नदी में डूबे, शव बरामद

**शाहजहांपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के अल्हागंज क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के पास रामगंगा नदी में शनिवार शाम डूबे 18 वर्षीय उत्कर्ष और सर्वज्ञ के शव 12 घंटे के बाद एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिए हैं। दोनों नहाते समय गहरे पानी में डूब गए थे। दोनों युवक रील बनाने के लिए वहां पहले भी कई बार जा चुके थे और इसी शौक में दोनों की जान चली गई।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यही तथ्य सामने आया है। बस्ती जिले के निवासी दिवाकर और फैजाबाद जिले के सिविल लाइन के हौंसला नगर निवासी अमन श्रीवास्तव हरदोई जिले की डीसीएम शुगर मिल रूपापुर में कार्यरत हैं। केन मैनेजर दिवाकर का 18 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष, अमन का पुत्र सर्वज्ञ व उसका 15 वर्षीय साथी काव्य शनिवार शाम स्कूटी से घूमने निकले थे। दोनों घर से समोसा लेने की बात कहकर निकले थे। इस बीच



रघुनाथपुर गांव के पास रामगंगा नदी किनारे पहुंचने पर उत्कर्ष नहाने के लिए नदी में उतरते ही गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख सर्वज्ञ उसे बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा, लेकिन दोनों ही तैर नहीं पाने के कारण नदी की गहराई में समा गए। उनके साथ मौजूद काव्य ने शोर मचाकर ग्रामीणों और परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों की तलाश का अभियान शुरू किया गया। मछुआरों और स्थानीय लोगों की मदद से तलाश की गई, लेकिन अंधेरा होने के कारण तलाश बंद कर दी गई थी। रविवार की सुबह एसडीआरएफ ने खोजना शुरू कर दिया।

भुड़िया गांव के पास उत्कर्ष को शव खोज निकाला। इसके करीब दो घंटे बाद वहीं से सर्वज्ञ का शव नदी की गहराई से निकाला गया। शव देखते ही वहां मौजूद दोनों परिवारों के लोग बिलख उठे। हादसे में जान गंवाने वाले दोनों युवक अपने परिवारों के इकलौते पुत्र थे। हादसे में दो परिवारों के चिराग बुझ जाने से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस स्तर से अब तक हुई जांच से पता चला है कि दोनों युवक और उनका किशोर साथी रील बनाने और फोटो खींचने के शौकीन थे। इस शौक को पूरा करने के लिए वह इससे पहले भी कई बार वहां आ चुके थे। शनिवार को भी वह इसी उद्देश्य से रघुनाथपुर पहुंचे थे। उत्कर्ष और सर्वज्ञ ने इसी वर्ष रॉयन इंटरनेशनल स्कूल से बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। दोनों दोस्त होने के साथ ही कोटा में इंजीनियरिंग करने की तैयारी कर रहे थे। उत्कर्ष के परिजन ने कोचिंग के लिए ऑनलाइन फीस भी जमा कर दी थी। उत्कर्ष की बहन अर्पिता और मां प्रियंका हैं।सर्वज्ञ की मां अल्का भी बेटे की मौत से सुधबुध खो बेठी हैं।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर सपाइयों ने चित्र पर माल्यार्पण कर किए पुष्प अर्पित




**शाहजहांपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध शासिका राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती जनपद शाहजहांपुर बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई।

इस मौके पर उनके चित्र पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया और महिला सशक्तिकरण के लिए जीवन पर्यंत प्रयत्न किया प्रकार उन्होंने महिलाओ को आगे बढ़ाने के लिए विसेश योगदान दिये।

इस मौके पर सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव,सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव,सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह सपा, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद,पूर्व लोकसभा सपा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी,सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल,सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा,सपा जिला उपाध्यक्ष अजफर अली खान,सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा,सपा नेता दोद राम वर्मा,सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा नेता अरविन्द पाल,सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, रोहित यादव आदि मौजूद रहे।

# मानव जीवन कल्याण समिति ने किया प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन

**तिलहर/शाहजहांपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** मानव जीवन कल्याण समिति द्वारा रविवार को महर्षि दयानंद शिक्षा सदन आर्य समाज मंदिर में प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम में समाजसेवा और मानव कल्याण का संदेश देते हुए लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया। रक्तदान शिविर की शुरूआत समिति के अध्यक्ष पप्पू शर्मा ने स्वयं रक्तदान करके की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है और एक व्यक्ति का रक्त कई लोगों की जिंदगी बचाने में सहायक बनता है। शिविर में अध्यक्ष पप्पू शर्मा सहित संजय यादव, उत्कर्ष गुप्ता, कौशिक राज, रजनेश, साहिल गुप्ता, सुनील दत्त मिश्रा, गौरव कुमार, रामोतार, सर्वेश, ईशु समेत कुल 15 लोगों ने रक्तदान किया।

सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में बरेली के महेश नाथ ब्लड बैंक की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान निर्मल राठौर, डॉक्टर दीपक, राजपाल यादव, पुष्पेंद्र गंगवार, टेक्नीशियन अभय राजपूत, शैलेंद्र एवं स्टाफ नर्स परवेश मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंद्रकांता त्रिवेदी, प्रबंधक अरविंद गुप्ता, अनुज मिश्रा, माया देवी, गायत्री श्रीवास्तव, किरन प्रजापति सहित समिति के अनेक सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वित्त मंत्री ने कस्तूरबा विद्यालय में एकेडमिक ब्लॉक व हॉस्टल का किया लोकार्पण



**शाहजहांपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के सिंधौली के गांव मुड़िया पमार में रविवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एकेडमिक ब्लॉक व हॉस्टल का वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने लोकार्पण किया। यह भवन 453.01 लाख की लागत से बना है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले नौ साल में बदलाव देखने को मिला है। यह आम आदमी भी महसूस कर सकता है। स्कूलों का कायाकल्प करने के साथ ही अलंकार योजना के अंतर्गत विद्यालयों का जीर्णोद्धार कराया गया। उन्होंने कहा कि मेरिट के आधार पर भर्ती की जा रही है। मेरिट से योग्यता, परिश्रम और हुनर को बढ़ावा मिलता है।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय बन रहा है। कार्यक्रम में सांसद अरुण सागर, राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार, डॉ.सुधीर गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव आदि मौजूद रहे।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**शाहजहांपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वृद्धजनों के अधिकार विषयक पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन वृद्धाश्रम बनतारा में किया गया, जिसकी अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपेक्षा सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की धरोहर और मार्गदर्शक हैं। प्राधिकरण वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क और त्वरित कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। अन्त में विनोबा सेवा आश्रम की सचिव विमला बहन ने आभार व्यक्त किया। संचालन लिपिक मो. अफजल ने किया। इस दौरान में पीएलवी राकेश राठौर, केयर टेकर अंजलि आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सहयोग संस्था ने राहगीरों को वितरित किया शरबत, जरूरतमंदों को बांटे गए छाते

**शाहजहांपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनपद की चर्चित समाज सेवी संस्था सहयोग के द्वारा महानगर के बीचो-बीच घंटाघर के पास शर्बत वितरण का कैंप लगाया गया, जिसका शुभारंभ वार्ड पार्षद मोहम्मद रजी ने फीता काटकर किया , और कहा कि वाकई में इस संस्था के सभी काम काबिले तारीफ है। कार्यक्रम में उपस्थिति संस्था की डायरेक्टर नुजहत अंजुम , तराना जमाल, सैय्यद अनवर व रजनी गुप्ता ने बताया कि इस गर्म मौसम में सभी राहगीरों को शर्बत पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य है, जो भी व्यक्ति ऐसे गर्म मौसम में ठंडे शर्बत से अपना गला तर करता है, तो उसके मुंह से दुआएं ही निकलती है। संस्था की अध्यक्ष स्तुति गुप्ता व महासचिव सरदार हरजीत सिंह ने कहा कि संस्था के द्वारा जो भी जनहित के कार्य हैं, वह अवश्य ही होते रहेंगे , जहां पर भी सहयोग की जरूरत होगी वहां पर संस्था पहुंचने का कार्य करेगी। इस मौके पर संस्था के संस्थापक शाहनवाज खा एडवोकेट व अनिल गुप्ता प्रधान ने कहा कि पूरे जनपद का जो भी व्यक्ति बिना किसी भेदभाव व बिना किसी लालच के समाज सेवा करना चाहता है , तो हमारी संस्था से जुड़ सकता है , सहयोग संस्था में सभी धर्मों के लोग जुड़े हुए हैं , जो बिना किसी भेदभाव के जन सेवा का कार्य कर रहे है। कार्यक्रम में संस्था की पदाधिकारी विकास सक्सेना , सफीकुद्दीन अंसारी , उमेश गुप्ता, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता ,ममता यादव , अमर दीप खालसा ,शिवम वर्मा, अतुल गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉक्टर पुनीत मनीषी, राजीव गुप्ता (कटिया टोला) ,राम जी गुप्ता , आशू खा, मोहम्मद नाजिम , तस्लीम ,सुधीर, निहाल, शबाब आदि सभी उपस्थित रहे।

### कर्मचारी नेता अजय सिंह वर्मा का निधन, जताया शोक

**शाहजहांपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय सिंह वर्मा का रविवार सुबह पूर्वाह्न 8 बजे मेडिसिटी अस्पताल बरेली में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। मोहल्ला आनंद पुरम कालोनी के रहने वाले अजय सिंह वर्मा जिला अस्पताल में नान मेडिकल सुपरवाइजर पद पर कार्यरत थे। वह वर्ष 2013 में सेवानिवृत्त हुए। परिवार में पत्नी, दो विवाहित पुत्रियां और एक पुत्र है। शाम चार बजे उनका गर्रा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कलक्टर प्रसाद सैनी, बनबारी लाल, कमल किशोर अगिन्होत्री, गया प्रसाद यादव, चिम्मन लाल गंगवार, प्रतापनारायण अवस्थी, शान्तनु बाजपेयी, अनिल कुमार भास्कर, सुनील सक्सेना, अनुराधा सक्सेना, रजविन्दर कौर, पंकज बाजपेयी, राजेश कुमार सिंह, नरेश कुमार शर्मा समेत तमाम परिजन, परिचित, मित्र आदि उपस्थित रहे। अजय वर्मा के निधन पर जताया शोक, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय सिंह वर्मा के निधन पर कैम्प कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष एमएमए खान ने कहा कि कर्मचारी नेता अजय सिंह ने जीवन भर कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष किया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। सभा में सैयद मो. असलम, जागेश कुमार पाली, खालिद मजीद, सन्त कुमार विश्वकर्मा, इफ्तेखार हुसैन, राम सेवक शर्मा, सर्वेश गुप्ता, नन्हे लाल, अनवार अहमद आदि ने शोक जताया।

### कड़ी निगरानी के बीच संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

**शाहजहांपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनपद में बीएड प्रवेश परीक्षा की प्रथम पाली रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। अफसर भी लगातार भ्रमण करते रहे। परीक्षार्थी बोले-प्रश्न पत्र काफी आसान आया था। सुबह नौ बजे से प्रथम पाली में जीएफ कॉलेज, स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय, स्वामी धमार्नंद कॉलेज, जीआईसी और आर्य महिला डिग्री कॉलेज में परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा के एक घंटे पहले ही छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया। 12 बजे परीक्षा समाप्त हुई। इस दौरान अभ्यर्थी काफी खुश नजर आए। अधिकतर ने बताया कि प्रश्न पत्र काफी आसान आया था। सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी वर्तमान पर आधारित ही आए थे। इसलिए उनका रिजल्ट बेहतर आएगा। दूसरी ओर परीक्षा को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट भी निगरानी बनाए रहे। अधिकारियों ने भी केंद्रों का जायजा लिया है।

# अग्निकांड में जान गंवाने वाली मासूम नैना के परिजनों को मिली 4 लाख की सहायता

♦ सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सौंपा आर्थिक सहायता का चेक, पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

**उन्नाव, 31 मई (तरुणमित्र)।** विकास खंड सरोसी के ग्राम बाबूबंगला में हुए भीषण अग्निकांड में चार वर्षीय मासूम नैना की जलकर हुई मौत के बाद उसके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने दिवंगत बच्ची की माता को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। गौरतलब है कि ग्राम बाबूबंगला में रामप्रसाद, झब्बूलाल



और नरेंद्र के घरों में आग लगने से भारी नुकसान हुआ था। इस दर्दनाक हादसे में चार वर्षीय नैना की जलकर मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर सदर विधायक पंकज गुप्ता मौके पर पहुंचे थे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया था।

अपने आश्वासन को पूरा करते हुए विधायक ने आज दिवंगत मासूम बच्ची की माता को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राम शंकर, प्रधान आलोक तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गंगा स्नान कर लौट रही महिला की बाइक से गिरकर मौत

**कलान/शाहजहांपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** नगर के मोहल्ला शिव नगर निवासी महेश यादव अपनी पत्नी चंद्रकली (38) के बाइक पर सवार होकर बदायूं जनपद के थाना उसहैत अंतर्गत अटेना गंगा घाट पर ज्येष्ठ पूर्णिमा पर्व पर गंगा स्नान व पूजा अर्चना की।इसके बाद वह बाइक से रविवार सुबह 9 बजे आंधी देही रोड पर स्थित मिलकिया मोड़ पर ईट भट्टा के पास अचानक बाइक से गिर गयी। जिससे उसका सिर फट गया ।अधिक खून का रिसाव एवं कान से खून बहने के बाद उन्हें गंभीर अवस्था में एंबुलेंस के माध्यम से कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताते हैं इसी दौरान परिजन भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आ गये। मृतका की पुत्री पूजा (20) एवं पुत्र अमन (18) का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर कलान के प्रभारी निरीक्षक शिवदीन वर्मा ने मृतका के पति महेश यादव एवं अन्य परिजनों से पोस्टमार्टम के संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।जिसके बाद पुलिस ने मृतका के शव को परिजनों को सौंप दिया। चंद्रकली की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# साइबर ठगी के शिकार युवक को मिली राहत, 81,789 रुपये की पूरी रकम वापस

**उन्नाव, 31 मई (तरुणमित्र)।** साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उन्नाव पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए पीड़ित की 81,789 रुपये की संपूर्ण धनराशि वापस कराई है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के तालिब सराय निवासी अशर काविश पुत्र साजिद ने ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि 20 नवंबर 2025 को फोनपे के माध्यम से उसके साथ 81,789 रुपये की साइबर ठगी हो गई थी। शिकायत संख्या 23111250187805 के आधार पर साइबर हेल्प डेस्क कोतवाली सदर ने आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर थाना कोतवाली सदर में मुकदमा संख्या 1059/25 के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की जांच और लगातार की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप पुलिस ने पीड़ित की पूरी धनराशि 81,789 रुपये वापस कराते हुए उसके खाते में रिफंड करा दी। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। **कार्रवाई करने वाली टीम** प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्र,अपराध निरीक्षक राजेश यादव,महिला आरक्षी सोनिया शर्मा,रिक्रूट आरक्षी एलिश श्रीवास उन्नाव पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई कर धनराशि वापस कराई जा सके।

# परिवार परामर्श केंद्र की पहल रंग लाई, 20 विवादित दंपतियों में हुआ समझौता

## काउंसलिंग के बाद आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को हुए राजी, टूटने से बचे कई परिवार

**उन्नाव, 31 मई (तरुणमित्र)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र एवं महिला हेल्पडेस्क की पहल एक बार फिर सफल रही। परिवार परामर्शदाताओं और पुलिस टीम के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के 20 विवादित जोड़े आपसी मतभेद भुलाकर पुनः साथ रहने को राजी हो गए।

रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में जनपदीय अध्यक्षा नीतू सिंह की अध्यक्षता तथा क्षेत्राधिकारी लाइन विनी सिंह की उपस्थिति में विभिन्न थानों से आए विवादित दंपत्तियों की काउंसलिंग की गई। परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम ने दोनों पक्षों को समझाते हुए उनके बीच उपजे विवादों का समाधान कराया और




परिवारों को टूटने से बचाने का प्रयास किया। काउंसलिंग के बाद महिला थाना के 5, बांगरमऊ के 4, परिवार परामर्श केंद्र के 3, बारासगवर के 2 तथा आसीवन, दही, बिहार, अचलगंज, सोहरामऊ और कोतवाली सदर के 1-1 जोड़े आपसी सहमति से साथ रहने को तैयार हुए। सभी दंपत्तियों ने भविष्य में बिना विवाद पारिवारिक जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया।

इस पुनीत कार्य में अतिथि सलाहकार लीना सैनी, विनीसा चंद्रवानी, निधि खंडेलवाल, उपासना गौतम, प्रभारी परिवार परामर्श समिति डॉ. आशीष श्रीवास्तव, शिल्पी श्रीवास्तव, प्रभा यादव, अबरार हुसैन, डॉ. शशि रंजना अग्निहोत्री, डॉ. एस.के. पाण्डेय, डॉ. सगीर अहमद एवं डॉ. अबसार अली सहित अन्य सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वहीं पुलिस टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र एवं महिला हेल्पडेस्क संतोष कुमारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, महिला उपनिरीक्षक मिथिलेश वर्मा तथा महिला हेल्पडेस्क की पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा। अधिकारियों ने कहा कि परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य संवाद और समझदारी के माध्यम से पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कर परिवारों को टूटने से बचाना है।

# बशीर बद्र को भावभीनी श्रद्धांजलि, संस्कार भारती की संगोष्ठी में याद किए गए साहित्यिक अवदान

## कवियों और साहित्यकारों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि शायरी और मानवीय संवेदनाओं पर हुई सार्थक चर्चा

**उन्नाव, 31 मई (तरुणमित्र)।** संस्कार भारती उन्नाव द्वारा मासिक कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के मोहल्ला कृष्णा नगर स्थित पार्क व्यू पैलेस में मरहूम शायर बशीर बद्र को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकारों, कवियों एवं बुद्धिजीवियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुआ। तत्पश्चात मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ किया गया। वरिष्ठ कवि शिवबालक राम सरोज ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। साहित्य संयोजक धीरज यादव ने अपनी गजल

**मुझसे अपना ही किरदार नही देखा जाता, खुद को इतना भी लाचार नही देखा जाता। कैसे जीते हैं लोग किसी की आजादी लेकर,मुझसे पिंजरों का व्यापार नही देखा जाता।।**




प्रस्तुत कर श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया। वहीं वरिष्ठ साहित्यकार उमा निवास बाजपेई ने 'मच्छर की वेदना' के माध्यम से वर्तमान व्यवस्था पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी कर उपस्थित जनों को विचार करने के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी में संरक्षक डॉ. मनोज श्रीवास्तव, महेंद्र शंकर त्रिपाठी, महामंत्री सियाराम पाण्डेय, संजीव कुमार निगम तथा डॉ. के.के. मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सार्थकता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बशीर बद्र के संघर्षपूर्ण जीवन, उनकी संवेदनशील शायरी तथा साहित्य जगत में उनके अमूल्य योगदान की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रभात सिन्हा ने बशीर बद्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा–

**जो उम्र भर 'घर' बनाने और
'उजालों' की दुआ देते रहे,
वो 'ज़िंदगी की शाम' होने पर जहाँ
को अलविदा कह गए।
'बस्तियाँ जलाने' वालों के शहर में
मोहब्बत बोने वाला मसीहा,
आज अपनी 'यादों के उजाले' हमेशा
के लिए हमारे पास छोड़ गए।**

उन्होंने कहा कि बशीर बद्र की शायरी प्रेम, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों की जीवंत अभिव्यक्ति है, जो आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करती रहेगी। इसके उपरांत उपस्थित सभी साहित्यकारों एवं अतिथियों ने बशीर बद्र के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का सफल संचालन कवि अनिरुद्ध सौरभ ने किया, जबकि अंत में महामंत्री सियाराम पाण्डेय ने सभी अतिथियों, साहित्यकारों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दिवाकर द्विवेदी ,शिशिर अस्थाना, अरविंद श्रीवास्तव , दीपेंद्र सिंह, नीरज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## हाफिज मियां का तीन दिवसीय सालाना उर्स आज से शुरू

**शाहजहांपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** आज एक जून से शुरू होने वाले हजरत हाफिज अहमद हुसैन खां उर्फ हाफिज मियां रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स में इस साल गुजरात से कई जायरीन के आने की संभावना है। इस बार जायरीन को रामपुर के मशहूर कव्वाल शाहिद नियाजी की कव्वालियां भी सुनने को मिलेंगी। उर्स की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं।खानकाह हाफिजिया के गद्दीनशीन वकार अहमद खां ने बताया कि हजरत हाफिज मियां का तीन दिवसीय 118 वां सालाना उर्स मोहल्ला हाथीथान स्थित खानकाह में एक जून से शुरू होगा। इस बार उर्स में गुजरात के भड़ूच जिले के हासोट से मोहम्मद निजामुद्दीन समेत कई जायरीन आएंगे। इस साल का खास आकर्षण रामपुर के जानेमाने कव्वाल शाहिद नियाजी का कार्यक्रम दो जून को रात दस बजे से होगा।

## केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा, जनप्रतिनिधियों संग किया भोजन

**शाहजहांपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के जलालाबाद क्षेत्र के गांव ककरहा में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने रविवार को विधायक हरिप्रकाश वर्मा समेत पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। बाद में आयोजित टिफिन के साथ चर्चा कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने वहां मौजूद ग्रामीणों से संवाद किया। राज्यमंत्री समेत विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने अपने साथ टिफिन में लाए और भोजन को सामूहिक रूप से ग्रहण किया। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में बताई गई बातों से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।उन्होंने कहा कि देशहित में समय-समय पर प्रधानमंत्री द्वारा की जाने वाली अपील को देश के बड़ी संख्या में लोग आत्मसात कर रहे हैं। यह उनकी लोकप्रियता को दर्शाता है। पूर्व में कार्यकताओं ने राज्यमंत्री समेत अन्य जनप्रतिनिधियों का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विधायक हरिप्रकाश वर्मा, जिलाध्यक्ष केसी वर्मा, ब्लाक प्रमुख लता सिंह, विनीत मिश्रा,कौशल मिश्रा, अवधेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।



# निजी वाहनों के व्यवसायिक उपयोग पर होगी कठोर कार्रवाई: मण्डलायुक्त

बस्ती , 31 मई (तरुणमित्र)। मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में तेजी लायें। उन्होने प्रवर्तन से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जाय तथा निजी वाहनों को व्यवसायिक प्रयोग में लाने वाले वाहन स्वामियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।



उन्होने यह भी निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेतरतीब खड़े वाहनों, ड्रिंक एवं ड्राइव मामलें में कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव त्यागी ने कहा कि वाहनों का नम्बर प्लेट स्पष्ट रूप से दिखें। नम्बर प्लेट ठीक से न दिखाई देने वाले वाहनों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। ओवर लोड व ओवर स्पीड वाहनों के विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।मण्डलायुक्त ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-समय पर सैम्पलिंग की कार्यवाही की जाय। उन्होने न्यायालय से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धारा 44, 80 और 116 से संबंधित प्रकरण को नियमानुसार शीघ्रअतिशीघ्र निस्तारित करें।उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति में पिछड़े विभाग कार्ययोजना बनाकर निरन्तर अभियान चलायें। बैठक का संचालन अपर आयुक्त प्रशासन मनोज कुमार तिवारी ने किया।

## छात्रों का परीक्षाफल वितरण व सम्मान समारोह आयोजित

सीतापुर , 31 मई (तरुणमित्र)। पंडित गणेश प्रसाद शुक्ल स्मृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में संचालित इंस्टिट्यूट ऑफ कंप्यूटर एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में संस्थान के छात्रों का परीक्षाफल वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन नगर पंचायत के सामुदायिक भवन में किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में आर डी वर्मा ,विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि व साहित्यकार डॉक्टर देवेंद्र कश्यप निडर ,मुन्नू लाल तिवारी उपस्थित रहे । संस्था के निदेशक आशुतोष शुक्ला ने संस्था के लक्ष्य ,उद्देश्य व ब्रेन साइंस ,वैदिक गणित ,अबेकस व कैरियर अवेयरनेस के बारे में अवगत कराया।इस दौरान दो छात्र जिनके परिणाम शत प्रतिशत रहे वंशिका तिवारी व ऋषिका तिवारी को प्रमाण पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पहल फाउंडेशन के भाष्कर तिवारी व नेशनल इंटर कालेज के विनय शुक्ला ने प्रतिभागियो को संबोधित किया।

# सतर्कता व सावधानी से कम की जा सकती है आपदा से होने वाली क्षति : प्रतिपाल

बस्ती , 31 मई (तरुणमित्र)। आंधी-तूफान एवं आकाशीय वज्रपात प्राकृतिक आपदाओं में प्रमुख हैं, जो अचानक उत्पन्न होकर जनजीवन, पशुधन एवं कृषि पर गंभीर प्रभाव डालते हैं। तेज हवाओं एवं बिजली गिरने से जनहानि, पशुहानि, मकानों एवं विद्युत संरचनाओं को क्षति पहुँचती है तथा फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। विशेष रूप से खुले स्थानों, खेतों, जलाशयों एवं ऊँचे ढाँचों के आसपास रहने वाले लोगों के लिए यह अधिक जोखिमपूर्ण होता है। अतः समय रहते सतर्कता एवं सावधानियों का पालन कर इन आपदाओं से होने वाली क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि/रा.) प्रतिपाल सिंह चौहान ने दी है। उन्होने बताया कि टिन की छत, होर्डिंग, क्षतिग्रस्त मकान, पेड़, बिजली के खंभे एवं मोबाइल टावर से दूर रहें, घर के बाहर या छत पर रखी हुई भारी वस्तुएं उड़ सकती हैं, इसलिए उन्हें बांधकर सुरक्षित रखें, यदि यात्रा कर रहे हों तो सुरक्षित स्थान देखकर वहीं रुक जाएं। उन्होने बताया कि धारदार एवं नुकीली वस्तुओं को खुले में न रखें, धातु से बनी वस्तुओं का उपयोग न करें एवं पेड़ की शरण में न जाएं। आकाशीय विद्युत (वज्रपात) के परिप्रेक्ष्य में सावधानियां हेतु उन्होने बताया कि तुरंत किसी पक्के मकान या सुरक्षित भवन की शरण में चले जाएं, खिड़की, दरवाजे एवं बरामदे से दूर रहें, पेड़, मोबाइल टावर, बिजली के खंभों, कच्चे मकान, तालाब एवं जलाशयों से दूरी बनाए रखें, खराब मौसम में बच्चों को बाहर न खेलने दें तथा लोहे की खिड़की, दरवाजे एवं हैण्डपम्प आदि को न छूएं, यदि खुले खेत में फंस जाएं तो दोनों कान बंद कर पैरों को सटाकर घुटनों के बल उकड़ू बैठ जाएं, वर्षा, आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली एवं बदलते मौसम का सटीक पूर्वानुमान प्राप्त करने हेतु दामिनी ऐप एवं सचेत ऐप का उपयोग करें। इन ऐप्स के माध्यम से प्रशासन, स्वयंसेवकों एवं जागरूक नागरिकों द्वारा समय रहते चेतावनी एवं अलर्ट प्राप्त कर आपदा से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। ये ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आकाशीय विद्युत (वज्रपात) के परिप्रेक्ष्य में सावधानियां हेतु उन्होने बताया कि पेड़ के नीचे खड़े न हों, दीवार के सहारे टेक लगाकर न खड़े हों, धातु युक्त नल, फ्रिज एवं विद्युत उपकरणों को न छुएं, धातु से बने छाते का प्रयोग न करें, घरों में चलने वाले भारी विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें, ।

## संक्षिप्त समाचार

### एलपीजी सिलेंडर की ब्लैकमेलिंग पर विवाद, मुकदमा दर्ज

बस्ती , 31 मई (तरुणमित्र)। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बरहपुर गांव निवासी पत्रकार लालू प्रसाद यादव पुत्र स्व. रामबरन यादव की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मालवीय रोड स्थित महादेव गैस एजेंसी के मैनेजर के विरुद्ध बीएनएस की धारा 352, 351 (2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित लालू प्रसाद यादव का कहना है कि वे एपीएन डिग्री कालेज के मैदान में एलपीजी लेने गये थे, जिसका मूल्य निर्धारित दर से ज्यादा लिया जा रहा था। आपत्ति करने पर मैनेजर द्वारा उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। मां बहन की भद्दी गालियां देते हुये गैस कनेक्शन को दूसरी एजेंसी पर ट्रांसफर करने की धमकी दी गई। लालू प्रसाद ने कहा कि वे सार्वजनिक रूप से हुये अपमान से आहत हैं। ऐसे में एजेंसी के मैनेजर के खिलाफ कार्यवाही किया जाने की अपेक्षा रखते है।

### मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने दो दंपति के बीच कराया समझौता

बाराबंकी, 31 मई (तरुणमित्र)। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दो दम्पतियो को एक साथ रहने हेतु राजी किया गया। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु थानों द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में रविवार को पति-पत्नी के आपसी विवाद सम्बन्धी मामले में पति-पत्नी के विवाद की शिकायत प्राप्त हुई। थाना जैदपुर पुलिस में नियुक्त मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप एक दम्पति के दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए समझा कर आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया इसी क्रम में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना कुर्सी पुलिस द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप एक दम्पति को एक साथ रहने हेतु राजी किया गया। रविवार को पति-पत्नी के आपसी विवाद सम्बन्धी मामले में पति-पत्नी के विवाद की शिकायत प्राप्त हुई। थाना कुर्सी पुलिस में नियुक्त मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप एक दम्पति के दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए समझा कर आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

### 1200 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर, 31 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर प्राची सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) डॉ0 तेजवीर सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी जलालपुर के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जैतपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।30 मई 2026 को थाना जैतपुर पुलिस 8/20 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित अभियुक्त राजेश सिंह पुत्र स्व0 रामेश्वर सिंह, निवासी ग्राम कुकराभारी, थाना जैतपुर, जनपद अम्बेडकरनगर, उम्र करीब 55 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 1200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना जैतपुर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत है। अभियुक्त को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 कुंवर पाल सिंह, हे0का0 बृजेश यादव, पवन कुमार मिश्रा, का0 अभिषेक प्रताप सिंह, सौरभ पटेल, म0का0 रुचि पाल शामिल रहे।

### डॉ. प्रमोद कुमार बने सीएमओ , डॉ. कौस्तुभ कुमार सिंह नए जिला विद्यालय निरीक्षक

अंबेडकर नगर, 31 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार ने अंबेडकर नगर जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए दो महत्वपूर्ण पदों पर नए अधिकारियों की नियुक्ति की है। डॉ. प्रमोद कुमार को जिले का नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बनाया गया है, वहीं डॉ. कौस्तुभ कुमार सिंह को जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) का दायित्व सौंपा गया है।जानकारी के अनुसार, डॉ. प्रमोद कुमार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में लंबे अनुभव वाले चिकित्सक हैं। उनकी नियुक्ति के बाद जिले में चिकित्सा सुविधाओं, अस्पताल प्रबंधन, टीकाकरण कार्यक्रमों और स्वास्थ्य योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की उम्मीद जताई जा रही है। इसी क्रम में, डॉ. कौस्तुभ कुमार सिंह को शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण पद पर तैनात किया गया है। शैक्षिक योग्यता और प्रशासनिक अनुभव से समृद्ध डॉ. सिंह अब जिले के सभी सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों की निगरानी, गुणवत्ता सुधार, शिक्षक प्रबंधन और शिक्षा संबंधी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# रेलमेध यज्ञ 'सबका साथ सबका विकास'का मूर्त रूप

बाराबंकी, 31 मई (तरुणमित्र)। धर्मजागरण रेलमेध यज्ञ के माध्यम से सबको जल सहित मिष्ठान वितरित करने का अभियान चला रहा है, इस जल वितरण कार्यक्रम में न कोई छुआछूत की भावना है न ऊँच नीच की और ना ही निर्धन और धनवान होने से मतलब है। सभी धर्मसेवक इस प्रकार अपरिचित रेलयात्रियों को जल मिष्ठान वितरित कर रहे हैं जैसे कोई अपने घनिष्ठ सगे संबंधी को जल पिला रहा हो। इस प्रकार आप धर्मसेवक बंधु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सबका साथ सबका विकास की भावना को मूर्त रूप दे रहे हैं। यह विचार वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज वर्मा कक्का ने बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर अमित अवस्थी अधिवक्ता संयोजक, धर्मजागरण बाराबंकीधाम उ.प्र. द्वारा चलाए जा रहे जल वितरण कार्यक्रम में धर्मसेवकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।समाजसेवी पवन जैन ने धर्मसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रेलों में आप लोग जिस प्रकार से जल सहित मिष्ठान वितरण कर रहे हैं उससे क्षेत्रवाद,भाषावाद, जातिवाद,उत्तर दक्षिण, पूरब पश्चिम, जैसी कुत्सित मानसिकता का दमन हो रहा है यही राष्ट्रवाद है। इस अवसर पर आलोक सिंह, वेद तिवारी, इंद्रजीत सिंह, डॉ. मयंक दीक्षित, रितेश मिश्रा, शैलेंद्र श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, पवन मिश्रा, आशीष शरण गुप्ता, वरुण मिश्रा, योगेंद्र सिंह, प्रदीप नायर, राजेंद्र यादव, युगल किशोर दीक्षित, यतींद्र सिंह, विजय श्रीवास्तव, अभिषेक गौतम, मुनीश श्रीवास्तव, शिव शंकर वर्मा, त नरेंद्र त्रिपाठी, प्रताप सिंह आदि धर्म सेवक कार्यक्रम में उपस्थित रहे

## ट्रैक्टर ने युवक को रौंदा, मौत

फतेहपुर , 31 मई (तरुणमित्र)। सदर कोतवाली क्षेत्र के शांतीनगर जीटी रोड में रविवार की भोर पैदल जा रहे 35 वर्षीय युवक को पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के पीरनपुर मुहल्ला निवासी अब्दुल अजीज का पुत्र रईस रविवार की भोर लगभग पांच बजे पैदल टहलने निकला था। बताते हैं कि जब वह शांतीनगर एक निजी अस्पताल के सामने जीटी रोड पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने रौंद दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक भाग जाने में सफल रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई इस्माइल ने दी।

# प्रांतीय शिक्षा संवर्ग में पदोन्नति पर बीईओ संजय का भव्य स्वागत

सूरतगंज/बाराबंकी, 31 मई (तरुणमित्र)। प्रांतीय शिक्षा संवर्ग (पी0ई0एस0) पद पर पदोन्नति सूरतगंज के खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार का गत दिवस ब्लॉक संसाधन केंद्र पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।शिक्षकों ने उपस्थित होकर उन्हें फूल माला पहनाकर व बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया। और उन्हें नवीन पद पर पदोन्नति होने की बधाई दी।

कार्यालय के समस्त कार्मिकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां बाँटी ।शिक्षकों का लगातार कार्यालय में आकर बधाई देने का सिलसिला जारी रहा।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सूरतगंज के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष जयराज सिंह, बूटा के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद



इसराइल ( नादिम ) उच्च प्राथमिक विद्यालय सूरतगंज के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अजीत प्रताप सिंह, अध्यापक पवन कुमार सिंह कजियापुर, अमित कुमार रहटा, राजेश कुमार दौलतपुर, वरिष्ठ अध्यापक मदन पाल सिंह,एआरपी भूपेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक एम आई एस प्रदीप कुमार वर्मा, क्वालिटी कोऑर्डिनेटर शुभम श्रीवास्तव, कार्यालय सहायक अजय द्विवेदी, दिलीप कुमार मिश्रा, सतेंद्र बहादुर सिंह,अनिल कुमार, शिव प्रताप सिंह, जगदीश सिंह, अनिल कुमार वर्मा,अतुल कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# गलत खून चढ़ाने से 22 वर्षीय युवती की हालत नाजुक, हॉस्पिटल पर लापरवाही का आरोप

बाराबंकी, 31 मई (तरुणमित्र)। नगर कोतवाली क्षेत्र के आलापुर-सफीपुर मार्ग स्थित नंदलाल प्रभु देवी (NLPD) हॉस्पिटल में इलाज के दौरान कथित लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है।

गलत ब्लड चढ़ाए जाने के बाद 22 वर्षीय युवती नेहा की हालत बिगड़ गई और वह जिंदगी-मौत के बीच झूल रही है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं।सतरिख थाना क्षेत्र के भारागंज निवासी राजेश कुमार यादव 22 मई को अपनी बेटी नेहा को तेज बुखार और कमजोरी की शिकायत पर ठछढऊ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। ऑटो चालक राजेश ने बताया कि नेहा अपने पैरों पर चलकर अस्पताल आई थी। परिजनों के मुताबिक, जांच के बाद डॉक्टर जगदीश राय ने प्लेटलेट्स व खून की कमी बताकर तत्काल ब्लड चढ़ाने को कहा। आरोप है कि अस्पताल के ब्लड बैंक से ?4500 लेकर एक यूनिट खून चढ़ाया गया। खून चढ़ने के करीब दो घंटे बाद नेहा के पूरे शरीर पर फफोले पड़ गए और त्वचा जलने जैसी हो गई।

हालत बिगड़ने पर परिजनों ने बड़े अस्पताल रेफर करने की मांग की, लेकिन प्रबंधन ने ₹ठीक करके भेजनेंᵹ का भरोसा दिया।पिता राजेश यादव का कहना है कि इलाज में अब तक 50 हजार रुपये खर्च हो चुके हैं, मगर नेहा की हालत सुधरने के बजाय और बिगड़ गई। अब उसके मुंह से खून और बलगम आ रहा है। आरोप है कि हालत गंभीर होने पर अस्पताल संचालक ने हाथ खड़े कर दिए और लखनऊ के मेदांता या अपोलो ले जाने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर स्टाफ ने अभद्रता की।नेहा की बहन शालिनी ने आरोप लगाया कि इलाज करने वाले डॉक्टर जगदीश राय अस्थमा के डॉक्टर हैं और अस्पताल के स्थायी चिकित्सक भी नहीं हैं।

वह सिर्फ ऑन कॉल आते थे। शालिनी का कहना है कि अस्पताल में नेहा की बीमारी का कोई विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद ही नहीं था।मामले में डॉक्टर और प्रबंधन के बयान विरोधाभासी हैं। डॉक्टर जगदीश राय ने खुद को अस्पताल का स्थायी डॉक्टर बताया, जबकि हॉस्पिटल के एमडी ने कहा कि वह ऑन कॉल पर आते हैं। रेफर करने के सवाल पर डॉक्टर ने कहा कि सुधार की उम्मीद में रेफर नहीं किया, वहीं प्रबंधन का दावा है कि तीन दिन पहले से ही हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी जा रही थी। बयानों में विरोधाभास के बाद परिजनों के आरोपों को बल मिला है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार डॉक्टरों व अस्पताल प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस घटना ने निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली, ब्लड बैंक की जांच प्रक्रिया और मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल नेहा की हालत नाजुक बनी हुई है और मां बेसुध होकर बेटी के सिरहाने बैठी है।इस संबंध जब जिला मुख्य चिकित्साधिकारी से दूरभाष से बात किया गया।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

बाराबंकी, 31 मई (तरुणमित्र)। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज- 05 द्वितीय चरण के दृष्टिगत जनपद बाराबंकी पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूक किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज- 05ह्व द्वितीय चरण के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई।

महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन (1090) पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102). एम्बुलेन्स सेवा (108) जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

# अहिल्याबाई होलकर इतिहास के पन्नों में है अमर: डॉ. पीएल पुनिया

बाराबंकी, 31 मई (तरुणमित्र)। सांसद आवास ओबरी में अहिल्याबाई होलकर की जयन्ती पर पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान डॉ पी0एल0 पुनिया ने कहा कि,अहिल्याबाई होलकर राज घराने में नही जन्मी थी लेकिन नियत ने उन्हें इतिहास के पन्नों में अमर कर दिया और अपने पति वा ससुर मल्हार राव होलकर के निधन के बाद उन्होने मलवा की राजगद्दी की बागडोर सम्भाली और योग्य शासिका के रूप में उभरी। आज हम नारी सशक्तीकरण की बात करते है लेकिन अहिल्याबाई ने यह मंत्र सत्रहवीं सदी में ही दे दिया था। उन्होने अपना पूरा जीवन सशक्त नारी के रूप में जिया। तथा कश्मीर से कन्याकुमारी तक गुजरात से बंगाल तक सम्पूर्ण देश में मन्दिरों, तीर्थ स्थलों और धार्मिक संस्थाओं को पुनः जीवित करने का कार्य किया। धर्म कर्म भक्ति और नारी शक्ति कि प्रतीक राजमाता अहिल्याबाई होलकर इतिहास के पन्नों में हमेशा अमर रहेंगी। वही महादेवा के ग्राम अमराई के पृथ्वीपुरवा में अहिल्याबाई होलकर की जयंती के शुभ अवसर पर पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया ने चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि, अहिल्याबाई देश की उन महान नारियों में से थी जिन्होने कठिन परिस्थितियों जनता और समाज के हित में निर्णय लिया। उनका जीवन आज के नेताओं के लिये मार्गदर्शक है। आयोजक संतोष पाल ने कहा कि, उनके आदर्शों पर चलकर गरीबों, किसानो महिलाओं और वंचितों के हकों व सशक्तीकरण के लिये हम प्रतिबद्ध है।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित

बाराबंकी, 31 मई (तरुणमित्र)। शासन की मंशा के अनुरूप सीएचसी सिरौलीगौसपुर के तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जहां पर मरीजों की जांचें करके उनमें दवाओं का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कस्बा बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर सन्तोष कुमार शुक्ला फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्र वार्ड ब्वाय त्रिभुवन सिंह एल टी शुभम अवस्थी एस एम धीरेन्द्र वर्मा एनएम ज्योति यादव की मौजूदगी में 27 मरीजों की जांच कर के उनमें सर्दी जुकाम बुखार से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया।इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में डॉ अन्विता पांडे फार्मासिस्ट उमेश कुमार मिश्रा एस एल ए रामतीरथ गौतम वार्ड बॉय राजबहादुर की मौजूदगी में 32 मरीज देख कर के उनमें दवाओं का वितरण हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में डा0 संजय गुप्ता फार्मासिस्ट वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव वार्ड ब्वाय शिवाकान्त सिंह स्वास्थ्य सलाहकार अनूप कुमार जायसवाल पुरुष नर्स शैलेंद्र कुमार की मौजूदगी में 37 मरीज देखे गए।

# भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के 'मन की बात'

अंबेडकर नगर , 31 मई (तरुणमित्र)। माह के अन्तिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 134 वीं मन की बात कार्यक्रम को जनपद के सभी 23 मण्डलों के बूथों पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने सुना। भाजपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव के जनपद में प्रथम आगमन पर जिला कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री विनय पाण्डेय एवम् पूर्व मण्डल अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव ने स्वागत की तैयारी बैठक कर योजना रचना को अन्तिम रूप दिया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने टांडा विधान सभा क्षेत्र के सद्दरपुर मण्डल बूथ संख्या 14 सलेमपुर बूथ पर मन



की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के प्रति खुशी व्यक्त किया। कहा कि देश के अलग अलग हिस्सों में हमारे देश के लोग देशहित में, समाज हित में ऐसी अद्भुत चीजें कर रहे हैं।उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत एथलेटिक्स में देश की उपलब्धियों से किया। झारखण्ड के राँची में नैशनल सीनियर कॉम्पिटिशन में 800 एथलीटों ने देश भर से आकर हिस्सा लिया।गुरविंदर सिंह, विशाल टीके, तेजस्वीन शंकर, देव मीणा और कुलदीप कुमार के अलग अलग कैटेगरी में रिकॉर्ड बनाए जाने पर पर बधाई दिया। उन्होंने गोवा के अवकाश प्राप्त अध्यापक बालकृष्ण अइया के पानी की समस्या की समाधान के लिए पाइप लाइन बिछाने में निभाये महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना किया। कहा कि भारतीयों में खगोल विज्ञान को लेकर हमेशा विशेष आकर्षण रहा है। दिशा ज्ञान हो,पंचांग हो या हमारे पर्व - त्योहार इन सबका सम्बन्ध आकाश और तारों से रहा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम को जनपद 23 मण्डलों में 1522 बूथों पर 14 हजार 367 लोगों ने सुना।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में सराहा आकाश का पर्यावरण संरक्षण अभियान

बस्ती, 31 मई (तरुणमित्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण में उत्तर प्रदेश के बस्ती जनपद के युवा आकाश गुप्ता एवं उनकी टीम द्वारा मनोरमा नदी के संरक्षण और स्वच्छता के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना कर पूरे जनपद को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री द्वारा बस्ती का नाम लिए जाने के साथ ही जिले भर में उत्साह, गर्व और हर्ष का वातावरण बन गया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बस्ती के निवासी आकाश गुप्ता बचपन से मनोरमा नदी को स्वच्छ और जीवनदायिनी स्वरूप में देखते आए थे, लेकिन समय के साथ नदी में प्लास्टिक, जलकुंभी और अन्य कचरे का जमाव बढ़ता गया। इस स्थिति को देखकर उन्होंने शिकायत करने के बजाय स्वयं बदलाव का संकल्प लिया। शिकायत नहीं, शुरूआत को अपना मंत्र बनाकर उन्होंने अपने साथियों को जोड़ा और सीमित संसाधनों के बावजूद नदी को स्वच्छ बनाने का अभियान शुरू किया।प्रधानमंत्री ने बताया कि आकाश गुप्ता और उनकी टीम नियमित रूप से नदी में उतरकर जलकुंभी, प्लास्टिक तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को निकालती रही। कई बार एक ही दिन में 50 से 60 किलोग्राम तक कचरा नदी से बाहर निकाला गया। निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप मनोरमा नदी का एक बड़ा हिस्सा पुनः स्वच्छ एवं सुंदर दिखाई देने लगा। प्रधानमंत्री ने इस पहल को जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण और युवा शक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने आकाश गुप्ता एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए ।कहा कि उनका कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी है तथा यह सिद्ध करता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति से बड़े परिवर्तन संभव हैं।

## सेवानिवृत्त 3 पुलिस कर्मियों को एसपी ने दी विदाई

बाराबंकी, 31 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 03 पुलिसकर्मी को ससम्मान विदाई की गयी। जनपद बाराबंकी में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए रेडियो उ0नि0 विनोद कुमार दीक्षित, उ0नि0 ना0पु0 अरविन्द कुमार त्रिपाठी, उ0नि0 स0पु0 शमशुद्दीन अहमद को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा फूलमाला पहनाकर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंटकर ससम्मान विदाई दी गयी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

फतेहपुर/बाराबंकी, 31 मई (तरुणमित्र)। हिंदी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी कार्यक्रम एवं स्वर्गीय विजय राम जयसवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर फतेहपुर स्थित बाबा मैरिज लॉन में पत्रकारों की एक विशेष विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फतेहपुर सूरतगंज निंदूरा ब्लॉक तीनों ब्लॉक के युवा एवं वरिष्ठ पत्रकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली परंपरा वर्तमान चुनौतियों तथा पत्रकारों की सामाजिक जिम्मेदारियां पर विचार से चर्चा की एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता योगेंद्र प्रताप यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर हिंदी पत्रकारिता के इतिहास और उसके योगदान पर चर्चा के साथ की वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता ने देश की की स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर वर्तमान समय तक समाज



को जागरूकता बनाने एवं जन भावनाओं को कर देने और लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है पत्रकारिता समाज का दर्पण होने के साथ-साथ जन सरोकारों की आवाज भी है इसलिए पत्रकारों का दायित्व है कि वह निष्पक्षता सत्यता और निर्भीकता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें बैठक के दौरान वक्ताओं ने बदलते दौर में पत्रकारिता के सामने खड़ी चुनौतियों पर भी चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि तकनीक और सोशल मीडिया के विस्तार में समाचार पत्रों के प्रसार को आसान बनाया है लेकिन इसके साथ-साथ फर्जी खबरों और भ्रामक सूचनाओं का खतरा भी बड़ा है ऐसे समय में पत्रकारों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि वह तथ्यों की पुष्टि कर समाज तक सही जानकारी पहुंचाएं वक्ताओं ने पत्रकारिता के मूल मूल्य का बनाए रखना और युवा पत्रकारों को नैतिक पत्रकारिता के लिए प्रेरित करने पर बोल दिया इसके उपरांत हाल में ही दिवंगत हुए वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय विजय राम जायसवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करके गई उपस्थित सभी लोगों ने 2 मिनट मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की वक्ताओं ने स्वर्ग की विजय राम जयसवाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व कोई याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे समय पत्रकारिता जीवन में निष्पक्षता ईमानदारी और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई उनके द्वारा किए गए कार्य और पत्रकारिता के प्रति समर्पण भाव आने वाली पीढियां के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने रहेंगे कार्यक्रम में पत्रकार एकता संगठन की मजबूती तथा पत्रकार के हितों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी चर्चा हुई।

वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारों को अपने अधिकारों के साथ-साथ समाज और लोकतंत्र के प्रति अपने दायित्व की भी समझना होगा पत्रकारिता केवल एक पैसा नहीं बल्कि जन सेवा का माध्यम है जिसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाया जाना चाहिए कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद पाल व समाज सेवी डॉ अंजू चंद्र उपस्थिति रही इस अवसर पर वहां वरिष्ठ प्रकार डीके सिंह राजेश जायसवाल नालील निगम राजीव नयन तिवारी संतोष मिश्रा राम लक्ष्मण वीरेंद्र सिंह संजय शर्मा नीरज शर्मा सर्वेश श्रीवास्तव नसीम अहमद मोहम्मद फैसल सिद्दीकी है ।

# योगी के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाईयां छू रहा सहारनपुरः महापौर

सहारनपुर, 31 मई (तरुणमित्र)। नगर निगम द्वारा वार्ड 41 के शुगर मिल क्षेत्र में बनवायी जा रही तीन सड़कों के निर्माण कार्य का आज महापौर डॉ. अजय कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़कर एवं सड़क पर गेंती मारकर शुभारंभ किया। इन तीनों सड़कों पर लगभग 40 लाख रुपये की लागत आयेगी।

इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस सड़क निर्माण कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा जल निकासी की समस्या से भी काफी हद तक राहत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। महापौर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहारनपुर निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।



- वार्ड 41 में 40 लाख की लागत से बनने वाली तीन सड़कों का महापौर ने किया शुभारंभ

महापौर डॉ. अजय कुमार भाजपा नेताओं के साथ जैसे ही शुगर मिल क्षेत्र पहुंचे लोगों ने महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई व क्षेत्रीय पार्षद संजय सैनी को फूल मालाओं से लाद दिया। क्षेत्र के लोगों ने क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्यों को गति देने की उम्मीद जतायी। निगम अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाएगा ताकि क्षेत्रवासियों को इसका शीघ्र लाभ मिल सके। कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, महानगर उपाध्यक्ष संदीप रावत, मंडल महामंत्री रोहित, पूर्व सभासद राजेंद्र कुमार व कुक्कू वालिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकियू अराजनैतिक का धरना दूसरे दिन भी जारी

मुजफ्फरनगर, 31 मई (तरुणमित्र)। सदर तहसील में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल महासचिव विपिन त्यागी बरला व जानसठ तहसील अध्यक्ष अंकित जावला के नेतृत्व में भ्रस्टाचार के खिलाफ चल रहा धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी रहा जारी। यहां धरना प्रदर्शन कर रहे जानसठ तहसील अध्यक्ष अंकित जावला ने बताया कि सदर तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर चल रहा है। जिससे यहा पर तैनात कर्मचारी किसानों का लगातार शोषण कर रहे है।

उन्होंने अधिकारियों से पांच कर्मचारियों को सस्पेंड करने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक भ्रष्टाचार में लिप्त यह पांचों कर्मचारी सस्पेंड नहीं होते तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# भाई ने की बहन की गला रेत कर हत्या

मुजफ्फरनगर, 31 मई (तरुणमित्र)। पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार थाना शाहपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आदमपुर में एक भाई द्वारा अपनी बहन की गला रेत कर हत्या कर दी गयी है। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक, क्षेत्राधिकारी बुढाना गेजन्द्र पाल सिंह, थानाध्यक्ष शाहपुर गजेन्द्र सिंह मय पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतका का नाम अदीबा पुत्री शकील उर्फ वीर कुरैशी, उम्र लगभग 21 वर्ष है, जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आये कि अदीबा उपरोक्त किसी युवक से वार्ता करती थी जिससे नाराज होकर उसके भाई द्वारा अदीबा की हत्या कर दी गयी। घटनास्थल से फॉरेन्सिक टीम द्वारा साक्ष्य संकल्न की कार्यवाही की गयी है तथा शव को पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मृतका की माता से भी वार्ता की गयी है। थाना शाहपुर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया है, शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति पूर्णतः सामान्य है तथा स्थानीय पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# शहीद मेले में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ

हापुड़, 31 मई (तरुण मित्र)। शहीदों की स्मृति में नगर में चल रहे शहीद मेला के शहीद पंडाल में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देर रात तक चले कवि सम्मेलन में आए कवियों ने श्रोताओं की भरपूर तालियां बटोरी।

मैनपुरी से आए वीर रस के प्रख्यात कवि मनोज चौहान ने पढ़ा कभी लेखनी नहीं लिखेगी चाटुकारिता की परिभाषा। अक्षर अक्षर उगलेगा बस देश प्रेम की परिभाषा ।।

वीर रस के युवा कवि दो स्वदेश यादव ने पढ़ा ₹ बिना शहादत के आजादी कभी नहीं आ सकती थी। और चरखे से अंग्रेजों की फौज नहीं जा सकती थी ।जान हथेली पर रखकर जब वीरों ने हुंकार किया ।आजादी की दुल्हन ने आना तब ही स्वीकार किया।। श्रृंगार रस के सशक्त हस्ताक्षर मनोज वर्मा ने पढ़ा ₹ जिंदगी भर रहेगा ये मुझको गिला।

तू मुझे ना मिली मैं तुझे ना मिला।। पूछता हूं कभी खुद से ही मैं यही । जाने कब तक चलेगा




यही सिलसिला ।।

हास्य के मशहूर कवि डॉक्टर प्रतीक गुप्ता ने श्रोताओं को हंसते-हंसते लोटपोट कर दिया उन्होंने पढ़ा ₹घर जमीन दुकान भी दे दी खुश हो ना । भारत के सम्मान में दे दी खुश हो ना।। स्वर्ग द्वार तक खड़े शहीद बस यह पूछे। लो हमने अपनी जान भी दे दी खुश हो ना ।।

श्रृंगार की मशहूर कवित्री डॉक्टर ज्योति उपाध्याय ने पढ़ा कि श्री राम पधारे हैं घट घट के वासी हैं भगवान हमारे हैं घट घट के वासी हैं

वीर रस के ही मशहूर कवि अवनीत समर्थ ने अपनी कविता कुछ इस तरह पढ़ी ₹ इंच इंच धरती की हमने कीमत बड़ी चुकाई है। छोटे-छोटे मासूमों की हमने चिता उठाई है।। चरखा चरखा चरखा कहने वालों सुन लो। शीश दिए हैं सात लाख तब आजादी आई है।

आजादी का जय घोष करते हुए कवि वैभव शर्मा ने पढ़ा जब-जब भारत की धरती पर आक्रांताओं का तंत्र हुआ। नवयुवकों के प्राणों से यह भारत फिर स्वतंत्र हुआ।।

कवि सम्मेलन का संचालन वीर रस के युवा कवि विकास विजय सिंह त्यागी ने किया।

- समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशुतोष आजाद व लोकेश अग्रवाल ने कवियों को किया सम्मानित

मेला समिति की ओर से सभी आए हुए कवियों को पटका ओढ़ा कर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया मेला समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल (छावनी वाले) ने कहा कि हमारा देश हमेशा शहीदों का ऋणी रहेगा और यह मेला देश के सभी ज्ञात और अज्ञात शहीदों के नाम पर इसी तरह लगता रहेगा।

इस अवसर पर मेला के महामंत्री मुकुल कुमार त्यागी एडवोकेट,कोषाध्यक्ष आशुतोष आजाद, लोकेश अग्रवाल (छावनी वाले) सोनू बंसल मनोज, ज्ञानेंद्र त्यागी, चेतन प्रकाश अग्रवाल, योगेंद्र कुमार मुन्नू, उमेश उत्पल,मोहन तेजियान सहित मेला समिति के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बीएड परीक्षार्थी युवती की मौत, पिता घायल

अलीगढ़, 31 मई (तरुणमित्र)। अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवती की मौके पर ही मौत हो गई और उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथरस के हसायन थाना क्षेत्र के इटरनी गांव निवासी प्रेमकुमार शर्मा शनिवार की शाम करीब 7:30 बजे थाना रोरावर क्षेत्र में दिल्ली.कानपुर हाईवे पर वैलकम ढाबा के पास अपनी 22 वर्षीय बेटी दिव्यांशी के साथ अलीगढ़ आ रहे थे। दिव्यांशी रविवार सुबह अलीगढ़ में बीएड की परीक्षा देने वाली थी। वे मैलरोज बाईपास पर स्थित अपने भाई भूपेंद्र शर्मा के घर जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दिव्यांशी के शव को पोस्टमार्टम ग्रह भेज दिया और गंभीर रूप से घायल प्रेमकुमार शर्मा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## 1857 की क्रांति के गुमनाम नायकों को सम्मान दिलाने को उठी आवाज

इटावा, 31 मई (तरुणमित्र)। 1857 की क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जीता चमार, जंगली-मंगली भंगी और मारून सिंह लोधी जैसे वीर सेनानियों को इतिहास में उचित स्थान दिलाने के लिए चलाया गया एक माह का जनजागरण अभियान व्यापक जनसमर्थन के साथ संपन्न हुआ।

एक मई से 31 मई 2026 तक चले इस अभियान के दौरान चंबल फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने 65 गांवों का दौरा कर लोगों को इन क्रांतिकारियों के संघर्ष, बलिदान और योगदान के बारे में जानकारी दी। अभियान के दौरान लगभग 60 हजार लोगों तक पहुंच बनाई गई। गांवों में आयोजित चौपालों, जनसंवाद कार्यक्रमों, नुक्कड़ बैठकों और प्रत्यक्ष संपर्क अभियानों के माध्यम से लोगों को बताया गया कि 1857 की क्रांति केवल कुछ चर्चित नामों तक सीमित नहीं थी, बल्कि देश के अनेक स्थानीय वीरों ने भी उसमें महत्वपूर्ण



- 65 गांवों में चला जनजागरण अभियान, 60 हजार लोगों तक पहुंची मुहिम
- साढ़े तीन हजार लोगों ने हस्ताक्षर कर सम्मान की मांग का समर्थन किया
- मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा 18 मीटर लंबा हस्ताक्षरित समर्थन पत्र

योगदान दिया था। लोगों ने जीता चमार, जंगली-मंगली भंगी और मारून सिंह लोधी के इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# किशोरी की हत्याः सौतेले भाई व मामा ने दुपट्टे से घोंटा गला

मेरठ, 31 मई (तरुणमित्र)। लोहियानगर थाना क्षेत्र के हुमायूंनगर में शुक्रवार रात 17 साल की किशोरी सानिया की गला दबाकर हत्या कर शव नरहाड़ा गांव के बाग में फेंक दिया गया। शनिवार सुबह शव मिलने के बाद पुलिस ने किशोरी के जाकिर कॉलोनी निवासी मामा सरताज को गिरफ्तार कर लिया। सरताज ने प्रेम प्रसंग के शक में किशोरी के सौतले भाई सोएब के साथ मिलकर हत्या की थी। पुलिस आरोपी सोएब को तलाश रही है।

सीओ कोतवाली अभिषेक पटेल ने बताया कि शनिवार सुबह छह बजे पीआरवी के माध्यम से सूचना मिली कि नरहाड़ा स्थित आम के बाग में किशोरी का शव पड़ा हुआ है। सीओ व लोहिया नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। पुलिस टीम ने नरहाड़ा गांव की ओर आने-जाने वाले मार्गों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इससे आरोपियों की पहचान हुई।

- बाइक पर ले जाकर बाग में छिपाया शव

पुलिस ने किशोरी के पिता जावेद और जाकिर कॉलोनी निवासी मामा सरताज से पूछताछ की। सरताज ने कबूल किया कि जावेद की पहली पत्नी के बेटे सोएब के साथ मिलकर उसने शुक्रवार रात 11 बजे दुपट्टे से गला दबाकर हत्या की। इसके बाद रात लगभग तीन बजे और शव आम के बाग में झाड़ियों में छिपा दिया।

**दो महीने पहले मामा ने ली थी जिम्मेदारी**

सरताज ने पुलिस को बताया कि किशोरी के मोबाइल पर बात करने से पूरा परिवार परेशान था। दो महीने पहले वह बिना बताए कहीं चली गई थी। परिवार के लोगों ने उससे बोलना छोड़ दिया था। उस दौरान उसने किशोरी की जिम्मेदारी यह कहकर ली थी कि वह उसे समझा देगा। उसका कहना है कि इसके बाद भी वह मोबाइल पर बात और चैटिंग करती थी। इसी वजह से उन्होंने हत्या की। वारदात के दौरान जावेद अपनी पत्नी शाहजहां के साथ ससुराल गया था।

> किशोरी के हत्यारोपी मामा को गिरफ्तार कर लिया गया है। सौतले भाई की तलाश जारी है। उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वारदात में प्रयोग की गई बाइक और दुपट्टा बरामद कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 (1) व 238 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।
> **विनायक गोपाल भोसले, एसपी सिटी**

**किशोरी के पिता ने कीं दो शादियां**

सरताज ने बताया कि उसका बहनोई जावेद कारपेंटर है। जावेद ने दो शादियां की थीं। पहली पत्नी शबनम की प्रसव के दौरान मृत्यु हो गई थी। शबनम के बेटा सोएब और बेटी शबनूर हैं। बाद में जावेद ने सरताज की बहन शाहजहां से दूसरी शादी कर ली थी। शाहजहां पहले से शादीशुदा थी। पहले पति से उसका तलाक हो गया था। जावेद और शाहजहां के बड़ी बेटी सानिया और छोटी सोनम हुई थीं।

**पांच किमी दूर बाइक पर रखकर ले गए शव, ऐसे हुआ खुलासा**

आरोपियों ने हुमायूंनगर स्थित जावेद के घर में हत्या की। इसके बाद शव बाइक पर रखकर पांच किमी दूर नरहाड़ा गांव के बाग में ले गए। यहां झाड़ियों में शव फेंककर आरोपी भाग गए। किशोरी के गले पर निशान थे। आरोपियों ने हत्या से पहले उसे पीटा भी था। पुलिस ने 84 सीसीटीवी के फुटेज खंगाले। इसमें आरोपी शव ले जाते दिखे। बाइक जावेद की थी। सरताज बाइक चला रहा था।

## बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का डीएम ने किया निरीक्षण

अमरोहा, 31 मई (तरुणमित्र)। जनपद में आयोजित उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट डॉ. नितिन गौड़ ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन एवं अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के दौरान सतर्कता बरतने तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनपद प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चिकित्सकों ने निकाली जागरूकता रैली

सहारनपुर, 31 मई (तरुणमित्र)। इंडियन डेंटल एसोसिएशन के बैनर तले चिकित्सकों ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर द्वारा विशाल जन जागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया।

रैली का शुभारंभ इंडियन डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु गुप्ता और डॉ. पंकज खन्ना ने हरी झंडी दिखाकर किया जबकि डॉ0 शैलजा चटर्जी ने रैली का नेतृत्व किया।

रैली में सचिव डॉ हरमन प्रीत सिंह एवं कोषाध्यक्ष डॉ रमनदीप सिंह ने लोगों को तंबाकु पूरी तरह छोड़ने का संदेश दिया।

सभी दंत चिकित्कों ने समाज में एक सकारात्मक बदलाव की उम्मीद




और दृढ़ संकल्प के साथ 'स्वस्थ मुख, स्वस्थ जीवन' अभियान की शुरूआत की। डॉ पंकज खन्ना ने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनता को तंबाकू चबाने, सिगरट, बीड़ी आदि के सेवन से होने वाले जानलेवा नुकसानों के प्रति जागरूक करना था। इंडियन डेंटल एसोसिएशन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ऐसे सामाजिक अभियानों को निरंतर जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि रैली में डॉ विक्रांत, डॉ आशीष, डॉ पीयूश, डॉ अंजलि, डॉ समित, डॉ वैभव, डॉ अनुप्रिया, डॉ अवनीश, डॉ चारु, डॉ दिग्विजय, डॉ सुधीर तोमर, डॉ भरत, डॉ भावेश, डॉ सुमित सिंह, डॉ गौरव, डॉ वैशाली, श्रीमती हनी गुप्ता, डॉ अंकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

एटा, 31 मई (तरुणमित्र)। राष्ट्रीय हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (यूपी) के नेतृत्व में एटा में विचार गोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पत्रकार नेत्रपाल सिंह चैहान और समारोह संचालक पत्रकार विशनपाल सिंह चैहान एवं कार्यक्रम अध्यक्ष राजू आर्य के निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास, वर्तमान



चुनौतियों और लोकतंत्र में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने समाज को जागरूक करने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने में अहम योगदान दिया है। पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों और अतिथियों को राजू आर्य ने सम्मानित किया। कार्य के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गांधी, पूर्व सदस्य जिला पंचायत रंजीत यादव, डॉ. राकेश यादव, पंकज उपाध्याय एडवोकेट, डॉ. हरिशंकर शास्त्री, भाजपा नेता दुलारे सिंह भदौरिया, सपा नेता और फिल्म ऐक्टर राकेश राजपूत, अरुण दीक्षित, सुनील कुमार, डॉ. रविन यादव, पत्रकार महेश सोलंकी, पत्रकार राकेश कश्यप, सीमा वार्ष्णेय, पत्रकार अमित, शिवम सोलंकी, कौशल प्रताप सिंह, सचिन यादव पत्रकार, प्रवीण पाठक, सतेन्द्र सिंह, विनय, संदीप यादव, अखिलेश यादव, मोनू, गजेंद्र सिंह, सतेन्द्र प्रधान, वेद यादव, मनोज कुमार समेत आदि उपस्थित रहे।

## पेज 1 का शेष...

### सातवां वेतनमान अटका...

आरोपों के अनुसार शासन स्तर पर जानकारी मांगे जाने पर निदेशालय द्वारा कार्यालय पत्रांक 1099/स्थापना-शा./संविलीन, दिनांक 21 मई 2020 जारी कर 19 जनपदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से यह विवरण मांगा गया कि सातवां वेतनमान लागू होने पर कितना अतिरिक्त व्यय भार आएगा। कर्मचारियों का कहना है कि यह प्रक्रिया केवल पत्राचार तक सीमित रही और इसके आधार पर शासन को यह संदेश देने का प्रयास किया जाता रहा कि प्रकरण पर कार्रवाई जारी है। करीब दस माह पूर्व कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने लखनऊ स्थित सचिवालय पहुंचकर वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को अपनी व्यथा बताई। इसके बाद वित्त अनुभाग ने मानवीय आधार पर सातवें वेतनमान संबंधी पत्रावली पर कार्रवाई शुरू की। सूत्रों के अनुसार वित्त अनुभाग और वित्त नियंत्रक स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। हालांकि अंतिम निर्णय से पहले शासन ने मत्स्य निदेशालय से यह जानकारी मांगी है कि सातवें वेतनमान के क्रियान्वयन में विलंब किस स्तर पर हुआ और इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

बताया जाता है कि शासन द्वारा मांगी गई सूचना अभी तक पूरी तरह उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है। इस कारण सचिवालय को अनुस्मारक भी भेजना पड़ा। कर्मचारियों का आरोप है कि मामले को अनावश्यक रूप से लंबा खींचा जा रहा है और वास्तविक जिम्मेदारों को बचाने का प्रयास हो रहा है। दूसरी ओर यह भी चर्चा है कि पूरे प्रकरण की जिम्मेदारी निचले स्तर के कर्मचारियों या पटल प्रभारी पर डालने की कोशिश की जा सकती है।

फिलहाल मत्स्य निदेशालय में आईएएस अधिकारी धनलक्ष्मी महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में वर्षों से लंबित यह मामला निष्पक्ष ढंग से निस्तारित होगा। अब निगाहें शासन और निदेशालय की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं, क्योंकि सौ से अधिक परिवारों को सातवें वेतनमान, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों का इंतजार है। कर्मचारियों का कहना है कि देर से ही सही, लेकिन उन्हें विश्वास है कि अंततः न्याय की जीत होगी।

### बंगाल में बढ़ी राजनीतिक...

का कहना है कि लोकतांत्रिक विरोध और राजनीतिक प्रतिशोध के बीच की रेखा लगातार धुंधली होती जा रही है। दूसरी ओर भाजपा का कहना है कि कानून अपना काम कर रहा है और किसी भी व्यक्ति को कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि हाल के घटनाक्रम केवल अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं, बल्कि सत्ता परिवर्तन के बाद उभर रहे नए राजनीतिक समीकरणों का संकेत हैं। विपक्ष में पहुंची तृणमूल अपने नेताओं पर हो रही कार्रवाइयों को राजनीतिक बदले की भावना बता रही है, जबकि सत्ता पक्ष इन्हें कानून और प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा बता रहा है। फिलहाल बंगाल में राजनीतिक माहौल बेहद गर्म है। एक के बाद एक सामने आ रही घटनाओं ने राज्य की राजनीति को संघर्ष और टकराव के नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। आने वाले दिनों में इन मामलों की जांच और राजनीतिक प्रतिक्रियाएं यह तय करेंगी कि बंगाल की राजनीति संवाद की ओर बढ़ती है या फिर टकराव और तेज होता है।

### होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान...

यह बयान ऐसे समय सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी जहाजों पर लगाए गए अमेरिकी अवरोध हटाने की घोषणा की थी। हालांकि, जॉइंट मैरीटाइम इन्फॉर्मेशन सेंटर (जेएमआईसी) ने अपने ताजा नोटिस में कहा है कि ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी प्रतिबंध अब भी प्रभावी हैं। संस्था ने जहाज संचालकों को चेतावनी दी है कि यदि वे इन प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इसमें जहाजों को रोकना, निष्क्रिय करना या अन्य सैन्य कदम उठाना भी शामिल हो सकता है। इसी बीच, समुद्री रेडियो संचार की एक अन्य रिकॉर्डिंग में यह भी सामने आया कि एक अमेरिकी सैन्य विमान ने एक जहाज को तत्काल वापस लौटने का निर्देश दिया और कहा कि उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद अहम माने जाने वाले होर्मुज स्ट्रेट को लेकर बढ़ती यह तनातनी अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा बाजारों की चिंता बढ़ा सकती है।

### जनशक्ति से आगे...

आग्रह किया। खेलों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने रांची में आयोजित राष्ट्रीय वरिष्ठ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि लगभग 800 खिलाड़ियों की भागीदारी वाली इस प्रतियोगिता में चार राष्ट्रीय रिकॉर्ड टूटे। विशेष रूप से 100 मीटर दौड़ में दो दिनों के भीतर तीन बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड टूटना भारतीय एथलेटिक्स के तेजी से बढ़ते स्तर का प्रमाण है। उन्होंने गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, तेजस्विन शंकर, देव मीणा और अन्य खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर की पारंपरिक 'कलारी चीज' का भी उल्लेख किया और कहा कि स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयास आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत कर रहे हैं।

### जनरल कृष्णा स्वामीनाथन...

होगी कि भारतीय नौसेना ऑपरेशनल तैयारी और लड़ाई में असरदार होने का सबसे ऊंचा लेवल बनाए रखे, ताकि वह देश की सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा कर सके। उन्होंने नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन्स में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा कि भारतीय नौसेना संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जिस पर मेरा मुख्य फोकस होगा। भारतीय नौसेना को दुनिया में सबसे बेहतरीन प्रोफेशनल माना जाता है इसलिए सभी कर्मचारियों की भलाई, व्यावसायिक प्रदर्शन और व्यक्तिगत विकास मेरे लिए सबसे ज्यादा महत्व रखेंगे।' उन्होंने निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के लिए उनकी बहुत सराहनीय और शानदार सर्विस रही है और वे बहुत ही प्रभावी सीएनएस रहे हैं। उन्होंने अपने नेतृत्व में हर मोड़ पर नौसेना को अपने गाइडेंस और विजन का फायदा दिया है।

एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने भावुक होकर कहा कि मैं आज 27वें चीफ ऑफ नेवल स्टाफ के तौर पर बहुत विनम्रता, जिम्मेदारी, गर्व और आभार के साथ कमान संभाल रहा हूं। मैं नौसेना और देश की सेवा करने का यह मौका पाकर बहुत आभारी हूं। भारतीय नौसेना देश के हितों की रक्षा के लिए सतर्क रहती है और एक ऐसे क्षेत्रीय सुरक्षा माहौल में बहुत सक्रिय रूप से तैनात है, जो अभी भी चुनौतीपूर्ण, जटिल, अप्रत्याशित और अनिश्चित बना हुआ है। भारतीय नौसेना अपनी क्षमता बढ़ाने और स्वदेशीकरण के रास्ते पर अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। मेरी कोशिश होगी कि नौसेना की ग्रोथ की रफ्तार को बनाए रखा जाए और उभरती हुई तकनीक को शामिल करके हमारी ऑपरेशनल क्षमताओं को बेहतर बनाया जाए।'

### नए सीडीएस जनरल...

स्वदेशी हथियारों का विकास करके उन्हें सेवा में तेजी से शामिल करेंगे। सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा,'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का चार्ज संभालकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। आर्म्ड फोर्सेज पर दिखाए गए भरोसे के लिए हम देश के आभारी हैं। सोच और काम में इनोवेशन हमारी काबिलियत को बढ़ाएगा। मिलिट्री, इंडस्ट्री, एकेडेमिया, स्टार्टअप्स और रिसर्च इकोसिस्टम के बीच ज्यादा सहयोग मॉडर्नाईजेशन के लिए मुख्य वजह होगा। हमारे सशस्त्र बलों ने हमारे देश के हितों की रक्षा करने में लगातार व्यावसायिकता और परिचालन फैसले लेने की क्षमता दिखाई है। हम अपने देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

### सूर्या हत्याकांड का...

रुकने का संकेत दिया, लेकिन उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें असद गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मुठभेड़ के दौरान उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जबकि एक पुलिस कॉन्स्टेबल भी घायल हुआ है। मौके से पुलिस ने एक पिस्टल और बाइक बरामद की है। गौरतलब है कि खोड़ा निवासी 17 वर्षीय सूर्या चौहान पर बकरीद के दिन चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल सूर्या की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि आठ महीने पुराने विवाद को लेकर असद ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। इस हत्याकांड के बाद गाजियाबाद में भारी आक्रोश देखने को मिला था। परिजनों और विभिन्न संगठनों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस का कहना है कि फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पेट्रोल, डीजल और...

गया था, जबकि डीजल पर शुल्क 16.5 रुपये प्रति लीटर निर्धारित किया गया था। अब नई समीक्षा में इन दरों को और कम किया गया है। पिछले दो महीनों के दौरान डीजल और एटीएफ पर लगने वाले शुल्क में कई बार बदलाव किए गए हैं। मार्च में डीजल पर शुल्क 21.50 रुपये प्रति लीटर था, जिसे बाद में बढ़ाकर 55.5 रुपये तक किया गया। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से इसमें कटौती की गई। इसी प्रकार एटीएफ पर भी पहले बढ़ोतरी और फिर कमी की गई है।

संस्थापक-स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित व 120/18 बेलदारी लेन लालबाग लखनऊ से प्रकाशित। संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा *। फोन-0522-4067598, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25
Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# 90 बार पेपर लीक हो चुका, बीजेपी सरकार न बनाये शतक: कांग्रेस

## पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस के यूथ विंग, महिला मोर्चा व सेवा दल टीम ने निकाला मशाल जुलूस

**कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय से निकालकर मुख्यमंत्री आवास की तरफ जा रहे थे**



**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** यूपी कांग्रेस की टीम ने रविवार को आये दिन पेपर लीक होने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस के यूथ विंग, महिला मोर्चा और सेवा दल के पदाधिकारियों ने मशाल जुलूस निकाला। पार्टी कार्यालय से जुलूस शुरू हुआ।

पुलिस ने बैरिकेडिंग करके उन्हें रोकने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और साफ तौर पर प्रधान के इस्तीफे की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बार-बार पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने से छात्र मानसिक रूप से परेशान हो चुके हैं। हालांकि कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर पुलिस पहले से ही अलर्ट हो गई। कांग्रेस मुख्यालय के तीनों रास्तों पर बड़ी संख्या में लोकल पुलिस के अलावा पीएसी के जवान पहले से ही तैनात किए गए। कार्यकताओं को रोकने के लिए ट्रिपल लेयर बैरिकेडिंग लगाई गई। प्रदर्शनकारी जैसे ही पार्टी मुख्यालय से निकले, पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की।

इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में नोकझोंक हुई। कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय से निकालकर मुख्यमंत्री आवास की तरफ जाने की कोशिश कर रहे थे। प्रदर्शन कारियों की अगुवाईकर रहे पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने मीडिया से कहा कि पेपर लीक के खिलाफ हम लोग आज मशाल जुलूस निकल रहे हैं। हम लोगों को बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया है। जिस तरह से महंगाई में पेट्रोल, डीजल और तमाम चीजों का शतक बन चुका है, इस तरह से अब पेपर लीक में यह सरकार शतक ना बनाएं, क्योंकि अब तक 90 बार पेपर लीक हो चुका है, जोकि सेंचुरी तक पहुंचाने के कगार पर है। तमाम व्यवस्थाओं के बाद भी यह सरकार पेपर लीक नहीं रोक पाती है। सरकार नौजवानों और विपक्ष को विरोध प्रदर्शन करने से रोकती है।

## अर्जक संघ का 59वां स्थापना दिवस समारोह मनाया

**लखनऊ।** रविवार को लखनऊ के गांधी भवन के करन भाई सभागार में अर्जक संघ का 59वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर तमिलनाडु सरकार के आंतरिक मामलों के सचिव जी.करूणानिधि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पेरियार ई.वी. रामास्वामी नायकर के आत्मसम्मान आंदोलन के 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस आंदोलन के सामानांतर उत्तर भारत में अर्जक संघ ने महत्वपूर्ण काम किया है। उन्होंने कहा कि आज सामाजिक व सांस्कृतिक कारणों से देश की बड़ी तादाद वाली आबादी को विभिन्न मानकों पर दोयम दर्जे की जिंदगी को जीने को मजबूर हैं। प्रसिद्ध लेखक विद्या भूषण रावत ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अम्बेडकर और पेरियार की मानवतावादी विमर्श को समाज में उतारने में अर्जक संघ का महत्वपूर्ण योगदान है। चित्रकार और संस्कृतिकर्मी डा.लाल रत्नाकर ने कहा कि अर्जक संघ ने सांस्कृतिक वर्चस्ववाद के खिलाफ क्रांतिकारी चुनौती दी।





फैजाबाद रोड कमता चौराहे पर ग्यारह डग्गामार वाहनों को टीएसआई रविंद्र सिंह ने किया सीज। छाया: तरूणमित्र

## चार साल बाद यूपी को मिला स्थाई डीजीपी, सीएम से की मुलाकात



**◆ राजीव कृष्ण बने यूपी के स्थाई डीजीपी, सरकार ने जारी किया आदेश**

**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** रविवार लगभग 4 साल के बाद यूपी को स्थाई डीजीपी मिल गया है। मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण को ही स्थाई डीजीपी बना दिया गया है।रविवार यूपी सरकार की तरफ से एसीएस संजय प्रसाद ने इसका आदेश जारी किया। शाम करीब साढ़े 6 बजे डीजीपी राजीव कृष्ण सीएम योगी से मिलने पहुंचे। इस दौरान दोनों के बीच कई मसलों पर चर्चा हुई।

यूपीएससी की गाइडलाइन और सुप्रीम कोर्ट के नियमों के मुताबिक, राजीव कृष्ण कम से कम दो साल तक यूपी के डीजीपी रहेंगे। वह 1 जून, 2025 से कार्यवाहक डीजीपी की कमान संभाल रहे हैं। दरअसल, यूपी सरकार ने परमानेंट डीजीपी को लेकर संघ लोकसेवा आयोग को 19 आईपीएस के नाम भेजे थे। इसे लेकर 26 मई को दिल्ली में आयोग की बैठक हुई थी। इसमें यूपी के मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद भी शामिल हुए थे। बैठक में रेणुका मिश्रा, पीयूष आनंद और राजीव कृष्ण का नाम डीजीपी के पैनल के लिए फाइनल किए गए थे। इसके बाद आयोग ने तीनों के नाम यूपी सरकार को भेज दिए थे। राजीव कृष्ण 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

मूलरूप से नोएडा के रहने वाले राजीव कृष्ण का जन्म 26 जून, 1969 को हुआ था। वह ऐसे घराने से संबंध रखते हैं, जहां एक दो नहीं 6 से ज्यादा अफसर हैं। उनकी पत्नी क्रम्र अफसर हैं। मौजूदा समय में नोएडा में उइउळ में डिप्टी सेक्रेटरी हैं। 1991 में आईपीएस बनने के बाद राजीव कृष्ण की पहली तैनाती प्रशिक्षु आईपीएस के रूप में इलाहाबाद में हुई थी। इसके बाद बरेली, कानपुर, अलीगढ़ में एएसपी के तौर पर तैनात रहे।

## राजस्व प्रशासन के तीन अहम पदों पर महिला आईएएस तैनात



**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में महिला सशक्तीकरण का एक और महत्वपूर्ण उदाहरण पेश किया है। प्रदेश के राजस्व प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में अब महिला अधिकारियों की मजबूत उपस्थिति देखने को मिल रही है। सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अर्चना अग्रवाल को राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जबकि प्रमुख सचिव राजस्व की जिम्मेदारी पहले से आईएएस अपर्णा यू संभाल रही हैं।

राजस्व परिषद में सचिव एवं आयुक्त स्तर की जिम्मेदारी आईएएस कंचन वर्मा के पास है। 1990 बैच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अर्चना अग्रवाल वर्तमान में अपर मुख्य सचिव परिवहन विभाग तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। अब उन्हें राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासनिक क्षेत्र में लंबे अनुभव और विभिन्न विभागों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के कारण उन्हें प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक राजस्व परिषद की कमान दी गई है। राजस्व विभाग की प्रशासनिक और नीतिगत जिम्मेदारी पहले से 2001 बैच की आईएएस अधिकारी अपर्णा यू के पास है। उन्हें इसी वर्ष प्रमुख सचिव राजस्व बनाया गया था। राजस्व विभाग प्रदेश में भूमि, राजस्व प्रशासन, भू-अभिलेख, अधिग्रहण और संबंधित नीतिगत मामलों का प्रमुख विभाग है।

## चारबाग पर आज सुबह 11 से शाम 5 बजे तक नहीं आ सकेगी कोई ट्रेन




**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन पर कॉनकोर्स निर्माण कार्य के चलते दो दिनों तक 6-6 घंटे का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया गया है। इस दौरान कुल 74 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। इनमें 19 ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है, जो अब चारबाग रेलवे जंक्शन नहीं आएंगी, जबकि 55 ट्रेनों के प्लेटफॉर्म में बदलाव किया गया है।

गौरतलब हो कि गत 29 मई को चारबाग स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर सुबह के समय अचानक टिन शेड गिरने की घटना के बाद रेलवे ने यह कदम उठाया है।

जानकारी के तहत गत 31 मई और 1 जून को चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 5 पर सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कोई ट्रेन नहीं आ सकेगी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर 23 जून तक पूरी तरह ट्रेनों का संचालन बंद रहेगा, जबकि प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर प्रतिदिन 6 घंटे का आंशिक ब्लॉक रहेगा।

रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि असुविधा से बचने के लिए यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों की लाइव स्थिति और सही प्लेटफॉर्म की जानकारी अवश्य जांच लें। उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि यात्री सुविधाओं के मद्देनजर यह जानकारी रेलवे की वेबसाइट, एनटीइएस ऐप और हेल्पलाइन नंबर 139 के माध्यम से ली की जा सकती है।




मद्य निषेध विभाग ने अशोक मार्ग से महात्मा गांधी की प्रतिमा तक विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली। छाया: तरूणमित्र

## यूपी में बढ़ी मनोज सिन्हा की सक्रियता, हलचल तेज

### संजय सेठ, दिनेश शर्मा एवं भूपेद्र चौधरी से भी हाल में हुई थी भेंट

**◆ गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी से मुलाकात, दस दिनों में दो बार पहुंचे गांव**

राजेश सिंह



**लखनऊ, 31 मई (तरुणमित्र)।** देश के सबसे बड़े सूबे यूपी में मिशन 2027 को लेकर सियासी मुद्दे इन दिनों तैरने लगे हैं। इन दिनों कई मुद्दों को लेकर पक्ष एवं विपक्ष में तीखी बहस एवं उत्तेजित बयानों का सिलसिला जारी है। इसी बीच जम्मू काश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी की मुलाकात को लेकर सियासी हलचल तेज हो गयी है। जानकारों का कहना है कि दिल्ली एवं लखनऊ के बीच सब कुछ ठीक नहीं है।

मनोज सिन्हा मूलरुप से गाजीपुर के रहने वाले है। गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी उनके घुर विरोधी माने जाते रहे हैं। कई बार दोनों लोगों ने आमने सामने चुनाव लड़ा। हाल में इन दोनों नेताओं की मुलाकात श्रीनगर के जनभवन में हुई। इस दौरान दोनों नेताओं की मुस्कराते हुए फोटो भी वायरल हो रही है। इससे हलचल बढ़ गयी है। कुछ लोग इसे नये समीकरण की शुरूआत तो कुछ सांसद के नाते भ्रमण कार्यक्रम के तहत इस मुलाकात बता रहे हैं। इससे पूर्व मनोज सिन्हा की लखनऊ में सांसद संजय सेठ के आवास पर भाजपा के निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, सांसद डॉ दिनेश शर्मा सहित कई नेताओं से मुलाकात हो चुकी है।

इसके अलावा वह दस दिनों में दो बार अपने पैतृक गांव मोहानपुरा आ चुके हैं। हालाकि वह एक बार यहां पर आयोजित एक कथा कार्यक्रम में शामिल हुए थे। मनोज सिन्हा की छवि एक बेहतर परफारमेंस नेता के रुप में है। वह बीएचयू से अध्यक्ष रहने के बाद वह राजनीति में आये। वह गाजीपुर से ही कई बार सांसद एवं केन्द्र सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। 2017 में यूपी के मुख्यमंत्री बनते बनते रह गये, जिसके भी कई कारण बताये जाते हैं। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करीबी एवं भरोसेमंद नेताओं में से एक है। इसीलिए उन्हें जम्मू काश्मीर का उप राज्यपाल बनाया गया। उन्होंने यहां पर 100 दिनों का नशामुक्त अभियान चलाया जिसमें स्वयं कई पदयात्राओं तक में शामिल हुए। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर उनका पुर्नवास तथा कारोबार में लिप्त लोगों पर कानूनी कार्रवाई करना शामिल है। इस अभियान की सराहना कई मंचों से भाजपा नेताओं द्वारा की जा चुकी है।

सवाल यह है कि मनोज सिन्हा की यूपी में बढ़ती सक्रियता के पीछे क्या कारण है यह तो भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन चचाएं तेज हो गयी है। वहीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अशोक पाण्डेय का कहना है कि लोकसभा अध्यक्ष हर विभाग की कमेटिंया गठित करता है जिसमें सांसदों को शामिल किया जाता है। यह समिति अपनी रिपोर्ट संसद में पेश करती है। इसी कड़ी में गाजीपुर सांसद जम्मू काश्मीर गये होंगे और उनकी मुलाकात उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से हो गयी। वहीं सपा महासचिव राम गोविंद चौधरी का कहना है कि भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है दोनों इंजनों की टकराहट बढ़ रही है।


